**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.4 | 23.6 |
| डालटनगंज | 29.0 | 24.5 |
| धनबाद | 32.3 | 26.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, सोमवार 04 अगस्त 2025 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 10, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 118 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12



## सांसद रविकिशन तो समोसे के साइज पर ही अटक गये

आनंद सिंह

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से सांसद रविकिशन इन दिनों चर्चा में हैं. चर्चा में इसलिए हैं क्योंकि लोकसभा में उन्होंने सवाल पूछा और इस बात पर दुख जाहिर किया कि गोरखपुर समेत देश भर में समोसे का साइज एक जैसा क्यों नहीं है! उनका यह सवाल वायरल हुआ. उनका वीडियो आपके मोबाइल पर भी तैर रहा होगा. बुद्धिजीवी वर्ग में इस बात पर चर्चा हो रही है कि रविकिशन ने पूछा भी तो क्या पूछा? क्या संसद में समोसे पर सवाल पूछने का कोई औचित्य है या फिर एक बड़े गंभीर मुद्दे को उन्होंने बेहद हल्का बना दिया?



दरअसल, वह हर वक्त 'हर हर महादेव' और 'ॐ नमः पार्वती पतये हर हर महादेव' कहते रहते हैं. उनकी आस्था अपनी जगह है, सांसदी अपनी जगह. उनके अधिकांश वीडियो में आप इस मंत्र का उच्चारण अवश्य सुनेंगे. इसमें कोई बुराई नहीं है. लेकिन आप जनता की समस्या को दूर करने के लिए भी तो कुछ जतन करेंगे या यूं ही बाबा का नाम लेते रहेंगे, हर हर महादेव करते रहेंगे?

वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार सिंह कहते हैं कि रविकिशन हों या राहुल गांधी, दोनों में एक समानता है. दोनों पढ़े-लिखे हैं लेकिन दोनों किसी भी भारी-भरकम मुद्दे को अपनी प्रस्तुति से बेहद असरहीन कर देते हैं. रविकिशन ने जैसे समोसा का मुद्दा उठाया तो वह उसकी साइज पर ही जाकर अटक गये. समोसा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, लाभदायक है, एसिडिटी बढ़ाने वाला है या इसको खाने से चर्बी पर क्या असर पड़ता है, इसमें प्रयुक्त होने वाले तेल की गुणवत्ता कैसे होती है, इन तथ्यों पर शोध करके आम जनमानस से जुड़ा अगर वह कोई सवाल उठाते तो जनता में एक अच्छा मैसेज जाता, एक गंभीरता रहती. वह तो सीधे उसके साइज पर चले गये. उनके घर में ही जो रोटी बनती होगी, पराठा बनता होगा, पूड़ी या भटूरे बनते होंगे, वो उनकी पड़ोसी के घर में बनने वाले रोटी, पराठे, पूड़ी और भटूरे से भिन्न होती होगी. तो यह हर आदमी के ऊपर निर्भर करता है कि उसे किस साइज की कौन सी सामग्री खानी है. रही बात समोसे की तो मैं भी पूर्वांचली हूं. कहीं एक साइज का समोसा नहीं बनता क्योंकि समोसे का साइज बाजार के उपभोक्ता तय करते हैं. उसके साइज पर सवाल खड़ा करके एक बड़े मुद्दे को बेहद छोटा बना दिया रविकिशन ने क्योंकि उस पर शोध नहीं किया गया.



वरिष्ठ पत्रकार और अधिवक्ता रत्नाकर सिंह



वरिष्ठ पत्रकार व केमिकल इंजी. आशुतोष मिश्रा

गोरखपुर के वरिष्ठ पत्रकार और अधिवक्ता रत्नाकर सिंह कहते हैं- गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला द्वारा संसद के जीरो ऑवर के महत्वपूर्ण और बहुमूल्य समय पर दाल-तड़का और समोसे की साइज पर प्रश्न करने से गोरखपुर के लोग बहुत ज्यादा अचंभित नहीं है क्योंकि संसद सदस्य के दो सत्रों में भी रवि किशन जी अपनी एक गंभीर छवि नहीं बना पाए हैं. शायद यही कारण है कि हर मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी माहौल को हल्का करने के लिए उनके साथ हास्य की छेड़खानी किया करते हैं. उनकी इसी छवि के आगे उनके द्वारा किए गए कुछ अच्छे काम भी चर्चा का सबब नहीं बन पाते हैं.

वरिष्ठ पत्रकार और केमिकल इंजीनियर आशुतोष मिश्रा बताते हैं- इस सिक्के के दो पहलू हैं. पहले पहलू में आप मान सकते हैं कि संसद देश के गंभीर मुद्दों जैसे बेरोज़गारी, महंगाई, कृषि संकट, शिक्षा और स्वास्थ्य आदि पर गहन चर्चा का सर्वोच्च मंच है. ऐसे में गोरखपुर के सांसद रवि किशन का "समोसे के आकार" पर सवाल उठाना, भले ही स्थानीय संस्कृति या उपभोक्ता अधिकार के संदर्भ में हो, लेकिन यह प्राथमिकता सूची में अत्यंत गौण विषय प्रतीत होता है. जनता अपने जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा करती है कि वे समय और संसदीय मंच का उपयोग राष्ट्रहित के ज्वलंत प्रश्नों के समाधान हेतु करें. ऐसे प्रश्न संसद की गरिमा और गंभीरता को कमज़ोर कर सकते हैं. दूसरा दृष्टिकोण यह है कि सांसद रवि किशन द्वारा "समोसे के आकार" का मुद्दा उठाना, उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा और आमजन के दैनिक जीवन से जुड़े सूक्ष्म किंतु सार्थक विषयों को संसद के उच्च मंच पर स्थान देने का एक प्रतीकात्मक प्रयास माना जा सकता है. यह संकेत देता है कि जनप्रतिनिधि केवल व्यापक नीतिगत या जटिल मसलों तक सीमित न रहकर, आम नागरिक की रोज़मर्रा की जरूरतों और अपेक्षाओं के प्रति भी सजग हैं. ऐसे प्रश्न, यद्यपि बेहद साधारण प्रतीत होते हैं, किंतु उचित मूल्य के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण वस्तु उपलब्ध कराने की अनिवार्यता और बाजार में पारदर्शिता की महत्ता को प्रभावी रूप से रेखांकित करते हैं.

अधिकांश अभिमत यही कहते हैं कि संसद में आम जन से जुड़े मुद्दों को ही उठाना चाहिए ताकि उसका असर आम जनता, जिसकी संख्या इस देश में 140 करोड़ से ज्यादा की हो चली है, पड़े. समोसे का मुद्दा निश्चित तौर पर कम महत्व का नहीं पर जब आप सिर्फ उसके साइज पर चले जाएंगे तो प्रदीप जी के शब्दों में "महत्वपूर्ण होकर भी कम महत्व" का मुद्दा बन जाएगा.

### ब्रीफ न्यूज

#### सांसद निशिकांत का मुंबई में स्वागत करेंगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि सूबे में मराठी के नाम पर मारपीट किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं करेंगे. उन्होंने कहा, अगर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे मुंबई आते हैं, तो उनका स्वागत करेंगे. सीएम ने कहा कि हमारी भाषा मराठी है. सभी को मराठी सीखना चाहिए. इसका यह अर्थ नहीं कि जिसे नहीं आती, उसकी पिटाई करें. उन्होंने निशिकांत दुबे और राज ठाकरे के व्यक्तव्य समुद्र में डूबो-डूबो कर मारेंगे पर भी नाराजगी जताई है.

#### शाह 8 को सीता मंदिर की रखेंगे आधारशिला

**पटना।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को सीतामढ़ी के पुपरी स्थित नागेश्वर स्थान पर कार्यक्रम में हिस्सा लिया और बिहारवासियों को माता सीता के बनने वाले मंदिर के शिलान्यास समारोह में आने का न्योता दिया. गिरिराज ने विपक्षी नेताओं पर निशाना भी साधा. गृह मंत्री अमित शाह 8 अगस्त को मंदिर का शिलान्यास करने वाले हैं. गिरिराज ने लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि मैं बिहारवासियों को शामिल होने का न्यौता देता हूं.

#### ग्रेनाइट खदान में चट्टान गिरने से 6 की मौत

**बापटला।** जिले की एक ग्रेनाइट खदान में रविवार सुबह अचानक चट्टानों के गिरने से ओडिशा के छह मजदूरों की मौत हो गई. हादसे में 10 मजदूर घायल भी हैं. घटना के बाद चार शव बरामद किए जा चुके हैं लेकिन दो शव पत्थरों के नीचे फंसे हैं. मुख्यमंत्री ने शोक जताते हुए जांच के आदेश दिए हैं. बल्लीकुरवा के पास सत्यकृष्ण ग्रेनाइट खदान में 16 मज़दूर काम कर रहे थे. तभी एक खदान ढहने से वहां काम कर रहे कई मजदूर पत्थरों के नीचे दब गए.

#### यूक्रेन के ड्रोन हमले से रूस का तेल डिपो राख

**मॉस्को।** रूस-यूक्रेन पिछले कुछ दिनों से एक-दूसरे पर भीषण ड्रोन और मिसाइल अटैक कर रहा है. इस बीच यूक्रेन ने रूसे के बड़े तेल डिपो को निशाना बनाया है. रूस अधिकारियों ने रविवार को बताया कि रूस के काला सागर स्थित रिसॉर्ट सोची में तेल डिपो पर यूक्रेन ने ड्रोन से हमला किया. क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंड्राटयेव ने बताया कि ड्रोन का मलबा गिरने से ईंधन टैंक में भीषण आग लग गई. आग को बुझाने के लिए 127 से अधिक दमकल कर्मी जुटे हुए हैं.

#### मां-बेटी ने करवाई कारोबारी की हत्या

**गुवाहाटी।** असम के डिब्रूगढ़ में एक खौफनाक घटना सामने आई है. पत्नी ने बेटी के साथ मिल कर पति को मार डाला. पति की हत्या के बाद ध्यान भटकने के लिए हत्या को डकैती में मारे जाने के तौर पर पेश किया, लेकिन मृतक के भाई को शक होने पर जब पुलिस ने जांच की तो साजिश का खुलासा हुआ. पुलिस ने कारोबारी पति की हत्या में पत्नी और बेटी समेत चार लोगों को अरेस्ट किया है. आशंका है कि सुपारी किलर से पति की हत्या को करवाई गई है.

**तैयारी:** ट्रंप जो कह रहे कहने दो, रूस से अभी भी तेल खरीद रहा भारत

## आयात रोकने पर फैसला नहीं

एजेंसियां। नयी दिल्ली

भारत अभी भी रूस से तेल खरीद रहा है. सरकार ने तेल कंपनियों को ऐसा करने से मना नहीं किया है. कुछ लोगों का कहना है कि भारत को अपनी ऊर्जा की जरूरतें पूरी करनी हैं. साथ ही, वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नाराज किए बिना रूस से संबंध बनाए रखना चाहता है.

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए नाम न छापने की शर्त पर लोगों ने बताया कि रूस से तेल आयात रोकने पर अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है. ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी और प्राइवेट, दोनों तरह की तेल कंपनियां अपनी पसंद के स्रोत से तेल खरीद सकती हैं. तेल खरीदना उनका अपना फैसला है. इधर, डोनाल्ड ट्रंप ने जब से दूसरी बार अमेरिका की कमान संभाली है, तब से भारत के कच्चे तेल के आयात में गजब का उछाल आया है. यानी कि अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के बाद से भारत ने अमेरिका से कच्चे तेल की अपनी खरीद को पहले के मुकाबले और भी ज्यादा बढ़ा दिया है, जो उर्जा की खरीद को लेकर भारत की रणनीति में हुए बदलाव की ओर इशारा करती है.

**ट्रंप ने जताई थी नाराजगी :** राष्ट्रपति ट्रंप ने बुधवार को भारत पर रूस से सैन्य उपकरण और ऊर्जा खरीदने के लिए नाराजगी जताई थी. उन्होंने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया और रूस के साथ घनिष्ठ संबंधों के लिए अतिरिक्त जुर्माना लगाने की धमकी भी दी. हालांकि, दो दिन बाद ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने 'सुना' है कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा, और इसे 'एक अच्छा कदम' बताया.

### अब आगे भारत का क्या होगा रुख

भारत का कहना है कि वह बाजार और कीमत के हिसाब से तेल खरीदता है. पिछले हफ्ते तेल कंपनियों को रूस के अलावा दूसरे देशों से तेल खरीदने की योजना बनाने के लिए कहा गया था. ब्लूमबर्ग को सूत्रों ने बताया कि सरकार ने सरकारी तेल कंपनियों से यह बताने को कहा है कि अगर रूस से तेल आना बंद हो जाए तो वे कहां से और कितना तेल खरीद सकते हैं. एक व्यक्ति ने कहा कि यह सिर्फ एक योजना है, ताकि अगर रूस से तेल न मिले तो कोई दिक्कत न हो. न्यूयॉर्क टाइम्स ने शनिवार को खबर दी कि भारत ट्रंप की धमकी के बावजूद रूस से तेल खरीदता रहेगा. उन्होंने इसके लिए दो भारतीय अधिकारियों का हवाला दिया, जिनके नाम नहीं बताए गए. यूरोपीय संघ और अमेरिका ने भारत की तेल कंपनियों को रूस से तेल खरीदने के लिए आलोचना की है. उनका कहना है कि भारत यूक्रेन युद्ध में रूस का समर्थन कर रहा है. भारत रूस से समुद्र के रास्ते तेल खरीदने वाला दुनिया का सबसे बड़ा देश बन गया है. वह सस्ते दामों पर तेल खरीद रहा है और उसने रूस से तेल का आयात लगभग शून्य से बढ़ाकर एक तिहाई कर दिया है.



**...तो भारत को पड़ेगा महंगा :** एक सूत्र ने बताया कि रूस से तेल खरीदना कम करने या बंद करने से भारत को खाड़ी देशों से तेल खरीदना पड़ेगा, जो महंगा होगा. भारत सरकार अपने आयात बिल को बढ़ाना नहीं चाहती है. सरकारी कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्प ने पिछले हफ्ते अमेरिका से कम से कम 50 लाख बैरल और अबू धाबी से 20 लाख बैरल तेल खरीदा. कंपनी आमतौर पर इतनी जल्दी और इतनी बड़ी मात्रा में तेल नहीं खरीदती है.

कनाडा के व्यवसायी ने ट्रंप को दी चेतावनी

### भारत से झगड़ा मोल न ले अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह भारत पर 25 फीसदी का हाई टैरिफ लगाने और रूस के साथ व्यापार करने पर अतिरिक्त दंडात्मक कार्रवाई की घोषणा की, जिससे पूरी दुनिया में हलचल मच गई. उन्होंने यह भी कहा कि मुझे परवाह नहीं भारत रूस के साथ क्या करता है. वे अपनी डेड इकोनॉमी को और गिरा सकते हैं. ट्रंप के इस बयान को लेकर कनाडाई बिजनेस टाईकून किर्क लुबिमोव का रिएक्शन आया है. टेस्टबेड कंपनी के चेयरमैन किर्क लुबिमोव ने ट्रंप की इस रणनीति की ट्विटर पर कड़ी आलोचना करते हुए लिखा, ट्रंप अब दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत से लड़ाई मोल ले रहे हैं. यह एक बड़ी भू-राजनीतिक भूल है. लुबिमोव का मानना है कि भारत का महत्व केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सप्लाई चेन में चीन के प्रभाव को संतुलित करने के लिए भी अत्यंत अहम है. उन्होंने ट्रंप को सुझाव दिया कि वह भारत को कील-हथौड़े से नियंत्रित करने की बजाय कनाडा और भारत के साथ सहयोग करें ताकि वैश्विक संसाधनों की पूर्ति संतुलित हो सके.



भाजपा सांसद मनोज तिवारी व गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे ने भी उठाई कांवर.

### सावन की अंतिम सोमवारी पर आज टूटेंगे सारे रिकॉर्ड

**अजगैवीनाथ (भागलपुर)।** जिले के सुल्तानगंज स्थित पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा घाट से रविवार को सावन के अंतिम सोमवारी को लेकर बिहार, झारखंड, नेपाल, बंगाल, छत्तीसगढ़ के लाखों कांवरिया एवं डाक बम मूसलाधार बारिश के बीच गंगा जल लेकर देवघर रवाना हुए. ये कांवरिए सोमवार को बाबाधाम में भगवान भोलेनाथ को जलार्पण करके अपनी मुराद मांगेंगे .लाखों कांवरियों एवं डाक बम ने मुसलाधार बारिश होने पर अजगैबीनाथ उत्तरवाहिनी गंगा में डुबकी लगाकर गंगा जल लेकर बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते हुए हर हर महादेव, बोल बम के जयकारों के साथ देवघर स्थित बैद्यनाथ धाम के लिए पैदल ही रवाना हुए.

### केंद्र सरकार आज संसद में लाएगी दो अहम बिल

**नयी दिल्ली।** मानसून सत्र के दौरान संसद में गतिरोध के बीच सरकार सोमवार को लोकसभा में दो अहम बिल-राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक और राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग (संशोधन) बिल को पारित कराने की कोशिश कर सकती है. विपक्ष की तरफ से बिहार में चल रहे एसआईआर पर चर्चा की मांग को सरकार की ओर से मंजूरी नहीं मिलने से संसद में हंगामा जारी है. विपक्ष सोमवार को भी अपने मुद्दे पर हंगामा कर सकता है. लेकिन सरकार अपना काम करती रहेगी.

### संसद में घमासान के बीच राष्ट्रपति से मिले प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की है. ये मीटिंग राष्ट्रपति भवन में हुई. मोदी ने राष्ट्रपति से ये मुलाकात ऐसे समय में की है, जब विपक्ष के हंगामे की वजह से संसद ठप है. बिहार में एसआईआर पर विपक्ष सवाल उठा रहा है. इसी मुद्दे पर संसद में चर्चा की मांग उठ रही, जिसके लिए सरकार तैयार नहीं. ऐसे में विपक्षी हंगामे के चलते संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल पा रही. हालांकि, मोदी और राष्ट्रपति के बीच मुलाकात किस वजह से हुई ये स्पष्ट नहीं है. राष्ट्रपति भवन के एक्स हैंडल से तस्वीर पोस्ट की गई है. इसमें लिखा है कि पीएम ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की. ये मुलाकात ऐसे समय में हुई, जब अगले उपराष्ट्रपति के चुनाव को लेकर प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है.

तेजस्वी यादव को चुनाव आयोग ने जारी किया नोटिस

## दो वोटर आईडी कार्ड पर मांगा जवाब

शुभम संदेश। पटना

चुनाव आयोग ने रविवार को राजद नेता तेजस्वी यादव को नोटिस भेजा. यह नोटिस इसलिए भेजा गया क्योंकि उनके पास कथित तौर पर दो अलग-अलग इपिक नंबर पाए गए. ये नंबर आरएबी0456228 व आरएबी 2916120 हैं. आयोग ने कहा कि इपिक नंबर आरएबी2916120, जिसका जिक्र तेजस्वी ने किया था, उसे जारी ही नहीं किया गया. आयोग ने उनसे कार्ड सौंपने को कहा है ताकि आगे जांच की जा सके.




आयोग ने नोटिस में कहा कि जांच में पता चला कि तेजस्वी यादव का नाम बिहार इंजीनियरिंग विवि के पुस्तकालय भवन में स्थित बूथ संख्या 124 के क्रम संख्या 416 पर दर्ज है. उनका इपिक नंबर आरएबी0456228 है. आयोग ने तेजस्वी से वह कार्ड भी मांगा है, जिसका जिक्र उन्होंने किया था.

### भाजपा ने कहा- यह पूरी तरह गैर कानूनी

भाजपा ने सबूत दिखाते हुए कहा कि तेजस्वी ने जो इपिक नंबर-आरएवी 0456228 विस चुनाव 2020 में था, वही अब 2025 में भी है. इससे पहला तथ्य ये सामने आता है कि जिस वोटर आईडी का दूसरा इपिक नंबर- आरएबी 2916120 उन्होंने दिखाया वह पूर्णतया फर्जी ढंग से लोगों को गुमराह करने के लिए बनाया गया है. क्या तेजस्वी यादव का नाम दो-दो जगह की मतदान सूची में है?

## राहुल के घर पर इंडिया ब्लॉक की बैठक 7 को

एजेंसियां। नयी दिल्ली

इंडिया गठबंधन की एक अहम बैठक 7 अगस्त को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आवास पर होगी. यह बैठक डिनर के दौरान होगी और इसमें कई मुद्दों पर चर्चा होगी. राहुल गांधी ने हाल ही में आरोप लगाया कि 2024 के लोकसभा चुनावों में करीब 70-80 सीटों पर धांधली हुई है. उन्होंने कहा कि मोदी बहुत मामूली बहुमत से जीते और यदि 15 सीटें भी सही तरीके से हुई होतीं, तो मोदी पीएम नहीं बन पाते. इसके साथ ही, बैठक में कई मुद्दे उठाए जा सकते हैं. जिसमें बिहार में एसआईआर, महाराष्ट्र में फर्जी वोटर जोड़ने का आरोप, ऑपरेशन सिंदूर, भारत-अमेरिका व्यापार समझौता और अमेरिकी राष्ट्रपति की तरफ से टैरिफ (शुल्क) धमकी शामिल है.



**क्या कह रही हैं विपक्षी पार्टियां :** शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा, चाहे वह पहलगाम आतंकवादी हमला हो या ऑपरेशन सिंदूर, सरकार जवाबदेही नहीं दिखा रही है. मोदी ने खुद कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, लेकिन वहीं दूसरी ओर सेना और सरकार के लोग क्रिकेट खेल रहे हैं - यह शहीदों का अपमान है.

**सीपीआई महासचिव डी राजा का बयान:** वहीं इसे लेकर सीपीआई के महासचिव डी. राजा ने कहा कि राहुल गांधी व्यक्तिगत रूप से नेताओं को फोन कर रहे हैं. हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अभी कोई ठोस एजेंडा तय नहीं हुआ है.

### कौन-कौन नेता होंगे शामिल

पिछली बैठक 19 जुलाई को वर्चुअल हुई थी, जिसमें 24 से ज्यादा दलों के नेता शामिल हुए थे, जिसमें एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार, आरजेडी नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, जम्मू-कश्मीर के मौजूदा मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे शामिल थे. इस बार फारूक अब्दुल्ला (नेशनल कॉन्फ्रेंस) ने भी पुष्टि की है कि वे बैठक में शामिल होंगे. उन्होंने कहा कि वे बिहार की एसआईआर प्रक्रिया पर चर्चा करेंगे, जिसे भाजपा-जेडीयू गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए उपयोग किया जा रहा है.

**मौके पर चौका :** भारत में बंद हुई गोरखा सैनिकों की भर्ती का इंग्लैंड ने उठाया फायदा

## ब्रिटेन में बनेगी नेपाली सैनिकों की नई रेजिमेंट

शुभम संदेश डेस्क

भारतीय सेना में नेपाल के गोरखा सैनिकों की भर्ती रुकने का इंग्लैंड फायदा उठाता दिख रहा है. ब्रिटिश आर्मी ने नेपाली मूल के गोरखा समुदाय के लिए नई गोरखा रेजीमेंट के गठन का ऐलान किया है. हालांकि, ब्रिटिश आर्मी में पहले से गोरखा रेजीमेंट है, लेकिन भारत में भर्ती बंद होने के बाद तोपखाने की नई रेजिमेंट बनाई जा रही है.

**भारतीय सेना में गोरखा युवाओं की भर्ती बंद :** अग्निवीर योजना के विरोध में नेपाल ने भारतीय सेना में गोरखा युवाओं की भर्ती बंद कर दी है. भारतीय सेना में गोरखा समुदाय की सात (07) रेजिमेंट हैं. इनमें नेपाल और भारतीय मूल के गोरखा युवा ही भर्ती हो सकते हैं, लेकिन अब रेजिमेंट में भारतीय मूल के ही गोरखा युवा हिस्सा ले रहे हैं.

**अग्निवीर योजना को बाद बदल गया नियम :** साल 2022 में भारतीय सेना में युवाओं की भर्ती को पूरी तरह बदल दिया गया था. नई प्रक्रिया के तहत, अब भारतीय सेना में अग्निपथ योजना को लागू कर दिया गया है. ऐसे में सैनिकों को पहले चार (04) साल सेना में अग्निवीर के तौर पर अपनी सेवाएं देनी होती है. चार साल की सेवाओं के बाद, अग्निवीरों की स्क्रूटनी की जाएगी और उनमें से महज 25 फीसदी ही सैनिक बनने के लिए चुने जाएंगे. बाकी अग्निवीरों को सेना छोड़कर एक आम नागरिक की तरह दूसरे सेवाओं या व्यवसाय करने का मौका दिया जाएगा.

### भारतीय सेना में 40 हजार गोरखा सैनिक हैं

नेपाल सरकार ने भारतीय सेना की अग्निपथ स्कीम का विरोध किया है. आजादी के बाद (1947) भारतीय सेना में नेपाल के गोरखा युवाओं की भर्ती का क्रम जारी था. इस समय भारतीय सेना की गोरखा सैनिकों की 07 अलग-अलग रेजिमेंट है (39 बटालियन). इनमें करीब 40 हजार गोरखा सैनिक हैं. जिनमें से करीब 60 फीसदी नेपाल मूल के सैनिक हैं, लेकिन पिछले तीन सालों से नेपाल के गोरखा सैनिकों की भर्ती लगभग बंद हो चुकी है.



### ब्रिटेन ने की नई गोरखा रेजिमेंट बनाने की घोषणा

ब्रिटिश आर्मी ने नई आर्टिलरी (तोपखाने) की नई गोरखा रेजिमेंट बनाने की घोषणा की है. इसके लिए इंग्लैंड के किंग ने अपनी अनुमति प्रदान कर दी है. ऐसे में इसे किंग्स गोरखा आर्टिलरी (केजीए) के नाम से जाना जाएगा. अगले चार साल में इंग्लैंड की केजीए रेजिमेंट में करीब 400 सैनिकों के भर्ती होने की संभावना है. केजीए के बैज में नेपाल की दो खुखरी को दिखाया गया है. साथ ही आर्टिलरी की एक तोप को भी दर्शाया गया है.

### झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह का निधन

**रांची।** वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह का रविवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया. इस बात की जानकारी उनके पुत्र पत्रकार राकेश सिंह ने सबसे पहले सोशल मीडिया के जरिए दी. इसके बाद शोक संवेदनाओं का तांता लग गया. स्व सिंह के पार्थिव शरीर का रविवार की ही शाम हरमू मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया. बता दें कि हरिनारायण सिंह ने रविवार से अपनी पत्रकारिता की शुरुआत की थी. उसके बाद रांची से प्रकाशित कई अखबारों में संपादक के तौर पर लंबी अवधि तक सेवाएं दीं. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विकास ने इन्हें इलेक्ट्रॉनिक चैनल में भी काम करने के अवसर दिए, जहां इन्होंने कई साल तक काम किया.



**गोंडा : पूजा से** पहले ही कहर बनकर टूटी मौत!

## भीषण हादसा में 11 की मौत

एजेंसी। अयोध्या

उत्तर प्रदेश के अयोध्या के करीब गोंडा जिले में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया. इटियाथोक थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक एसयूवी वाहन सरयू नहर में गिर गया, जिसमें सवार 15 में से 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए. सभी श्रद्धालु पृथ्वीनाथ मंदिर में पूजा करने जा रहे थे. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक बच्ची रोते हुए कह रही है – हम हंसते-खेलते जा रहे थे, पता नहीं अचानक क्या हो गया. हादसे के बाद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए.

**सीएम योगी ने जताया शोक, मुआवजे का ऐलान :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस भीषण दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा "जनपद गोंडा में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है. मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं. मुख्यमंत्री ने दिवंगतों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है. साथ ही, अधिकारियों को राहत कार्य तेज करने और घायलों को समुचित इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं. मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस बाबत जानकारी साझा की है.

**पुलिस का बयान :** गोंडा पुलिस ने पुष्टि की है कि दुर्घटना में जान गंवाने वालों की संख्या 11 है और 4 लोग अस्पताल में भर्ती हैं. प्रारंभिक जांच के अनुसार वाहन का संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हुआ. फिलहाल बचाव और राहत कार्य जारी है.

# इस बार 9 अगस्त को मनाया जाएगा रक्षाबंधन का त्योहार

शुभम संदेश। रांची

रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम, सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक होता है. यह पर्व हर साल श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है. इस साल रक्षाबंधन 9 अगस्त 2025, शनिवार को धूमधाम से मनाया जाएगा.

**रक्षाबंधनः तिथि और समय**

- पूर्णिमा तिथि प्रारंभः 8 अगस्त 2025, दोपहर 2:12 बजे
- पूर्णिमा तिथि समाप्तः 9 अगस्त 2025, दोपहर 1:24 बजे
- उदयातिथि के अनुसार पर्व की तिथिः 9 अगस्त 2025

**जानें शुभ मुहूर्त, पूजन विधि और भद्रा का समय**



- **भद्रा का प्रभाव रहेगा या नहीं :** ज्योतिषीय गणना के अनुसार, इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा नहीं लगेगी, जो कि एक शुभ संयोग है. भद्रा समाप्तिः 9 अगस्त 2025, तड़के 1:52 बजे, यानी भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए पूरा दिन शुभ रहेगा. यह खास अवसर 4 साल बाद आ रहा है, जब रक्षाबंधन पर भद्रा नहीं है.

**रक्षाबंधन पूजन विधि**

1. बहनें भाई को रोली और अक्षत से तिलक करें
2. दीपक जलाकर आरती उतारें
3. रक्षा सूत्र (राखी) बांधें
4. मिठाई खिलाकर लंबी उम्र और सफलता की कामना करें
5. भाई बहन को उपहार देकर अपना स्नेह और सम्मान प्रकट करता है.

रक्षाबंधन के दिन घर में खुशी का माहौल होता है. बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इस पर्व को बड़े हर्षोल्लास से मनाते हैं. यह दिन न केवल भाई-बहन के रिश्ते को मजबूती देता है, बल्कि पूरे परिवार में प्रेम और एकता का संदेश भी देता है.

**राखी बांधने का शुभ मुहूर्त 2025**

- शुभ मुहूर्त प्रारंभः सुबह 5.47 बजे
- शुभ मुहूर्त समाप्तः दोपहर 1.24 बजे
- कुल अवधिः 7 घंटे 37 मिनट

इस दौरान बहनें अपने भाइयों को राखी बांध सकती हैं. इसके अलावा, इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, श्रवण नक्षत्र और धनिष्ठा नक्षत्र जैसे शुभ योग बन रहे हैं, जो इसे और भी विशेष बनाते हैं.

## एक नजर

### इरफान अंसारी, केशव महतो, संजय यादव ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का हालचाल जाना



**रांची।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की तबीयत को लेकर दिल्ली स्थित अपोलो अस्पताल में रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और मंत्री संजय प्रसाद यादव ने अस्पताल पहुंच कर मंत्री सोरेन की स्वास्थ्य की जानकारी ली. उनका हालचाल जाना. बताया गया कि फिलहाल शिक्षा मंत्री की हालत गंभीर है, लेकिन तबियत स्थिर है. मंत्री इरफान अंसारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए यह जानकारी रविवार को दी है. बताया गया कि चिकित्सकों की टीम ने नेताओं को जानकारी दी कि मंत्री रामदास सोरेन की तबियत फिलहाल स्थिर बनी हुई है. नेताओं ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि ईश्वर की कृपा, चिकित्सकों की सतत सेवा और झारखंड की जनता की दुआओं से मंत्री सोरेन जल्द ही स्वस्थ होंगे.

### मुख्यमंत्री हेमंत ने रामदास सोरेन का हाल जाना



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को दिल्ली अपोलो अस्पताल में भर्ती राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का हाल-चाल लिया. उन्होंने डॉक्टरों से भी काफी देर तक बातचीत करके स्थिति को समझने की कोशिश की. मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर फोटो डाल कर लिखा- झारखंड आंदोलन के अग्रणी योद्धा रहे हैं, आदरणीय रामदास दा. संघर्ष कर उन्होंने हमेशा हर चुनौती को मात दी है, इस बार फिर वह विजयी होंगे. मरांग बुरु अपने इस लाल को शक्ति और साहस दे. रविवार को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में इलाजरत रामदास दा का उपस्थित डॉक्टर्स से हालचाल जाना. मुख्यमंत्री ने बताया कि रामदास दा की स्थिति गंभीर लेकिन स्थिर है.

### नए श्रमायुक्त से चैंबर सदस्यों ने की मुलाकात



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को झारखंड के नव पदस्थापित श्रमायुक्त राजीव रंजन विक्रम से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पदभार ग्रहण करने पर बधाई दीं. इस अवसर पर विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं और सुझावों पर विस्तृत चर्चा हुई. नये श्रम कानूनों को लेकर जागरूकता कार्यशाला आयोजित करने के चेंबर के आग्रह पर श्रमायुक्त ने शीघ्र ही कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया. प्रतिनिधिमंडल में श्रम एवं ईएसआईसी उप-समिति के चेयरमैन प्रमोद सारस्वत और संतोष अग्रवाल शामिल थे. यह जानकारी चेंबर के महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने दी.

# शराब दुकान लॉटरी में पारदर्शिता सुनिश्चित हो : सुबोध जायसवाल



शुभम संदेश। रांची

झारखंड शराब व्यापारी संघ के महासचिव सुबोध कुमार जयसवाल ने झारखंड राज्य की प्रस्तावित शराब नीति 2025 के तहत दुकानों के आवंटन हेतु की जा रही लॉटरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है. संघ का कहना है कि हाल के दिनों में प्रदेश के कुछ जिलों में यह अफवाह फैली है कि 10 लाख रु की रिश्वत देने पर लॉटरी में दुकान मिलना तय है, जिसमें 2 लाख रु एडवांस और 8 लाख कु लॉटरी निकलने के बाद देने की बात कही जा रही है. इस तरह की भ्रामक और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों से पूरे राज्य में शराब व्यापारियों और आवेदकों के बीच संशय और असंतोष का माहौल बन गया है.

महासचिव जायसवाल ने इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार, उत्पाद विभाग, उत्पाद सचिव तथा आयुक्त से आग्रह किया है कि लॉटरी प्रक्रिया पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ पूरी की जाए. इसके लिए सुझाव दिया गया है कि हर जिले में उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि की निगरानी में मैनुअल पद्धति से लॉटरी कराई जाए, ताकि किसी भी तरह के तकनीकी हस्तक्षेप या अविश्वास की गुंजाइश न रहे.



**किसी दलाल या अफवाह फैलानेवाले के झांसे में न आएं**

संघ ने यह भी स्पष्ट किया कि एनआईसी द्वारा संचालित ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली में लोगों के बीच तकनीकी खामियों को लेकर संदेह बना हुआ है, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं. संघ ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कठोर और स्पष्ट कदम नहीं उठाए गए, तो इससे भ्रष्टाचार, विवाद और प्रशासनिक विश्वसनीयता पर आंच आ सकती है, जिससे राज्य की छवि भी प्रभावित होगी.

अंत में, संघ ने सभी व्यापारियों एवं आवेदकों से अपील की है कि वे किसी भी दलाल या अफवाह फैलाने वाले व्यक्ति के झांसे में न आएं और यदि कोई संदेहास्पद गतिविधि दिखे, तो उसकी जानकारी तुरंत विभाग या संघ को दें.

## प. सिंहभूम जिला ओलंपिक संघ की वार्षिक बैठक का आयोजन

# खेलों के विकास के लिए डीएमएफटी फंड से संसाधनों का उपयोग किया जाएगा : मंत्री

शुभम संदेश। रांची/चाईबासा




पश्चिम सिंहभूम जिला स्थित चाईबासा के बिरसा मुंडा इंडोर स्टेडियम परिसर में पश्चिमी सिंहभूम जिला ओलंपिक संघ की वार्षिक आम बैठक का आयोजन रविवार को उत्साहपूर्वक किया गया. इस बैठक में मुख्य संरक्षक के रूप में झारखंड सरकार के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार तथा परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरूवा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नितिन प्रकाश ने की, जबकि महासचिव अजय कुमार नायक ने संघ का वार्षिक आय-व्यय विवरण प्रस्तुत करते हुए वर्ष 2024-25 में खिलाड़ियों द्वारा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर हासिल उपलब्धियों का ब्योरा साझा किया.

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 31 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे एसजीएफआई, विश्वविद्यालय स्तरीय और खेलो इंडिया जैसे मंचों पर पदक जीतने वाले जिले के खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा. इसके अलावा आगामी 1 से 15 दिसंबर के बीच जिला स्कूल गेम्स के आयोजन की घोषणा भी की गई, जिसकी विस्तृत योजना ओलंपिक संघ की ओर से तैयार की जाएगी.

बैठक में उपस्थित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने मंत्री दीपक बिरूवा के समक्ष चाईबासा में मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की आवश्यकता के साथ-साथ हॉकी के लिए एस्ट्रोटर्फ मैदान, रग्बी मैदान, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल कोर्ट, तथा योग प्रशिक्षण के लिए इंडोर स्टेडियम में पृथक कक्ष की व्यवस्था की मांग रखी. मंत्री ने भरोसा दिलाया कि चाईबासा क्षेत्र में 22 एकड़ भूमि की पहचान की जा रही है और जल्द ही उस पर खेल परिसर निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी. उन्होंने यह भी कहा कि खेलों के विकास के लिए डीएमएफटी फंड के माध्यम से संसाधनों का उपयोग किया जाएगा, ताकि जिले के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें.

अध्यक्ष नितिन प्रकाश ने कहा कि पश्चिमी सिंहभूम में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बल्कि संसाधनों की आवश्यकता है. उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि ओलंपिक संघ खिलाड़ियों के विकास और बड़े स्तर पर खेल सुविधाओं के निर्माण के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। संघ खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देगा और उनकी समस्याओं के समाधान में कभी पीछे नहीं हटेगा. इस बैठक के दौरान संगठन को और मजबूत बनाने के लिए कार्यकारिणी में फेरबदल किया गया और सर्वसम्मति से नई टीम का गठन हुआ, जिसमें संरक्षक के रूप में मुकुंद रूंगटा, जगत माझी और अनिल खिरवाल को जिम्मेदारी दी गई. वरीय उपाध्यक्ष के रूप में मधूसुदन अग्रवाल, नीरज संदवार, गौरीशंकर महतो और पंकज चिरानिया चुने गए. उपाध्यक्ष के पद पर बलराज हिंदवार, अनुराग शर्मा, पंकज कुमार सिंह, कश्मीर कांडेयांग और गंगाधर नाग को शामिल किया गया. महासचिव के रूप में अजय कुमार नायक यथावत बने रहे. संयुक्त सचिव पद पर बसंत खंडेलवाल, संजय चौबे, नरेश हेस्सा, मुकेश मोदी, पिंटू अग्रवाल, मानकी कुदादा, ओंकार महतो और गुलांची बांदा को चुना गया। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दीपक पासवान को सौंपी गई.

कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संजीव कुमार बाहंदा, महर्षि महेंद्र सिंकु सहित अन्य को शामिल किया गया.

# झारखंड सीआईडी ने इंटरस्टेट साइबर फ्रॉड गिरोह का किया भंडाफोड़, एक आरोपी गिरफ्तार

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की साइबर क्राइम शाखा ने एक बड़े ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी मामले का खुलासा किया है. इस मामले में करीब 2.98 करोड़ रुपये की ठगी की गई थी. जांच के बाद जमशेदपुर से एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया है.

**क्या है मामला :**
एक पीड़ित की शिकायत के आधार पर रांची स्थित साइबर क्राइम थाना में एफआईआर संख्या 88/25 दर्ज की गई थी. पीड़ित ने बताया कि उन्हें टेलिग्राम पर ग्लोबल इंडिया नामक साइट का लिंक भेजा गया, जिसे क्लिक करने पर उन्हें सीबीओई (शिकागो बोर्ड ऑफ ऑप्शंस एक्सचेंज) से जुड़ी फर्जी वेबसाइट पर रजिस्टर कराया गया. वहां मेटल ट्रेडिंग में ऊंचे मुनाफे का लालच देकर निवेश करवाया गया. पीड़ित ने अलग-अलग बैंक खातों में कुल 2,98,66,750 (करीब तीन करोड़) रुपये ट्रांसफर किए. बाद में




पता चला कि यह पूरा निवेश एक ठगी योजना का हिस्सा था.

**आरोपी की पहचान और गिरफ्तारीः** जांच के दौरान सीआईडी ने एक साइबर अपराधी की पहचान की और उसे जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया. आरोपी का नाम दिनेश कुमार, पिता प्रेमनाथ जयसवाल, निवासी शास्त्री नगर, जमशेदपुर है. यह आरोपी इंडस इंड बैंक के खाते (खाता संख्याः 201034608570) से जुड़ा हुआ है, जिसमें सिर्फ एक दिन में 1.15 करोड़ की रकम जमा हुई थी. इस खाते के खिलाफ पहले से नोएडा सेक्टर-36 थाना में दर्ज 3.29 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला भी दर्ज है.

**आगे की जांच जारी :** सीआईडी की टीम यह पता लगाने में जुटी है कि इस अंतरराज्यीय साइबर गिरोह से और कौन-कौन लोग जुड़े हैं. साथ ही, सभी बैंक खातों, डिजिटल संपत्तियों और ऑपरेटरों की भी जांच की जा रही है.

**कैसे बचें ऐसी धोखाधड़ी से?**

**सीआईडी ने आम जनता से सावधानी बरतने की अपील की है :**

1. यूट्यूब, वाट्सऐप, टेलिग्रा या गूगल एड्स से आए किसी भी निवेश से जुड़े लिंक पर क्लिक न करें.
2. किसी अनजान बैंक खाते या यूपीआई आईडी में पैसे न भेजें.
3. निवेश केवल सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त ऐप्स या पोर्टल्स के माध्यम से करें.
4. ऑकिसी फ्रॉड का शिकार होने पर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें.

## बाबूलाल मरांडी बोले- भाजपा सदन में उठाएगी दिव्यांग जन का मुद्दा

**रांची।** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा सत्र के दौरान दिव्यांग जन का मुद्दा जोर-शोर से उठाएगी. पार्टी राज्य सरकार के समक्ष उनकी मांगों को रखेगी. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रत्पक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को ये बातें कही. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा दिव्यांग जन के साथ खड़ी है. झारखंड के दिव्यांगजन अपनी मांगों को लेकर बीते 365 दिनों से राजभवन के समक्ष शांतिपूर्ण धरना दे रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य है कि राज्य की भ्रष्ट और संवेदनहीन सरकार अब तक उनकी पीड़ा को नज़रअंदाज़ करती आ रही है. उन्होंने कहा कि रविवार को राजभवन स्थित धरना स्थल पर पहुंचकर दिव्यांग जन की समस्याओं से अवगत हुआ और उन्हें आश्वस्त किया हूं कि उनकी मांगों को भाजपा सदन के भीतर पूरी मजबूती के साथ उठाएगी और राज्य सरकार पर उनकी मांगों को मानने के लिए दबाव डालेगी.

## पहले सिर्फ सरकारी विद्यालयों में फहरता था तिरंगा

# पीएम मोदी ने इसे जन अभियान बनायाः बाबूलाल



शुभम संदेश। रांची

भाजपा रांची महानगर जिला के तत्वावधान में रविवार को आगामी 10 से 15 अगस्त तक निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा (हर घर तिरंगा अभियान) को लेकर महानगर कार्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष वरुण साहू की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी विशेष रूप से शामिल हुए. कार्यशाला को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 2014 से पहले स्वतंत्रता दिवस पर सिर्फ सरकारी विद्यालयों में तिरंगा फहरया जाता था, लेकिन आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे जन अभियान बना दिया है. उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इस अभियान को घर-घर पहुंचाने के लिए आम जनता एवं समाज के विभिन्न वर्गों में जाकर सहयोग मांगेंगे. उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा यात्रा के माध्यम से आजादी के महत्व को आम जनता को बताना है. उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से इस अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने के साथ-साथ समाज के हर वर्ग और समुदाय में पहुंचाने का आह्वान किया. प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि तिरंगा यात्रा हमें एक सूत्र में जोड़ता है. कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज के लोगों को जोड़ें. महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि रांची महानगर में इस बार भाजपा पांच लाख तिरंगा झंडा लगाकर इस कार्यक्रम को जन अभियान बनायेगी.कार्यशाला में बाबूलाल मरांडी, प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्रा, सीमा पासवान, सीमा सिंह, के.के. गुप्ता, बलराम सिंह एवं जितेंद्र वर्मा सहित अन्य नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे. कार्यशाला का संचालन महामंत्री जितेंद्र वर्मा और धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री बलराम सिंह ने किया.

## विस में सुदिव्य देंगे स्कूली शिक्षा, बिरुआ विधि, निबंधन के जवाब

**रांची।** मंत्री रामदास सोरेन की तबीयत खराब होने के बाद राज्य सरकार ने विधानसभा के मानसून सत्र में विभागों का जवाब देने के लिए मंत्रियों के प्रभार में बदलाव किया गया है.



अब विधानसभा में आनेवाले अल्पसूचित, तारांकित और ध्यानाकर्षण संबंधी प्रश्नों का जवाब इस तरह प्रभारी मंत्री देंगे. पूर्व से आवंटित प्रभार के अलावा नगर विकास आवास एवं उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्यु कुमार सोनू स्कूली शिक्षा से संबंधित प्रश्नों का भी जवाब देंगे. वहीं दीपक बिरुआ अपने विभागों के अतिरिक्त निबंधन, विधि, सूचना एवं जनसंपर्क तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग से संबंधित प्रश्नों का जवाब देंगे. यहां मालूम हो कि रामदास सोरेन के पास स्कूली शिक्षा और निबंधन विभाग है, वहीं सूचना एवं जनसंपर्क, विधि और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग मुख्यमंत्री के पास है.

**देश सेवा का मौका** | झारखंड के युवाओं के लिए सेना में भर्ती होने का सुनहरा मौका

# 22 अगस्त से रांची में होगी अग्निवीर भर्ती रैली, एडमिट कार्ड जारी



शुभम संदेश। रांची

झारखंड के युवाओं के लिए भारतीय सेना में शामिल होने का सुनहरा अवसर है. सेना भर्ती कार्यालय, रांची द्वारा आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली 2025-26 का आयोजन 22 अगस्त से 04 सितंबर 2025 तक खेलगांव स्टेडियम, रांची में किया जाएगा. यह रैली झारखंड के मूल निवासियों के लिए खुली है.

**समस्या होने पर यहां करें संपर्क :** एडमिट कार्ड डाउनलोड में परेशानी होने पर अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय, मेन रोड (ओवर ब्रिज), रांची में सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक संपर्क कर सकते हैं.

**रैली में रहेंगी ये सुविधाएं**

- मेडिकल कवर और एंबुलेंस
- ट्रैफिक प्रबंधन और सुरक्षा
- विश्राम क्षेत्र और मूलभूत सुविधाएं
- सभी सेवाएं सुबह 4:00 बजे से चालू रहेंगी

भर्ती निदेशक कर्नल विकास भोला ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होगी. उन्होंने युवाओं से किसी भी दलाल या फर्जी व्यक्ति के झांसे में न आने की अपील की है. वहीं रांची के उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री ने कहा कि यह झारखंड के युवाओं के लिए देशभक्ति और प्रतिभा दिखाने का एक शानदार अवसर है. अभ्यर्थी आत्मविश्वास के साथ तैयारी करें और सिर्फ अपनी मेहनत पर भरोसा करें. अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं.

**किन पदों के लिए होगी भर्ती**

- अग्निवीर (सामान्य ड्यूटी)
- अग्निवीर (तकनीकी)
- अग्निवीर (क्लर्क/स्टोर कीपर तकनीकी)
- अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं पास)
- अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं पास)

**एडमिट कार्ड जारी :** जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन (सीईई) पास कर लिया है, उनके एडमिट कार्ड पंजीकृत ईमेल पर भेज दिए गए हैं. अभ्यर्थी इसे भारतीय सेना की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in से भी डाउनलोड कर सकते हैं.

**जरूरी निर्देश**

- रैली स्थल पर रंगीन प्रिंट वाला एडमिट कार्ड लाना अनिवार्य है.
- अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड में उल्लिखित तिथि और समय पर ही पहुंचना होगा.
- अभ्यर्थियों को अपने साथ चरित्र प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र व अन्य मूल दस्तावेज लाना होगा.
- एंड्रॉयड फोन लाना भी अनिवार्य है.

# रामदास सोरेन के जल्द ठीक होने के लिए बेटी ने की विशेष पूजा

शुभम संदेश। रांची/जमशेदपुर



पिता की सलामती के लिए एक बेटी मन्नत मांगने जमशेदपुर से 25 किलोमीटर दूर स्थित पहाड़ों पर रविवार को बोड़ाम के लावजोड़ा स्थित प्रसिद्ध हाथीखेदा मंदिर पहुच गई. राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर उनकी बेटी रेणु सोरेन ने हाथ जोड़कर ईश्वर से विनती की कि उनके पिता जल्दी स्वस्थ हों और फिर से जनसेवा के पथ पर लौटें.

पूजा-अर्चना के इस भावुक क्षण में उनके साथ परिवार के सदस्य, भगिना विक्रम बेसरा, चालक बादल कर्मकार, पटमदा विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू और झामुमो नेता सुभाष कर्मकार भी शामिल हुए. पूरे माहौल में गूंज रही मंत्रोच्चारण की ध्वनि और आंखों में बसी चिंता साफ़ बयां कर रही थी कि यह केवल एक रस्म नहीं, बल्कि दिल से निकली पुकार है.

झामुमो नेता सुभाष कर्मकार ने बताया कि राज्यभर में लोग मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना कर रहे हैं. जनता उन्हें फिर से सक्रिय रूप में अपने बीच देखना चाहती है. उन्होंने यह भी कहा कि मंत्री होने के साथ-साथ रामदास सोरेन अपने पैतृक गांव घोड़ाबांधा (गोविंदपुर थाना) के ग्राम प्रधान भी हैं. इसलिए गांववाले भी उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना को लेकर रविवार को घोड़ाबांधा के जाहेरथान में पारंपरिक संताल रीति-रिवाज से मारांग बुरू और जाहेर आयो की पूजा कर रहे हैं.



फिर दिखेगा देसी गर्ल का जादू, प्रियंका चोपड़ा की बॉलीवुड में वापसी के कयास

https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




पेज 07

03

रांची, सोमवार 04 अगस्त 2025 I श्रावण शुक्ल पक्ष 10, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 118 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


**जज्बा :** दिव्यांगता को हराकर लोहरदगा के सुमन ने बनाया मुकाम

## अब आस्ट्रेलिया में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

शुभम संदेश। रांची

अगर देखनी हो मेरी उड़ान तो आसमान से कहो, थोड़ा और ऊंचा हो जाए....। यह लाइन लोहरदगा के 27 वर्षीय सुमन प्रजापति की जिंदगी पर सटीक बैठती है। एक हादसे ने स्पाइनल इंज्युरी के चलते शरीर 75 प्रतिशत दिव्यांगता का शिकार हो गया। लेकिन जिंदगी में कुछ कर गुजरने की जिद्द और अपनी एक पहचान बनाने की बेताबी ने उनके हौसले को पंख दिया।



सुमन झारखंड के एकलौते बोसिया बॉल खिलाड़ी हैं, जिन्होंने दो नेशनल चैंपियनशिप में दो-दो सिल्वर मेडल जीते हैं। अब वे नवंबर 2025 में कैनबरा, आस्ट्रेलिया में होने वाले वर्ल्ड बोसिया चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने को तैयार हैं।

सुमन का यह सफर इतना आसान भी नहीं था। वर्ष 2016 में एक दुर्घटना में स्पाइनल इंज्युरी के कारण उनके हाथ-पैर ने काम करना बंद कर दिया था। सी-लेवल की दिव्यांगता की श्रेणी ने 75 प्रतिशत तक शरीर को काम करने में असमर्थ कर दिया। ऐसे में जिंदगी को नई शुरुआत देना एक चुनौती थी

### दो सिल्वर मेडल जीतकर बनाया मुकाम

इसके बाद उन्होंने 2024 में ग्वालियर में हुए नेशनल चैंपियनशिप और जनवरी 2025 में विशाखापत्तनम में हुए नेशनल बोसिया बॉल चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता। इसके बाद उन्हें आस्ट्रेलिया के कैनबरा में तीन से 11 नवंबर 2025 तक होने वाले वर्ल्ड बोसिया बॉल चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल रहा है, जिसके लिए हिंडाल्को उन्हें पूरी सहायता प्रदान कर रहा है। सुमन प्रजापति ने बताया कि इस चैंपियनशिप में खिलाड़ी को खुद के खर्च पर ही भाग लेना होता है, जिसका कुल खर्च साढ़े चार लाख रुपए होता है. यह खर्च कंपनी द्वारा प्रदान किया गया है। चैंपियनशिप में शामिल होने का सपना इसी सहायता से पूरा हो रहा है।

### पैरालिंपिक गेम है बोसिया बॉल

बोसिया बॉल एक पैरालिंपिक खेल है, जो सटीकता और रणनीति पर आधारित है। यह विशेष रूप से गंभीर शारीरिक अक्षमता वाले एथलीटों के लिए डिजाइन किया गया है, जैसे-सेरेब्रल पाल्सी या अन्य घातक चोट से दिव्यांगता के शिकार लोग। (शेष पेज-11 पर)

**मेहनत :** पिता करते हैं वेल्डिंग का काम, मां करती हैं सिलाई-कढ़ाई

## बेटे का इंडियन क्रिकेट टीम में सिलेक्शन

■ टाना भगत का इंडिया क्रिकेट टीम अंडर-16 में चयन

शुभम संदेश। गुमला

गुमला जिले को खेल नगरी के रूप में जाना जाता है. यहां के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं. अब इसी कड़ी में एक और नाम जुड़ गया है, गुमला शहर के राजकीयकृत मध्य विद्यालय गुमला मुख्यालय में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले 14 वर्षीया छात्र कृष्ण टाना भगत का.

कृष्ण टाना भगत का चयन इंडिया क्रिकेट टीम अंडर-16 में हुआ है. इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और छात्र दोनों बेहद खुश हैं. कृष्णा ने



बताया कि वह सिसई प्रखंड के नगर सिसकारी गांव का रहने वाला है, लेकिन वर्तमान में उसका पूरा परिवार हिमाचल प्रदेश में रहता है. उसके पिता हिमाचल में वेल्डिंग का काम करते हैं और मां सिलाई का कार्य करती हैं.

कृष्णा को बचपन से ही क्रिकेट से गहरा लगाव था. उसके माता-पिता ने हमेशा उसे क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया. दिसंबर 2024 में उसे ट्रायल के लिए रांची बुलाया गया था, जिसके बाद उसका चयन बैट्समैन के रूप में हुआ फिलहाल कृष्णा सिसई के महुआडीपा में अपने एक दोस्त के साथ भाड़े के मकान में रह रहा है और प्रतिदिन बस से स्कूल आता-जाता है.

शाम को वह शहर के परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में कोच ज्ञान सर के मार्गदर्शन में प्रैक्टिस करता है. कृष्णा के इंडिया टीम में चयन को लेकर पूरे विद्यालय में खुशी की लहर है. लोगों ने उसे बधाइयां दी हैं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

### सदर अस्पताल में आज

| | |
|---|---|
| मेडिसिन | डॉ शीला, डॉ पीपी पांडेय |
| हड्डी रोग | डॉ मुकेश प्रसाद |
| सर्जरी | डॉ संजीव गोलाश |
| नेत्र रोग | डॉ सरोजिनी मुर्मू |
| दंत रोग | डॉ अनुपमा |
| शिशु रोग | डॉ पल्लवी |
| मनोरोग | डॉ मिनाक्षी दुबे |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग | डॉ रुमा प्रसाद |
| फिजियोथेरेपी | डॉ दीपाली राय |
| ईएनटी स्पेशलिस्ट | डॉ विजया बाला मुर्मू |
| **गायनी इमर्जेंसी** | |
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | डॉ सुमन |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | डॉ सुरभी |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | डॉ अपूर्वा दत्ता |
| **जेनरल इमर्जेंसी** | |
| सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक | डॉ मंगेश |
| दोपहर 3 से रात 9 बजे तक | डॉ नीलम बाला |
| रात 9 से सुबह 9 बजे तक | डॉ राकेश रंजन |

## संत निरंकारी चौक से अवैध मोबाइल टावर हटाने का आदेश

**धनबाद (शुभम संदेश)।** संत निरंकारी चौक (बरवा चौक) में अवैध रूप से स्थापित मोबाइल टावर को तत्काल हटाने का निर्देश जिला प्रशासन ने जारी किया है. गोविंदपुर अंचल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दूबे द्वारा इंडस टावर्स लिमिटेड के सर्किल सीईओ को यह आदेश दिया गया. इंडस टावर्स लिमिटेड ने जिला टेलीकॉम कमिटी (डीटीसी) की अनुमति के बिना संत निरंकारी चौक के बीचों-बीच मोबाइल टावर स्थापित किया था. इस संबंध में अपर समाहर्ता ने कंपनी को स्पष्टीकरण देने के लिए नोटिस जारी किया था. कंपनी द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण के आधार पर डीटीसी ने टावर को यथाशीघ्र हटाने का निर्देश दिया है. अंचल अधिकारी ने पत्र में स्पष्ट किया कि टावर को तत्काल हटाना सुनिश्चित करें, अन्यथा आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## बाइक रेस में गई युवक की जान

### केंदुआ में रेस के दौरान खड़ी स्कार्पियो में मारी टक्कर

■ इलाज के लिए रांची ले जाते समय गोधर निवासी नेहाल ने तोड़ा दम

■ बाइक पर सवार दो अन्य युवक भी जख्मी, हमेशा लगाते थे बाइक रेस

शुभम संदेश। केंदुआ



धनबाद-बोकारो सड़क पर सन्डे का मजा लेने उतरी किशोर और युवकों की टोली को रोड रेस लगाने की आदत महंगी पड़ गई. रेस के चक्कर में घटित सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई और दो जख्मी हो गया. हुआ ये कि रोड पर बाइक रेस कर रहे युवकों की टोली में से एक बाइक करकेंद दुर्गा मंदिर के सामने स्कार्पियो में पीछे से टकरा गई. जिसमें गोधर निवासी नेहाल सिंह की मौत हो गयी, वहीं दिवाकर व आतिफ नामक युवक घायल हो गया. घायल दिवाकर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. गोधर निवासी नेहाल सिंह की मौत के बाद उनके घर में मातम पसर गया है. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तीन चार मोटरसाइकिल पर सवार ये युवक रोड पर बाइकों की रेस लगा रहे रहे थे. इन यवुकों के ग्रुप को पूर्व में भी रोड रेस करते पहले भी देखा गया है. करकेंद दुर्गा मंदिर के सामने धनबाद की ओर से आने के क्रम में एक दूसरे को चकमा देने के क्रम में नेहाल ने मोटरसाइकिल जेएच10ई-7467 से पहले से खड़े संजय अग्रवाल की स्कार्पियो जेएच10एएल- 8055 में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. टकराते ही तीनों सवार सड़क पर गिर पड़े. स्कार्पियो का पिछला हिस्सा व मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गया. घटना की खबर पाते ही पुटकी पुलिस घटना स्थल पर पहुंची. यहां काफी भीड़ इकट्ठा हो गयी थी. पुलिस ने तत्काल इन युवकों को उठाकर प्राथमिक उपचार के लिए सामूदायिक केंद्र भेजा, फिर एम्बुलेंस से धनबाद भेज दिया गया. नेहान की गंभीर हालत को देखकर उसे रांची रेफर कर दिया गया था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया. तीसरा जख्मी आतिफ भूली मोड़ कबाड़ी पट्टी, धनबाद का रहनेवाला है. तीनों युवक बिना हेलमेट के थे. आतिफ ने बताया कि नेहाल मोटरसाइकिल चला रहा था, दिवाकर बीच में बैठा था और सबसे पीछे वो खुद बैठा था.

### चक्रधरपुर रेल डिवीजन में उड़ाया ट्रैक, विस्फोट में रेल कर्मी की मौत

**चक्रधरपुर ।** झारखंड में नक्सलियों के हौसले एक बार फिर बुलंद नजर आए. रविवार सुबह चक्रधरपुर रेलवे डिवीजन के करमपदा इलाके में नक्सलियों ने रेल पटरी को बम विस्फोट कर उड़ा दिया. घटना के बाद से इस रूट पर मालगाड़ियों का परिचालन पूरी तरह ठप हो गया. गनीमत रही कि इस मार्ग पर यात्री ट्रेनें नहीं चलतीं, जिससे बड़ा हादसा टल गया. मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना ओडिशा के रॉक्सी और रेंगड़ा रेलवे स्टेशन के बीच करमपदा-राउरकेला रेलखंड पर हुई. नक्सलियों ने शनिवार रात को पहले इस रेलखंड पर बैनर-पोस्टर लगाकर अपने मंसूबों का इशारा किया था. इसके बाद रविवार सुबह करीब 6 से 6:30 बजे के बीच उन्होंने आईईडी विस्फोट कर रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया.

धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी और विस्फोट के कारण रेल पटरी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे विभाग की टीम राहत और मरम्मत कार्य में जुट गई, वहीं सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे क्षेत्र में अलर्ट घोषित कर दिया है. करमपदा और राउरकेला के बीच रेल यातायात को एहतियातन पूरी तरह रोक दिया गया है. रेल प्रशासन ने बताया कि ट्रैक की निगरानी की जा रही है और स्थिति सामान्य होने तक ट्रेनों का परिचालन रोककर रखा गया है. खुफिया एजेंसियां भी पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं.

## धनबाद में 220 केवी संचरण लाइन निर्माण में बाधा

### ग्रामीणों के विरोध से कार्य प्रभावित

अमित सिन्हा

**एक्सक्लूसिव**

**धनबाद।** झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड द्वारा निर्माणाधीन 220 केवी द्विपथ दुमका-गोविंदपुर संचरण लाइन और 400/220 केवी ग्रीड सब-स्टेशन (एनकेटीएल, अडानी) धनबाद के निर्माण कार्य में सूर्युडीह गांव के ग्रामीणों के भारी विरोध के कारण बाधा उत्पन्न हो रही है. इस परियोजना के तहत टावर लगाने का कार्य के ईपीसी ठेकेदार मेसर्स बिट्स टोटल पावर सॉल्यूशन लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है, लेकिन रैयती भूमि पर टावर स्थापना को लेकर भूस्वामियों और ग्रामीणों (महिला, पुरुष और बच्चे) द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है. जेयूएसएनएल के उप महाप्रबंधक (परिचालन एवं परियोजना), धनबाद ने अनुमंडल पदाधिकारी, धनबाद को पत्र लिखकर इस समस्या के समाधान के लिए हस्तक्षेप की मांग की है. इस परियोजना के रुकने से झारखण्ड सरकार को प्रतिमाह लगभग 1 करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान हो रहा है, क्योंकि इनकेटीएल को झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड पर यह राशि देय हो रही है.

**विरोध के कारण अधूरी रह गई आधा दर्जन नींव :** बताया गया कि गोविंदपुर अंचल में प्रशासन के सहयोग से टावर नींव का कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन कलियासोल अंचल के सूर्युडीह गांव में 8 में से केवल 2 नींव का कार्य ही पूरा हो सका है. शेष 6 नींव के कार्य को ग्रामीणों के विरोध के कारण रोका गया है. विभाग और ठेकेदार कंपनी ने भूस्वामियों से कई बार बातचीत कर नियमानुसार मुआवजा देने का आग्रह किया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला.

**प्रशासन और पुलिस बल की मांग :** जेयूएसएनएल ने अनुमंडल पदाधिकारी से अनुरोध किया है कि इस परियोजना की महत्ता को देखते हुए 4 अगस्त से 20 अगस्त तक कलियासोल अंचल में 100 महिला और पुरुष पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाए। साथ ही, जेयूएसएनएल के प्रबंध निदेशक ने वरीय आरक्षी अधीक्षक, धनबाद से असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई और निर्माण स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

**परियोजना का महत्व :** यह संचरण लाइन दुमका और गोविंदपुर ग्रीड सब-स्टेशनों को जोड़ेगी, जिससे धनबाद और दुमका क्षेत्र में 24x7 निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। साथ ही, इससे दामोदर घाटी निगम पर निर्भरता कम होगी। मुआवजे का भुगतान विद्युत अधिनियम 2003, भारतीय तार अधिनियम 1885 और झारखण्ड सरकार की अधिसूचना (13 दिसंबर 2017) के अनुसार किया जा रहा है।

खंभे से बांधकर परिजनों ने की थी पिटाई, मां ने कुल्हाड़ी से किया था वार

## बेटे की हत्या में मां को जेल

■ वारदात में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद, पत्नी के बयान पर मुकदमा दर्ज

शुभम संदेश। कतरास

रामकनाली ओपी क्षेत्र के जमुआटांड पंचायत स्थित श्रीधरपुर गांव में शनिवार को 25 वर्षीय युवक विक्रम बाउरी की हत्या मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी सरस्वती देवी की शिकायत पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है. पुलिस ने हत्या के आरोपी मृतक की मां उमा देवी को गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर घटना स्थल से कुछ दूरी पर स्थित कुआं के बगल की झाड़ियों से घटना में प्रयुक्त खून से लथपथ कुल्हाड़ी भी बरामद कर लिया है. हथियार बरामदगी के बाद रविवार को हत्या आरोपी मां उमा देवी को जेल भेजा है. इधर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है. देर शाम परिजनों मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है. घटना के बाद से ही मृतक की पत्नी व बच्चों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था. उल्लेखनीय है कि विक्रम नशे की लत का शिकार था और अक्सर नशे का सेवन कर में घर में परिवार वालों के साथ मारपीट किया करता था. शनिवार को उसने नशे का सेवन कर घर वालों के साथ मारपीट कर घर में आग लगा दी थी. विक्रम को बेकाबू होता देख गुस्से में आकर परिजनों ने उसे बिजली के खंभे से बांध दिया और मारपीट की थी.

### गोड्डा जिले में सबसे अधिक 170 मिलीमीटर बारिश दर्ज

**रांची।** राज्य में सबसे अधिक बारिश गोड्डा जिले के पथरगामा में 170 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई. यह जानकारी रविवार को मौसम विभाग ने दी. वहीं इस दौरान राज्य के कई अन्य इलाकों भी भारी बारिश रिकार्ड की गई. इनमें महागामा में 97.2, गोड्डा में 86.4, पाकुड़िया में 81.4, शिकारी में 74.2, नाला में 62.4, खरसावां में 59.4, सूजनी केवीके में 52.5, कुंडहित में 42.4 और दुमका में 35.3 मिमी बारिश पिछले 24 घंटे के दौरान रिकॉर्ड की गई.

## सरायढेला में गांजा-शराब बिक्री के खिलाफ छापेमारी, तीन हिरासत में

शुभम संदेश। धनबाद



सरायढेला थाना क्षेत्र के कोला कुसमा स्थित धीवर बस्ती में रविवार रात सरायढेला पुलिस ने छापेमारी की.इस दौरान एक शराब विक्रेता और दो गांजा तस्करों को हिरासत में लिया गया. सरायढेला थाना प्रभारी नूतन मोदी ने गुप्त सूचना के आधार पर दल-बल के साथ छापेमारी की, जिसमें शराब और गांजा बरामद हुआ.हिरासत में लिए गए आरोपियों में शराब विक्रेता असीम मंडल और गांजा तस्कर उज्ज्वल मंडल व जगदीश मंडल शामिल हैं. पुलिस ने तीनों को थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी है.

### महिला ने अपने दो बच्चों संग की आत्महत्या

**रांची।** राजधानी रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के लटमा स्थित एक घर से महिला और दो बच्चों का शव बरामद किया गया है. मामले की जानकारी मिलने के बाद जगन्नाथपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है. लटमा निवासी ब्रजेश सिंह की पत्नी संयुक्ता सिंह और दो बच्चों का शव उनके कमरे से बरामद किया गया है. तीनों ने एक साथ आत्महत्या की है. आत्महत्या का कारण आर्थिक तंगी और शादी के बाद उत्पन्न घरेलू कलह बताया जा रहा है.

**मुसीबत** मोदीभीठा से बागडिगी होकर झरिया जाने के रास्ते को काटे जाने पर बवाल

## ग्रामीणों ने कराया आउटसोर्सिंग का काम बंद

शुभम संदेश। झरिया

लोदना क्षेत्र संख्या 10 में जयरामपुर डीपेच के नाम से संचालित शुसी आउटसोर्सिंग कंपनी के पेटी कॉन्ट्रेक्टर देव प्रभा आउटसोर्सिंग परियोजना द्वारा एक बार फिर मोदीभीठा से बागड़ीगी होते हुए झरिया जाने के रास्ते को काट दिया गया. इसके पूर्व भी देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा जयरामपुर से मोदी भिट्ठा जाने वाले रास्ते को काट दिया था, जिससे ग्रामीणों को जयरामपुर कोलियरी आने के लिए लगभग 5 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है. इस बार मोदीभीठा बागडिगी मार्ग को काटने से ग्रामीणों को लगभग 10 किलोमीटर की लंबी दूरी तय कर झरिया बाजार



जाना होगा. अब ग्रामीणों के पास मात्र एक ही मार्ग बचा हुआ है , वह भी आउटसोर्सिंग की जद में है. यदि इस मार्ग को भी आउटसोर्सिंग काट देती है तो ग्रामीणों का जीना मुहाल हो जाएगा. बिना कोई वैकल्पिक व्यवस्था के लगातार आउटसोर्सिंग द्वारा रास्ते को बंद करने से ग्रामीणों में आउटसोर्सिंग संचालक के प्रति काफी आक्रोश है. क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पर भी ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं. ग्रामीणों ने कहा कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि लंबा लंबा वादा करते हैं और जीतते ही वह आउटसोर्सिंग कंपनी के मालिक का सहयोगी बन जाते हैं.

### जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर उठाये सवाल

आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा जनता पर किए जा रहे जुल्म को अनदेखी करते हैं और वह मौन धारण किए हुए रहते हैं. नियमों को ताक पर रखकर बागडिगी कोलियरी-बरारी मुख्य मार्ग को जबरन काटे जाने के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने रविवार को प्रदर्शन भी किया. नाराज़ लोगों ने आउटसोर्सिंग का सारा काम बंद करा दिया और परियोजना प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ओबी डंपिंग समेत अन्य कार्यों को रोक दिया. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बीसीसीएल प्रबंधन और आउटसोर्सिंग कंपनी ने बिना विस्थापन या वैकल्पिक रास्ता दिए ही मुख्य मार्ग को काट दिया. जिससे इलाके के लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी अस्त-व्यस्त हो गई है. इसके साथ ही, हर घर जल योजना के तहत बिछाए जा रहे पाइपलाइन को भी कंपनी ने उखाड़ फेंका, जिससे लोगों में और भी अधिक आक्रोश फैल गया.

## आपरेशन सिंदूर में शामिल जवान का जोरदार स्वागत

शुभम संदेश। धनबाद

■ दुश्मनों के इलाके में घुसना और ड्रोन से दुश्मनों पर नजर रखने की थी जिम्मेवारी

■ साहू समाज की महिला संगठन ने धनबाद स्टेशन में किया स्वागत, लगे जयकारे

साहू समाज से आने वाले उत्तम कुमार गुप्ता अनुग्रह नगर धनसार, धनबाद, भारतीय फौज में अपनी सेवा दे रहे हैं. ऑपरेशन सिंदूर में उनकी अहम भूमिका रही है. उनका अफनसेफ टास्क था. जिसमें उनका कार्य दुश्मनों को उसके घर में घुसकर मारना और ड्रोन से दुश्मनों पर नजर रखना था. वे अमृतसर अजनाला बॉर्डर पर पोस्टेड थे. भारतमाता का यह वीर सपूत ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद आज घर लौटे हैं. साहू समाज महिला संगठन ने ढोल नगाड़ों के साथ तथा फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर



उनका धनबाद जंक्शन पर स्वागत किया.

बता दें कि उत्तम गुप्ता उनकी धर्मपत्नी प्रीति गुप्ता साहू समाज महिला संगठन की मेम्बर हैं.इस अवसर पर वे भी उपस्थित थीं. इस दौरान भारत मां के जयकारे लगाकर उत्तम गुप्ता की हौसलाअफजाई की गई.

शुभम संदेश
धनबाद, सोमवार, 04 अगस्त 2025



# रसोइया-संयोजिका संघ ने किया प्रदर्शन

## मानसून सत्र तक मांगें नहीं मानी तो पूरे राज्य में संघ करेगा हड़ताल

शुभम संदेश। महुदा



झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया, संयोजिका अध्यक्ष संघ के तत्वधान में रविवार को महुदा ब्रहमबाबा मंदिर के प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में राज्य सरकार द्वारा रसोइया संघ के लंबित मांगों पर पहल नहीं करने के विरोध में शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन किया. संघ के जिला अध्यक्ष मुन्ना खान ने बताया कि हमलोग अपनी मांगों को लेकर 2005 से आंदोलन कर रहे हैं. रसोइया, संयोजिकाओं का चयन हर सरकारी विद्यालय में सरकार के निर्देशानुसार किया गया है, जो पिछले 20 वर्षों से सेवा दे रही हैं परन्तु विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा बेवजह परेशान किया जा रहा है. उनलोगों को प्रताड़ित करके निकाला जा रहा है जो सरासर सरकारी नियम के विरूद्ध है. राज्य सरकार भी हमारी मांगों को अनदेखा कर रही है. हमलोगों का मानदेय भी कई महिनों से बंद कर दिया है. इन्हीं सब मुद्दे को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ विशाल प्रदर्शन 4 अगस्त से 8 अगस्त तक कुट्टे मैदान रांची में आयोजित किया गया है. इस धरना प्रदर्शन के माध्यम से राज्य सरकार के समक्ष अपनी मांगों को रखेंगे. इसके अलावे 13 सितम्बर से राज्य के हर जिला स्तर पर आंदोलन किया जायेगा. मानसून सत्र काल तक हमारी मांगों को नहीं माना गया तो बाध्य होकर पूरे राज्य के रसोइया, संयोजिका, अध्यक्ष विद्यालयों का भोजन बनाना बंद कर अनिश्चितकालिन हड़ताल पर चले जायेंगे. मौके पर छुटनी देवी, मुन्ना खान, अली हुसैन शाह, निशा देवी, रीना देवी, गीता देवी, फुलमनी देवी, सुशीला देवी, आदरी देवी, गंगा देवी, ठंडा देवी, मनोज रजक, गीता देवी, मेघनाथ साव, निलम देवी सहित दर्जनों रसोइया, सहायिका आदि मौजूद थे.

### कंटेनर में दौड़ा करंट चालक बेहोश

**चासनाला (शुभम संदेश)।** झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग स्थित चासनाला सेंट्रल बैंक के समीप रविवार की सुबह सिंदरी की ओर से आ रही कंटेनर संख्या यूपी78केएन-5261 बिजली के तार की चपेट में आ गया, जिससे चालक गाड़ी पर ही मूर्छित हो गया. स्थानीय लोग चालक को समीप के अस्पताल सीएचसी ले गए. जहां चालक का प्राथमिक उपचार किया गया. लोगों ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण बिजली का तार सड़कों पर लटका रहता है. प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि अचानक कंटेनर बिजली तार की चपेट में आ जाने से पूरी कंटेनर में करंट आ गया था. कंटेनर चालक लखनऊ निवासी मनोज वाजपेई ने बताया कि कलकत्ता से गाड़ी लोड ले कर इस रस्ते भौंरा जा रहा था. सुबह का समय था, चाय की दुकान देख चाय पीने के लिए गाड़ी साइड कर खड़ा करना चाहा, इसी दौरान झटका लगा और वो मूर्छित हो गया था.

# पिठाकियारी बस्ती के चार घरों से 5 लाख की चोरी

## बस्ती के ही असमाजिक तत्वों पर संदेह, मामले की जांच में जुटी पुलिस

शुभम संदेश। निरसा बाजार



निरसा थाना क्षेत्र के पिठाकियारी बस्ती में शनिवार देर रात असामाजिक तत्वों ने एक साथ चार घरों को निशाना बनाते हुए लगभग 5 लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया है. घटना के वक्त सभी घरों के सदस्य किसी कारणवश बाहर थे. चोरों ने इसका फायदा उठाते हुए ताबड़तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया. घटना के संबंध में भुक्तभोगियों और आस-पड़ोस के लोगों ने बताया कि घटना में शामिल युवक बस्ती के ही असामाजिक तत्व हैं. वे पूर्व में भी कई आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहे हैं. स्थानीय लोगों में घटना को लेकर भारी आक्रोश देखा गया. घटना की जानकारी निरसा थाना को दे दी गई है.
पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. संदिग्ध युवकों की पहचान तथा धरपकड़ के प्रयास किए जा रहे हैं. लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से इलाके में दहशत का माहौल है. लोगों ने निरसा पुलिस से गश्ती बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है.

## ब्रीफ खबरें

### मुराईडीह दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन नवीन सिंह अध्यक्ष बने

**बरोरा।** राईडीह में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने की तैयारियों के लिए रविवार को दुर्गा मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. इस बैठक में सर्वसम्मति से पुरानी समिति को भंग कर एक नई समिति का गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष नवीन सिंह, सचिव संजय कुमार और संजय चौहान, कोषाध्यक्ष सुरेश साव, उपाध्यक्ष बिनोद मिस्त्री, रणधीर झा, अरुण खेदु, शशि यादव और संतोष चौहान, सूचना मंत्री और मीडिया प्रभारी भोला झा को बनाया गया. इसके अलावा, उप सचिव, संगठन सचिव और संरक्षक पदों के लिए भी सदस्यों का चयन किया गया. बैठक में पूजा के आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई.

### टुकनी देवी का निधन पहुंचे ढुलू महतो

**बरोरा ।** दरिदा पंचायत के कालीपुर निवासी हरि चरण बढ़ई की धर्मपत्नी और ज्येष्ठ पुत्र गोपाल मिस्त्री की माता टुकनी देवी का शनिवार, 10 बजे उनके निवास स्थान पर 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया. उनका अंतिम संस्कार रविवार दोपहर 2 बजे खोदो नदी श्मशान घाट में किया गया. इस दुखद खबर की सूचना मिलते ही धनबाद सांसद ढुलू महतो उनके निवास स्थान पर पहुंचे और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. उन्होंने परिवार को सांत्वना देते हुए दुख की इस घड़ी में संभव सहयोग का मदद करने का आश्वासन दिया. इस दौरान गिरिजा शंकर शर्मा, हेमलाल मिस्त्री, सुनील मिस्त्री, आकाश प्रामाणिक सहित अन्य उपस्थित थे.

### एमपीएल प्रबंधन दे नियोजन : अशोक मंडल

**निरसा बाजार।** मैथन थर्मल पावर लिमिटेड (एमपीएल) स्थानीय विस्थापित समिति के अध्यक्ष अशोक मंडल ने पुरनी मोड़ पर एमपीएल में कार्यरत मजदूरों और विस्थापितों को संबोधित करते हुए प्रबंधन से कई माँगें रखीं. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 15 दिनों के भीतर इन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएँगे. अशोक मंडल ने कहा कि पश्चिम बंगाल के सिंगुर जैसे विवाद के समय, समिति की पहल पर स्थानीय विस्थापितों, ज़िला प्रशासन और एमपीएल प्रबंधन के बीच त्रिपक्षीय समझौता हुआ था, जिससे शांतिपूर्ण तरीके से प्लांट की स्थापना हुई. इसके बावजूद, अब तक सभी विस्थापितों को नौकरी नहीं मिली है.

कार्यकारी मजिस्ट्रेट,धनबाद के समक्ष

**शपथ पत्र**

मैं मोहम्मद साकिब उर्फ साक़िब, पुत्र मोहम्मद जमालुद्दीन उर्फ जलालुद्दीन, उम्र लगभग 56 वर्ष, धर्म से मुसलमान, व्यवसाय से टेलरिंग, निवासी ईदगाह मैदान के पास, शमशेर नगर, झरिया, थाना झरिया- 828111, जिला-धनबाद (झारखंड) शपथपूर्वक निम्नलिखित घोषणा करता/करती हूँः-

1. कि, मेरे मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र, भारत निर्वाचन आयोग के पहचान पत्र संख्या CYK9841164, आधार कार्ड संख्या 7582 7871 4700 में मेरा नाम मोहम्मद साकिब लिखा गया है, लेकिन पासपोर्ट कार्यालय द्वारा जारी मेरे पिछले पासपोर्ट में मेरा नाम मोहम्मद साक़िब लिखा गया है।
2. मेरे मैट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट में मेरे पिता का नाम भी मोहम्मद जलालुद्दीन लिखा है,लेकिन आईडी कार्ड आधार कार्ड और पासपोर्ट में इसे मोहम्मद जमालुद्दीन लिखा गया है,इसलिए मोहम्मद जलालुद्दीन और मोहम्मद जमालुद्दीन एक ही ब्यक्ति हैं,यानी मेरे पिता,जिनकी पहले ही मृत्यु हा चुकी है।
3. मो. साकिब और मोहम्मद साक़िब एक ही ब्यक्ति हैं,यानी मैं खुद।

# भीमकनाली अंडरपास की जर्जर सड़क हुई जानलेवा

## डीआरएम और कार्यपालक अभियंता के पुतला दहन का एलान

- मरम्मत को लेकर आरटीआई कार्यकर्ता की चेतावनी

शुभम संदेश। बाघमारा



भीमकनाली अंडरपास के समीप जर्जर सड़क की मरम्मत न होने से नाराज हॉस्पिटल कॉलोनी, डुमरा के आरटीआई कार्यकर्ता महेश कुमार ने आंद्रा रेल मंडल के डीआरएम और पथ निर्माण विभाग, धनबाद के कार्यपालक अभियंता के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है. उन्होंने 13 अगस्त 2025 को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक भीमकनाली अंडरपास के पास दोनों अधिकारियों का पुतला दहन करने की चेतावनी दी है. महेश कुमार ने पत्र में बताया कि भीमकनाली अंडरपास के समीप सड़क, जो आंद्रा रेल मंडल के अधीन है, अत्यंत जर्जर स्थिति में है. लगभग दो वर्ष पूर्व पथ निर्माण विभाग, धनबाद के ठेकेदार द्वारा राहुल चौक, कतरास से बसंती चौक, खानूडीह तक सड़क की मरम्मत की गई थी, लेकिन गुणवत्ता में कमी के कारण यह सड़क बारिश में और खराब हो गई. बारिश का पानी नाली में न बहकर सड़क पर जमा हो जाता है, जिससे गड्ढे बन गए हैं. नाली निर्माण में भी ठेकेदार ने कार्यादेश के अनुसार काम नहीं किया, जिसके चलते जल निकासी की समस्या बनी हुई है. इस जर्जर सड़क के कारण कई मोटरसाइकिल सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं. महेश कुमार ने चेतावनी दी कि यदि कोई दुर्घटना में मृत्यु होती है, तो इसके लिए आंद्रा रेल मंडल प्रबंधन और पथ निर्माण विभाग, धनबाद जिम्मेदार होंगे. उन्होंने मांग की है कि 10 दिनों के भीतर सड़क की मरम्मत की जाए, अन्यथा वे 13 अगस्त 2025 को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक पुतला दहन करेंगे. इस प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी आंद्रा रेल मंडल और पथ निर्माण विभाग, धनबाद की होगी. महेश कुमार ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि स्थानीय लोगों को इस जर्जर सड़क के कारण होने वाली परेशानियों से निजात मिल सके.

### अशोक चौरसिया बने विश्व हिंदू परिषद धनबाद महानगर के अध्यक्ष



**कतरास (शुभम संदेश)।** रामगढ़ में आयोजित विश्व हिंदू परिषद की तीन दिवसीय कार्यसमिति बैठक में कतरास निवासी अशोक चौरसिया को विश्व हिंदू परिषद, धनबाद महानगर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. अध्यक्ष बनने पर अशोक चौरसिया ने कहा कि वह पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे और संगठन से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास करेंगे. उन्होंने कहा कि हिंदुत्व की रक्षा हमारी प्राथमिकता है और मैं सनातन की आन-बान-शान के लिए हमेशा मुखर रहूँगा. इस बैठक में सुनील साहू को महानगर उपाध्यक्ष और आनंद महतो को मंत्री बनाया गया है. सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख विक्की सिंह, बजरंग दल जिला संयोजक तापस कुमार दे, जिला उपाध्यक्ष पप्पू यादव और अन्य कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है.

## न्यूज अपडेट

### महादेव मंदिर में वेदी पूजन और भंडारा



**गोविंदपुर (शुभम संदेश)।** श्री श्री नागेश्वर महादेव मंदिर धोरियो महुबनी में आयोजित तीन दिवसीय अष्टयाम संकीर्तन की पूर्णाहुति रविवार को वेदी पूजन एवं भंडारा के साथ हुई. समापन के मौके पर धनबाद सांसद ढुलू महतो विशेष रूप से मौजूद थे. आयोजकों ने अंग वस्त्र के साथ उनका स्वागत किया. सांसद ने इस आयोजन की सराहना की. अनुष्ठान के आचार्य संजय पांडेय थे , जबकि गोमो के धर्मेंद्र बाबा की टीम ने विभिन्न झांकियों के साथ कीर्तन किया. इस दौरान तीन दिनों तक हरे राम हरे राम, राम हरे हरे , हरे कृष्णा हरे कृष्णा, कृष्णा हरे हरे नाम संकीर्तन से माहौल भक्तिमय रहा. वेदी पूजन, शिव रुद्राभिषेक एवं संध्या आरती हुई. मुख्य यजमान संजीव कुमार मंडल, सुजीत कुमार मंडल, इंद्रजीत कुमार मंडल, राजीव कुमार मंडल, पंकज मंडल, भाजपा जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, शेखर सिंह , राजेश चौधरी, सुमिता दास, मनीष साव, तालेश्वर साव, गोविंद राय, अंकित साहू, विहिप जिलाध्यक्ष विपिन कुमार मंडल, दीपक मंडल, पूर्व मुखिया शशि गोप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे. वहीं भंडारा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया.

### खरखरी में होगा भाकपा माले का प्रखंड सम्मेलन



**मधुबन (शुभम संदेश)।** भाकपा माले लिबरेशन बाघमारा प्रखण्ड कमेटी की एक आवश्यक बैठक खरखरी बजार स्थित कार्यालय हुई. अध्यक्षता जटल महतो ने की. बैठक में सर्वसमिती से निर्णय लिया गया कि धनबाद जिला कमीटि के निर्देशअनुसार बाघमारा प्रखण्ड कमेटी का सम्मेलन 14 अगस्त तक आयोजन करना है. इस पर बैठक मे निर्णय लिया गया कि खरखरी में सम्मेलन के आयोजन किया जाएगा. बैठक में मुख्य रूप से भाकपा - माले राज्य सदस्य शेख रहीम, राजेश महतो, याकुब अन्सारी, संजय चौहान, मोहन रवानी, शेख अनवर, रामअनुज हरिजन, शेख नबाव, शेख सिदीक, रंजीत कुर्मी, राजेश रवानी,शेख इनुश, मो ताजमुल आदी उपस्थित थे.

### सुहाना और सन्नी की सफलता पर गर्व



**तेतुलमारी (शुभम संदेश)।** ईस्ट बसुरिया अंतर्गत निछानी एक नम्बर कॉलोनी निवासी पत्रकार विजय कुमार के पुत्र और पुत्री की सफलता से परिवार के सदस्यों में खुशी की लहर है. विजय कुमार की पुत्री सुहाना कुमारी सरस्वती विद्या मंदिर भूली नगर में आयोजित विद्यालय स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में कक्षा 6 वर्ग में विज्ञान प्रश्नमंच में द्वितीय स्थान प्राप्त किया.पुत्र सन्नी कुमार भारती ने हैंडराइटिंग ओलंपियाड राइटिंग विजाड्र्स में डीनोबली स्कूल कोराडीह धनबाद से गोल्ड मेडल जीता है. सन्नी कुमार भारती कक्षा तीन का विद्यार्थी है. सुहाना कुमारी और सन्नी कुमार भारती के सफलता पर परिजन खुश हैं. सुहाना कुमारी और सन्नी कुमार भारती के दादा रामजी भुईयां ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के सफलता से गौरवान्वित हूं

# ब्राह्मण समाज ने किया रुद्राभिषेक 8 मन दूध के खीर का चढ़ाया प्रसाद



शुभम संदेश। महुदा

धनबाद वो बोकारो जिला के छह स्टेट के कान कुन्ज ब्राह्मण साम्राज्य शिखर समाज हरियाणा द्वारा भाटड़ीह औरर कुम्हरी दामोदर नदी के किनारे स्थित बाबा चेचकेश्वर धाम में ब्राह्मण समाज की ओर से सावन माह में मंत्रोचारण के साथ महा मृत्युंजय रुद्र अभिषेक और 8 मन दूध का खीर बनाकर भोग चढ़ाया गया. चेचकेश्वर बाबा से सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की गई. ब्राह्मण समाज के लोगों ने कहा कि दामोदर नदी में पुल बना हैं और ये पुल दो जिला धनबाद और बोकारो को आने-जाने के लिए जोड़ा गया है लेकिन दुर्भाग्य से बीच में सड़क नहीं बनाया गया है. जिसके लिए मंदिर आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पढ़ता हैं. जन प्रतिनिधियों और प्रशासन से सड़क बनाने का समाज की ओर से मांग की जाएगी. जिसमें ब्राह्मण समाज के नावागढ़,कतरास, चास के अध्यक्ष सचिव एवं गणमान्य लोग उपस्थित हुए. रूद्र अभिषेक कार्यक्रम पर दिनेश पाठक , चितरंजन दुबे, दिलीप चौबे, ब्रज पाठक, प्रमोद दुबे, राजेश पाण्डेय, मृनाल चौबे, अभिनाश दुबे उपस्थित थे.

# दामोदर नदी घाट में शिवभक्तों का सैलाब

## चिड़काधाम में जल चढ़ाने के लिए हजारों की संख्या में पहुंचे शिवभक्त

- हरहर महादेव के जयकारों से गूंजता रहा इलाका पुलिस की रही तैनाती

शुभम संदेश। महुदा



सावन महीना के अंतिम सोमवारी को बाबा गौरीनाथ धाम चिड़का में जल चढ़ाने के लिए रविवार को तेलमोचो घाट से हजारों की संख्यां में कांवरियों ने जल उठाया. सावन के अंतिम सोमवारी के लिए जल उठाने के लिए दामोदर नदी तट में कांवरियों का सैलाब उमड़ पड़ा. सोमवार को जलाभिषेक के लिए दोपहर से ही जल उठाने का सिलसिला शुरू हो गया था. दामोदर नदी में बोल बम के नारों से क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था. दामोदर नदी से लेकर चिड़का धाम जानेवाली मुख्य पथ केसरियामय हो गया. पुरुष, महिलाएँ, किशोरी भी भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए दामोदर नदी पहुंचे हुए थे. बाबा गौरीनाथ धाम चिड़का में जल चढ़ाने के लिए रविवार को तेलमोचो घाट से हजारों की संख्या की संख्या में श्रद्धालु जल उठाते हैं. बाबा गौरीनाथ धाम चिड़का शिव भक्तों के लिए अगाध आस्था और भक्ति का केन्द्र है. झारखंड पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित चिड़का धाम में तो भक्तों के आने का सिलसिला तो सालोभर रहता है, परन्तु सावन महिना में यह संख्या दोगुनी हो जाती है. प्रति सोमवार हजारों की संख्या में भक्त जल चढ़ाने पहुंचते हैं. कहते हैं कि सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूरी होती है. भीड़ के कारण तेलमोचो पुल के दोनों तरफ सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी, जिसे महुदा एवं चास मुफसिल की पुलिस नियंत्रित कर रही थी. दोनों ओर मेला भी लगा था. तेलमोचो से शिवभक्त जिप सदस्य आशा देवी, रिंकी देवी, रिंकु देवी, लक्ष्मी देवी, कमला देवी, यमुना देवी, रितु कुमारी, पुष्पा कुमारी, नन्दलाल कुमार साव, सहित दर्जनों शिवभक्तों ने चिड़का धाम के लिए प्रस्थान किया.

# लायंस क्लब बाघमारा का सावन महोत्सव

शुभम संदेश। बाघमारा



लायंस क्लब बाघमारा सेंटेनियल के तत्वावधान में होटल ब्लैक डायमंड, हरिना में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया. इस रंगारंग कार्यक्रम में लायंस सदस्याओं और उनके परिवार की 40 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. महोत्सव में गीत-संगीत के साथ-साथ मेहंदी प्रतियोगिता, सावन क्वीन, सावन क्विज, म्यूजिकल चेयर, पिलो पास और चम्मच गेम जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें महिलाओं ने खूब आनंद लिया. सावन क्वीन प्रतियोगिता में रानी देवी विजेता बनीं, जबकि सुमन कुमारी प्रथम उपविजेता और सैली कुमारी द्वितीय उपविजेता रहीं. पिलो पास में मीरा देवी, म्यूजिकल चेयर में शैली कुमारी (प्रथम), सावित्री देवी (द्वितीय) और सुमन शरण (तृतीय) विजेता रहीं. चमच गेम में रानी देवी ने बाजी मारी. सभी प्रतियोगिताओं के पुरस्कार लायन काली चरण पाल के सौजन्य से प्रदान किए गए. कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष शशिकांत शरण, पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, संतोष कुमार, उपाध्यक्ष दीपक प्रसाद, काली चरण पाल, सुमन कुमार, मदन मोहन महतो, लक्ष्मीकांत मिश्रा, विनोद मिश्रा, लचंद्र महतो,आशा शरण, सावित्री पाल और निर्भय रंजन सहित अन्य उपस्थित थे.

# सिंगड़ा बस्ती में बाल विवाह के खिलाफ ली गई शपथ

शुभम संदेश। महुदा



झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा प्राथमिक विद्यालय सिंगड़ा में बाल विवाह उन्मूलन एवं लिंग समानता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में सिंगड़ा ग्राम के 40 किशोरियों ने भाग लिया. कार्यशाला में बाल विवाह क्या है, बाल विवाह के समाधान,कानूनी पहलू, लिंग आधारित भेद भाव एवं हिंसा की जानकरी चन्दा कुमारी एवं गुलनाज बानो ने दी. किशोरियों को सम्बोधित करते हुए झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक सह निदेशक शंकर रवानी ने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है. बाल विवाह स्वास्थ्य समाज निर्माण में सबसे बढ़ी बाधा है, इसे रोकने कि आवश्यकता है. हम सभी को मिलकर सिंगड़ा गाँव को बाल विवाह मुक्त एवं हिंसा मुक्त गांव का निर्माण करना है.रवानी ने किशोरियों से बाल विवाह के खिलाफ अलख जगाने की अपील की. ट्रस्ट की सचिव हलीमा एजाज ने बाल विवाह निषेध अधिनियम एवं बाल विवाह के सामाजिक धारनाओं को विस्तार से प्रकाश डाला. अंत में उपस्थित सभी लोगों ने सिंगड़ा गांव को बाल विवाह मुक्त गांव बनाने का शपथ ली. के पर नइमुद्दीन अंसारी, भानु देवी, नाजरा विवि, सहिया, भाग्यवती देवी आदि ने कार्यशाला में उपस्थित किशोरियों और अन्य लोगों को सम्बोधित किया.

# मोतीझरना में अंतिम सोमवारी की तैयारी पूरी



शुभम संदेश। साहिबगंज

तालझारी प्रखंड में स्थित बाबा मोतीनाथ धाम, महाराजपुर, सावन की अंतिम सोमवारी के लिए पूरी तरह से तैयार है. मोतीझरना विकास समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां कर ली है.

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम :** समिति के सदस्यों ने बताया कि तीसरी सोमवारी की भीड़ को देखते हुए अंतिम सोमवारी को और भी ज़्यादा श्रद्धालु आने की उम्मीद है. सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंदिर परिसर से लेकर मुख्य द्वार तक पुलिस बल तैनात किया गया है. मंदिर की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है. श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह शिविर, चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल और बिजली का इंतजाम किया गया है. मंदिर से कुछ दूरी पर स्थित फुटबॉल मैदान में वाहनों के लिए पार्किंग बनाई गई है, ताकि सड़कों पर जाम न लगे. थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और पुलिस बल की तैनाती की गई है.

**मनोरम दृश्य और भक्तों की आस्था :** सावन के महीने में मोतीझरना की प्राकृतिक छटा मनमोहक हो जाती है. ऊँची पहाड़ी पर स्थित गर्भ गृह के चारों ओर हरे-भरे पेड़-पौधों का दृश्य किसी देवलोक जैसा लगता है. इस दौरान, न केवल साहिबगंज और आसपास के जिलों से, बल्कि बिहार और पश्चिम बंगाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा मोतीनाथ धाम में जलाभिषेक करने आते हैं.

## अंतिम सोमवारी पर उपायुक्त ने की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

**दुमका।** श्रावणी मेले के 24वें दिन शाम 7 बजे तक 1,06,033 श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ पर जलाभिषेक किया, जिसमें विभिन्न माध्यमों से कुल 14,36,124 रुपये की आय हुई. श्रावण की अंतिम सोमवारी को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए, उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की. बैठक में उपायुक्त ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम जलाभिषेक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को कई निर्देश दिए. उन्होंने सभी विभागों को आपसी तालमेल से काम करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए. उपायुक्त ने विशेष रूप से पेयजल, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, कानून-व्यवस्था, ट्रैफिक नियंत्रण और रूट लाइन प्रबंधन पर ध्यान देने को कहा. उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि अंतिम सोमवारी के दिन मेला क्षेत्र में 24 घंटे निगरानी रखी जाए. साथ ही, सभी संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी कैमरे और कंट्रोल रूम को सक्रिय रखने के भी निर्देश दिए गए.

# बाढ़ प्रभावित दियारा क्षेत्रों में विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित

शुभम संदेश। साहिबगंज



साहिबगंज सदर प्रखंड के बाढ़ प्रभावित और दुर्गम दियारा क्षेत्रों में रविवार को एक दिवसीय विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की 26 टीमों ने नावों के माध्यम से दूरस्थ गांवों तक पहुंचकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं दीं. इस शिविर का मुख्य उद्देश्य दियारा क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना था. शिविर के दौरान गर्भवती महिलाओं की जांच और उनके लिए 'ममता वाहन' की सुविधा की जानकारी दी. नियमित टीकाकरण, जिसके लिए बच्चों के अभिभावकों को जागरूक किया गया. सिकल सेल, एनीमिया और मलेरिया की जाँच और उपचार के बारे में बताया गया. गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की गई. आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया. सिविल सर्जन ने ग्रामीणों को बताया कि सभी के स्वस्थ रहने के लिए जन भागीदारी और जागरुकता बहुत जरूरी है. उन्होंने आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना और मुख्यमंत्री 'अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा कार्ड' जैसी योजनाओं की भी जानकारी दी. इस शिविर में सदर प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. महमूद आलम, आरबीएसके डॉक्टर पीताम्बर कुमार, सहायक मैनेजर आदित्य कुमार, डीपीसी संदीप कुमार, बीपीएम मनोज यादव, डब्ल्यूएचओ वासकी यादव, सीएचओ, एएनएम वीणा सिंह, बीटीटी मुनिलाल पांडे और स्कूल फाउंडेशन की टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई. डॉ. रामदेव पासवान ने सभी टीमों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग इन दुर्गम क्षेत्रों में नियमित रूप से सेवाएं उपलब्ध कराता रहेगा.

## ब्रीफ खबरें

### सड़क हादसे में दो की मौत, एक गंभीर

**गोड्डा।** गोड्डा-भागलपुर रोड पर रविवार को एक सड़क हादसे में दो महिला की मौत हो गई. मृतकों की पहचान मोतिया गांव निवासी राधा देवी (28), आरती देवी (25) के रूप में हुई है. दोनों महिलाएं अपने रिश्तेदार रतन मांझी के साथ बाइक से भागलपुर गंगा घाट जल भरने जा रही थीं. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रास्ते में अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में आकर बाइक को टक्कर मार दी और दोनों महिलाओं के सिर को कुचलते हुए फरार हो गया. घटना में रतन मांझी भी गंभीर रूप से घायल है. रतन को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

### 5 से 7 अगस्त तक मनेगा कल्पतरु महोत्सव

**बोकारो।** श्रावण शुक्ल एकादशी के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान ने आगामी कार्यक्रमों की घोषणा की है. महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने बताया कि 5 से 7 अगस्त तक तीन दिवसीय देववृक्ष कल्पतरु महोत्सव मनाया जाएगा, जिसमें तीनों दिन अलग-अलग देवी-देवताओं की पूजा होगी. इसके अलावा, 8 अगस्त को वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया जाएगा और 13 अगस्त को पौधरोपण दिवस मनाया जाएगा. संस्थान 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस भी मनाएगा.

### अंतिम सोमवारी, डीसी ने लिया जायजा

**देवघर।** सावन के महीने में देवघर स्थित विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है. रविवार को सुबह 4:22 बजे मंदिर का पट खुलते ही जलाभिषेक शुरू हो गया. जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच जलाभिषेक की व्यवस्था की है. सभी भक्त बीएड कॉलेज से तिवारी चौक, शिवराम झा चौक, नेहरू पार्क और क्यू कॉम्प्लेक्स होते हुए कतारबद्ध होकर मंदिर तक पहुँच रहे हैं. जिला प्रशासन के अनुसार, सावन मेले में अब तक कुल 45 लाख 75 हज़ार 835 श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ पर जलाभिषेक किया है. अंतिम सोमवारी (4 अगस्त) को भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए, उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग लगातार रूट लाइन और मंदिर परिसर का जायजा ले रहे हैं. उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों और दंडाधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है.

# नदी में डूबने से किशोर की मौत घंटों मशक्कत के बाद मिला शव

शुभम संदेश। गोड्डा

बसंतराय थाना क्षेत्र के ग्राम लैथा में बरसाती पानी से उफनती गोरंटिया नदी में डूबने से नौ वर्षीय किशोर अरमान अली की मौत हो गई. शनिवार की दोपहर यह घटना तब हुई, जब अरमान अपने दोस्तों के साथ नदी का बहाव देखने गया था.

**तेज बहाव और गहराई में फंसा किशोर :** नदी के किनारे से पानी में उतरने के बाद अरमान पानी के तेज बहाव और गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाया और डूबने लगा. उसके दोस्तों ने शोर मचाया, लेकिन जब तक ग्रामीण वहां पहुंचे, तब तक वह पानी में समा चुका था. करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद देर शाम को शव को नदी से बाहर निकाला जा सका. घटना की सूचना पर बसंतराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. किशोर की मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. बसंतराय थाना प्रभारी मनीष कुमार ने लोगों से अपील की है कि मूसलाधार बारिश के कारण सभी नदियां उफान पर हैं और कई खेतों में पानी भर गया है. उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों पर विशेष ध्यान रखने और उन्हें नदी-नालों के पास जाने से रोकने का आग्रह किया है. उन्होंने सभी से इस मौसम में सावधानी बरतने और खुद को सुरक्षित रखने की अपील की है.



## तालाब में डूबने से 40 वर्षीय युवक की मौत

**साहिबगंज।** बरहेट थाना क्षेत्र के लबरी गांव के लोटो घुट्टु टोला में तालाब में नहाते समय पैर फिसलने से एक 40 वर्षीय युवक बब्लू मुर्मू की डूबकर मौत हो गई. यह घटना शनिवार रात करीब 11 बजे हुई. परिजनों ने देर रात तक बब्लू मुर्मू की खोजबीन की, लेकिन वे नहीं मिले. इसके बाद, स्थानीय ग्रामीणों ने झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी को इसकी सूचना दी. मरांडी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे और थाना प्रभारी पवन कुमार से संपर्क किया, जिसके बाद खोज अभियान शुरू किया गया. ग्रामीणों के सहयोग से तालाब से शव को बाहर निकाला गया. झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने फोन पर परिजनों से बात कर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए समझाया, जिसके बाद वे इसके लिए राजी हो गए. पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज भेज दिया है और मामले की छानबीन कर रही है. इस घटना के बाद से पूरे गाँव में शोक का माहौल है.

## नदी पार करते समय वृद्ध की मौत, ग्रामीणों में रोष



**महगामा।** बोआरीजोर प्रखंड के ग्राम कुसुमघाटी पहाड़िया टोला में एक 60 वर्षीय वृद्ध गुरु मरांडी की नदी पार करते समय डूबने से मौत हो गई. घटना शनिवार को तब हुई, जब गुरु मरांडी गेहूँ पिसाने के लिए एक बरसाती नदी को पार कर रहे थे. गांव के रास्ते को छोटा करने के लिए ग्रामीण अक्सर इस नदी का इस्तेमाल करते हैं. गुरु मरांडी पानी की गहराई का अंदाज़ा नहीं लगा पाए और नदी के तेज बहाव में बह गए. गांववालों ने उन्हें खोजने का बहुत प्रयास किया, लेकिन उनका पता नहीं चला. अगले दिन, रविवार को, ग्रामीणों को नदी के दूसरे किनारे पर एक पत्थर से अटका हुआ उनका शव मिला, जिसकी पहचान गुरु मरांडी के रूप में हुई.

**पुल नहीं बनने से ग्रामीणों में गुस्सा :** ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि विनोद ने बताया कि गांव से बाहर जाने के लिए यह एक छोटा और सीधा रास्ता है, जबकि दूसरा रास्ता बहुत घुमावदार है. ग्रामीणों ने कई बार इस छोटी सी नदी पर पुल बनाने की मांग की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. इस घटना के बाद, प्रशासन की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में काफी रोष है.

## न्यूज अपडेट

### दुमका-रांची इंटरसिटी ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**दुमका (शुभम संदेश)।** दुमका-रांची इंटरसिटी ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई है. यह घटना रविवार को शाम के करीब 7 बजे हुई. ट्रेन जब गोड्डा से दुमका रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर-1 में लगी और अपने निर्धारित समय पर रांची के लिए जैसे ही खुलकर आगे बढ़ी कि एक युवक दौड़ते हुए दो नम्बर प्लेटफार्म से नीचे उतरकर ट्रेन को पकड़ने का प्रयास किया. ट्रेन की रफ्तार बढ़ गयी थी. इस कारण वह असंतुलित होकर ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई. शव की पहचान नहीं हो पाई है. स्टेशन में तैनात आरपीएफ जवान ने नगर थाना की पुलिस को सूचित कर दिया है. नगर थाना की पुलिस काफी देर तक घटना स्थल पर नहीं पहुंची थी. शव को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई थी. आरपीएफ जवान नगर थाना की पुलिस की प्रतिक्षा में खड़े थे. स्टेशन प्रबंधन ने बताया कि ट्रेन चलने के बाद किसी भी यात्रियों को दौड़कर चढ़ने नहीं दिया जाता है. ट्रेन खुलने के समय आरपीएफ जवान पूरी तरह से मुश्तैद रहते है. उक्त युवक प्लेटफार्म नम्बर-2 से पटरी पर आया और चलती ट्रेन को पकड़ने का प्रयास किया होगा, जिस कारण उसकी मौत हो गई.

### किराना दुकान में चोरी के आरोप में एक युवक गिरफ्तार



**गोड्डा (शुभम संदेश)।** मुख्य शहर में पिछले सप्ताह एक किराना दुकान में सेंधमारी कर चोरी करने के आरोप में नगर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है. पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है. नगर थाना प्रभारी दिनेश महली ने बताया कि 30 जुलाई की रात नहर चौक के पास एक किराना दुकान से नकदी और सूखे मेवे सहित अन्य सामान चोरी हो गए थे. चोरों ने दुकान के पीछे से सेंधमारी कर वारदात को अंजाम दिया था. पुलिस ने इनपुट के आधार पर बगल के मोहल्ले के निवासी शहंशाह अंसारी (19 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की. पूछताछ के दौरान, उसने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली. इसके बाद, आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी के अलावा पुलिस अवर निरीक्षक रोहित यादव, भोलानाथ दास, संजय कुमार सिंह, रामदेव वर्मा, गौरव कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.

### चंदनकियारी में स्वास्थ्य केंद्र की बिजली आपूर्ति बाधित, मातृत्व सेवा पर संकट



**चंदनकियारी (शुभम संदेश)।** चंदनकियारी के चंद्रा पंचायत स्थित करमटांड़ में जन चेतना मंच बोकारो द्वारा संचालित स्वास्थ्य केंद्र में बिजली आपूर्ति बाधित होने से मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं.

**बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप :** किसान नेता जगन्नाथ रजवार ने बिजली विभाग की लापरवाही पर गहरी नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने बताया कि 31 जुलाई को करमटांड़ में एक ट्रांसफॉर्मर के नीचे करंट लगने से दो गायों की मौत हो गई थी. इसके बाद, बिजली विभाग ने पशु मालिकों को मुआवजा देने के बजाय, स्वास्थ्य केंद्र की बिजली काट दी. रजवार ने कहा कि यह स्वास्थ्य केंद्र चास, चंदनकियारी और आसपास के क्षेत्रों की सैकड़ों गरीब महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए सस्ता और बेहतर इलाज का एकमात्र साधन है. यहाँ सि-पैप, फोटोथेरेपी, बेबी वार्मर और ऑपरेशन थिएटर जैसी महत्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान की जाती हैं, जो सभी बिजली से चलने वाले उपकरणों पर निर्भर हैं. बिजली आपूर्ति बंद होने के बाद, स्वास्थ्य केंद्र को जनरेटर के भरोसे चलाया जा रहा है. रजवार ने चेतावनी दी कि बिजली के अभाव में किसी भी समय कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है. उन्होंने मांग की है कि स्वास्थ्य केंद्र में बिजली आपूर्ति तुरंत बहाल की जाए.

# विधायक श्वेता सिंह ने किया पीसीसी सड़क का उद्घाटन



शुभम संदेश। बोकारो

विधायक श्वेता सिंह ने अपने विधायक निधि से बोकारो जिले के चास प्रखंड के लोकनाथ पुरी, वार्ड संख्या 6 में एक पीसीसी सड़क का उद्घाटन किया. यह सड़क विजय भट्टाचार्य के घर से दुर्गा दास के घर तक 300 फीट लंबी है. उद्घाटन के अवसर पर विधायक ने वहां उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी हर समस्या का समाधान करना और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना उनका मुख्य उद्देश्य है. उन्होंने कहा कि आप सभी का प्रेम मुझे क्षेत्र का विकास करने की ताकत देता है. विधायक ने बताया कि भविष्य में बोकारो विधानसभा को झारखंड के विकसित क्षेत्रों में सबसे आगे ले जाना है. उन्होंने कहा कि कई और लोकहित योजनाएं जल्द ही आने वाली हैं, जिनसे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा. इस अवसर पर गौरव राय, अशोक मिश्रा, प्रेम राय, मनोज कुमार, शंभू दास, अमृत बावरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# डीपीएस बोकारो में सीबीएसई क्लस्टर-3 टेबल टेनिस प्रतियोगिता शुरू

शुभम संदेश। बोकारो



डीपीएस बोकारो में रविवार से तीन दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर-3 टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आगाज हुआ. प्रतियोगिता के पहले दिन, अंडर-17 बालिका वर्ग में जुस्को स्कूल, कदमा (जमशेदपुर) ने स्वर्ण, डीपीएस बोकारो ने रजत और विवेक विद्यालय, जमशेदपुर ने कांस्य पदक जीता. सोमवार को अंडर-19 और अंडर-14 बालक वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे. इस आयोजन में झारखंड और बिहार के 18 स्कूलों से कुल 41 टीमें हिस्सा ले रही हैं.

**खेल जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है: डीएसओ :** समारोह की मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी (डीएसओ) हेमलता बुन ने अपने संबोधन में कहा कि खेल हमारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अनिवार्य है. उन्होंने कहा कि खेल हार-जीत के लिए नहीं, बल्कि जीवन में सदैव आगे बढ़ने की प्रेरणा और अवसर देने के लिए होता है. उन्होंने डीपीएस बोकारो के प्रयासों की सराहना की और सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं. सीबीएसई पर्यवेक्षक असीम प्रियदर्शी ने खेल में भागीदारी को जीत से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया. उन्होंने कहा कि क्रिकेट के इस युग में बच्चों का टेबल टेनिस के प्रति रुझान प्रशंसनीय है. विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.एस. गंगवार ने सभी का स्वागत करते हुए 'वसुधैव कुटुंबकम्' के सिद्धांत से प्रेरित डीपीएस बोकारो के प्रयासों पर प्रकाश डाला. इस मौके पर प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. ए.एस. गंगवार, अंतरराष्ट्रीय रेफरी संदीप साहा, उपाध्यक्ष अंजनी भूषण और आयोजन सचिव ब्रजेश कुमार सिंह सहित कई अधिकारी और तकनीकी दल के सदस्य मौजूद थे.

# रोटरी क्लब ने मनाया सावन की फुहार हरियाली उत्सव

शुभम संदेश। बोकारो



रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने रोटरी प्ले ग्रुप परिसर में पारंपरिक उल्लास के साथ सावन की फुहार मिलन समारोह का आयोजन किया. इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब चास और मिडटाउन कपल्स के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया.

**सावन के रंग और मनमोहक प्रस्तुतियां :** कार्यक्रम में महिलाएं हरी साड़ियों में और पुरुष पीले कुर्ते में सजे हुए थे, जिससे पूरा माहौल सावन के रंगों से भर गया. भावना ने परिसर को सावन की थीम पर खूबसूरती से सजाया. कार्यक्रम की शुरुआत क्लब अध्यक्ष हरदीप सिंह के स्वागत भाषण से हुई. संध्या और चंद्रिमा ने सभी महिलाओं का स्वागत किया और कार्यक्रम का संचालन किया. कार्यक्रम की शुरुआत सावन का महीना गीत से हुई, जिसे कई सदस्यों ने सामूहिक रूप से प्रस्तुत किया. बाल कलाकार लिची, रानी अग्रवाल और श्रीमोयी की एकल प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. नीलम और घनश्याम दास ने कोई मिल गया पर युगल नृत्य प्रस्तुत कर सबका दिल जीता. इसके अलावा, ललिता और मनोज अग्रवाल के हास्य नृत्य और नमिता तथा मन्नू श्रीवास्तव के हास्य नाटक ने दर्शकों को खूब हंसाया. शाम की सबसे खास प्रस्तुति डॉ. राजदीप, प्रदीप राय, घनश्याम दास, संजय जैन और महेश लाल का लेज़ी डांस रही, जिसने खूब तालियां बटोरीं. कार्यक्रम का समापन पंजाब के पारंपरिक गिद्धा नृत्य से हुआ, जिसे जसविंदर कौर, हरदीप और मनोत ने प्रस्तुत किया. सुनीता जैन ने सभी कलाकारों और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापन किया. इस अवसर पर खेल और क्विज़ प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं. सहायक गवर्नर मुन्ना सिंह ने इस आयोजन को रोटरी परिवार की एकता, रचनात्मकता और सामूहिक ऊर्जा का प्रतीक बताया. रात्रिभोज का प्रायोजन आरती एवं आलोक रस्तोगी और अंजू एवं श्री सुरेश अग्रवाल द्वारा किया गया.

**बोकारो में बीएसएल विस्तारीकरण के समर्थन में सभी संगठन एक मंच पर**

# विस्तारीकरण बोकारो के लिए जरूरी : अमित

शुभम संदेश। बोकारो



बोकारो स्टील प्लांट के प्रस्तावित विस्तारीकरण को शुरू करने और बीजीएच को सुपरस्पेशलिटी अस्पताल बनाने की मांग को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इस संगोष्ठी में बोकारो सिविल सोसाइटी के सभी गैर-राजनीतिक संगठनों ने एक साथ आकर इन मांगों का समर्थन किया. विस्थापित संयुक्त मोर्चा के महामंत्री अब्दुल रब अख़्तर की अध्यक्षता में आयोजित इस संगोष्ठी का संचालन कुमार अमित ने किया. कुमार अमित ने कहा कि विस्तारीकरण बोकारो की जरूरत है, जिससे यहां के विस्थापित और निवासी लाभान्वित होंगे. सभी संगठनों ने इस अभियान के तहत पोस्टकार्ड और हस्ताक्षर महाअभियान को समर्थन देने का संकल्प लिया. बोकारो मजदूर समाज के अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि विस्तारीकरण बोकारो के लिए आवश्यक है. बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एके सिंह ने सेल को राष्ट्र की संपत्ति बताते हुए इसकी सुरक्षा पर ज़ोर दिया. भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा राय ने कहा कि विस्तारीकरण बोकारो वासियों का सपना है. विस्थापित नेता दिनेश झा ने सभी विस्थापित संगठनों से इस मुहिम में आगे आने का आह्वान किया. बैंकर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सिद्धेश नारायण दास ने प्रबंधन और नागरिकों के बीच समन्वय बनाने पर ज़ोर दिया. डिप्लोमा यूनियन के महामंत्री संदीप कुमार ने इस अभियान के समर्थन में मजदूर आंदोलन चलाने की बात कही. इस कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के नेताओं जैसे अरविंद राय, डॉ. सुबोध सिंह, विपुल सिंह, राजेश प्रसाद, ममता गोस्वामी, शंकरलाल गोप, अमरदीप झा, शशिभूषण विश्वकर्मा और अन्य ने भी अपने विचार रखे. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ.

# डीएवी टाटा जामाडोबा ने जीता ओवर ऑल खिताब

## डीएवी नेशनल धनबाद कलस्टर 8 अंतर विद्यालय समूह एथलीट मीट

शुभम संदेश। केंदुआ

डीएवी नेशनल धनबाद क्लस्टर 8 अंतर विद्यालय समूह एथलीट मीट का ओवर ऑल खिताब डीएवी टाटा जामाडोबा ने जीत लिया. डीएवी सिंदरी उपविजेता रही. विजेता व उपविजेता को डब्ल्यू के एरिया के जीएम अरनिंदम मुस्तफी व क्षेत्र महिला मंडल की अध्यक्ष दीयुती मस्तफी ने दिया. डीएवी मुनिडीह के मैदान में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन डीएवी धनबाद जोन सीकेएआरओ एनएन श्रीवास्तव ने किया. क्लस्टर मीट में डीएवी कोयलानगर, मुगमा, सिंदरी, बरोरा, सीएफआरआई, लोदना, जामाडोबा, कुसुंडा, अलकुसा के 217 से ज्यादा खिलाड़ियों ने 78 इवेंट में हिस्सा लिया. बरसात के कारण दो दिवसीय खेल को एक दिन में परिवर्तित कर दिया गया. क्लस्टर मीट के विजेता 28 से 30 अगस्त (सम्भावित) को रांची में आयोजित नेशनल जोनल मीट में धनबाद जोन सी का नेतृत्व करेंगे. मीट के दौरान डीएवी अलकुसा के प्राचार्य एस मोदक, सिंदरी के एके सिंह, लोदना के एजाज अहमद, मुनिडीह ओपी प्रभारी मनीता कुमारी मौजूद थी।खिलाड़ी व अतिथियों का स्वागत मुनिडीह की प्राचार्या इंदु प्रसाद ने किया.



**मीट रिजल्ट बॉयज :**

1500 मि दौड़ 14 वर्ष- अमित बाउरी, मुनिडीह,नन्द किशोर राज,सिंदरी,आदित्य ,जामाडोबा।
17 वर्ष-आदित्य, जामाडोबा, रविकांत, मुगमा, आलोक, सिंदरी।
19 वर्ष- आदित्य राम, जामाडोबा, विशाल कुमार, सिंदरी, आयुष कुमार, अलकुसा।
शॉट पुट 14 वर्ष-राजीव कुमार, सिंदरी, आदर्श यादव, कोयला नगर, कुलदीप दास, मुगमा।
17 वर्ष-रघुनाथ महतो, सीएफ़आरआई, नासिर आलम, मुनीडीह, मृणाल कुमार,मुगमा।
19 वर्ष-प्रियम कुमार साव,कुसुंडा, ध्रुव कुमार,जामाडोबा,डीएन मौर्या, सीएफआरआई।

**लांग जंप :**

19 वर्ष-अविनाश यादव, मुगमा, अभिषेक कुमार, मुनिडीह,गौतम महतो, जामाडोबा।
100 मि दौड 14 वर्ष-समर्थ महतो, मुगमा, रौशन अंसारी, सिंदरी, आदेश यादव,कोयलानगर।
17 वर्ष- कमल रवानी,जामाडोबा, हर्ष वैभव, सीएफ़आरआई।
19 वर्ष-
ट्रिपल जंप 14 वर्ष-पवन राम,जामाडोबा,रणवीर सिंदरी,कृष्ण मोहन तिवारी ,मुगमा।
17 वर्ष-बंटी महतो,जामाडोबा, आयुष कुमार,सिंदरी,राघव अग्रवाल,कोयला नगर।
19 वर्ष- अनुज कुमार महतो,जामाडोबा।
4×400 मि रिले 14 वर्ष-आदित्य कुमार पार्टी, जामाडोबा, कृष्णा कुमार पार्टी, सिंदरी,अमजद अली पार्टी, कोयला नगर।
17 वर्ष-कमल एंड पार्टी,जामाडोबा, अमरदीप एंड पार्टी,सिंदरी,ऋषि एंड पार्टी ,सीएफआरआई।
19 वर्ष-अनुज कुमार पार्टी ,जामाडोबा, अविनाश यादव पार्टी, मुगमा।
200 मि दौड़ 14 वर्ष-समर्थ महतो, मुगमा, रोशन अंसारी,सिंदरी,शिवम राजभर,मुनिडीह।
17 वर्ष-प्रवीण कुमार महतो,जामाडोबा, अमरदीप मरांडी,प्रशांत कुमार महतो,मुगमा।
19 वर्ष-आलोक कुमार महतो,जामाडोबा, शुभम सिंह,सिंदरी,रणबीर,मुनिडीह।

**800 मी. दौड़-**

17 वर्ष-आदित्य तिवारी,जामाडोबा, रविकांत सिंह,मुगमा,लक्की गुप्ता,मुनिडीह।
19 वर्ष-संदीप चौधरी, जामाडोबा, विशाल महतो, सिंदरी,सनी कुमार,अलकुसा।
लांग जंप 14 वर्ष-पार्थ सारथी, सिंदरी, आशीष रंजन,जामाडोबा, स्वस्तिक राज सिंह, कोयला नगर।
17 वर्ष- कमल रवानी,जामाडोबा,कृष राज महतो,सिंदरी,चंचल बाउरी, मुगमा।
4×100 मि रिले 14 वर्ष-रौशन एंड पार्टी सिंदरी,समर एंड पार्टी मुगमा,आशीष एंड पार्टी जामाडोबा।
17 वर्ष-
19 वर्ष-विशाल महतो एन्ड पार्टी सिंदरी,शुभम किस्कु एन्ड पार्टी बरोरा,अभिषेक एन्ड पार्टी मुनिडीह।
डिस्कस थ्रो 14 वर्ष-उज्ज्वल महतो,सिंदरी, अनन्त किशोर महतो,जामाडोबा, कृष्ण मोहन तिवारी,मुगमा।
17 वर्ष -प्रशांत कुमार, मुनिडीह,आर्यन पांडे,सिंदरी,सोलक ख्वास,अलकुसा।
19 वर्ष-ध्रुव कुमार,जामाडोबा, आदित्य राज, सीएफ़आरआई,प्रियम कुमार,कुसुंडा।
400 मि दौड़ 14 वर्ष-पार्थ सारथी, सिंदरी,ऋषिकेश जामाडोबा,बिट्टू मुगमा।
17 वर्ष- जयदेव गोरायीं,जामाडोबा, अमरदीप मरांडी,सिंदरी,अभिजीत सीएफआरआई।
19 वर्ष-आदित्य राम,अमन कुमार बरोरा,देवशक्ति बाउरी,सिंदरी।
हाई जंप 14 वर्ष
17 वर्ष- कृष राज महतो,सिंदरी,चंचल बाउरी, मुगमा,रवि पासवान,कोयला नगर।

**मीट रिजल्ट गर्ल्स**

1500 मि दौड़ 14 वर्ष- अंजली यादव ,कोयलानगर,नंदनी कुमारी,अलकुसा,सुप्रिया बीद ,सिंदरी।
17 वर्ष-साक्षी कुमारी,जामाडोबा,कृति कुमारी, सिंदरी, सोनाली कुमारी,अलकुसा।

# डीएवी पब्लिक स्कूल निरसा के छात्रों ने जीते स्वर्ण पदक

शुभम संदेश। निरसा



डीएवी पब्लिक स्कूल निरसा के छात्र-छात्राओं ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2025-26 के क्लस्टर लेवल एथलीट मीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते. यह प्रतियोगिता डीएवी पब्लिक स्कूल मुनिडीह में आयोजित की गई थी. प्रतियोगिता के 100 मीटर दौड़ में छात्र और छात्रा ने स्वर्ण पदक जीते, 400 मीटर दौड़ में छात्रा ने रजत और छात्र ने कांस्य पदक जीता, 800 मीटर दौड़ में छात्र ने रजत पदक जीता, लॉन्ग जंप में छात्र ने स्वर्ण और कांस्य, जबकि छात्रा ने स्वर्ण पदक जीता, हाई जंप में छात्र ने रजत पदक जीता, शॉट पुट में छात्र ने दो कांस्य पदक और छात्रा ने एक स्वर्ण पदक जीता, रिले रेस में छात्र ने एक रजत और छात्रा ने एक स्वर्ण पदक जीता, डिस्कस थ्रो में छात्र ने कांस्य और छात्रा ने स्वर्ण पदक जीता, जैवलिन थ्रो में छात्र ने कांस्य पदक जीता, ट्रिपल जंप में छात्र ने कांस्य पदक जीता. डीएवी स्कूल निरसा की प्राचार्या झुमा महाता और खेल शिक्षक नीरज कुमार ने पदक विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. प्राचार्या ने कहा कि खेल शिक्षा का एक अभिन्न अंग है और यह छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास में मदद करता है. नीरज कुमार ने छात्रों से लगातार अभ्यास करते रहने की अपील की और जोनल स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दीं.

# आईआईटी आईएसएम धनबाद में ओरिएंटेशन कार्यक्रम

## प्रो. प्रेम व्रत ने दी छात्रों को सफलता की कुंजी

शुभम संदेश। धनबाद

आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में नए छात्रों के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन प्रो. प्रेम व्रत ने प्रेरणादायक संबोधन दिया. पेनमैन ऑडिटोरियम में उन्होंने छात्रों को अनुशासन, सकारात्मक सोच और टीमवर्क को सफलता की कुंजी बताया.

### असफलता से निराश न हों, बल्कि अनुभव लें

प्रो. व्रत ने अपने संबोधन में छात्रों को समझाया कि आईआईटी में पढ़ाई करना सिर्फ अकादमिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह एक समग्र विकास का अवसर है. उन्होंने कहा कि आप सभी अपने-अपने स्कूल के टॉपर रहे होंगे, लेकिन यहां आप टॉपर्स के समूह का हिस्सा है. इसलिए, यदि आप हमेशा शीर्ष पर नहीं रहते हैं तो निराश होने की जरूरत नहीं है. असफलता को एक अनुभव के रूप में लें और लगातार मेहनत करते रहें.

### नौकरी के योग्य बनें, सिर्फ नौकरी न पाएं

प्रो. व्रत ने छात्रों को समय की पाबंदी, कार्य के प्रति समर्पण और सकारात्मक सोच जैसे गुणों पर ज़ोर देने को कहा. उन्होंने कहा कि एक अच्छा इंजीनियर या वैज्ञानिक बनने से पहले एक अच्छा इंसान बनना जरूरी है. उन्होंने छात्रों से कहा कि सिर्फ नौकरी पाने से ज़्यादा महत्वपूर्ण है 'नौकरी के योग्य' बनना. उन्होंने कहा कि नौकरी प्राप्त करने और उसे बनाए रखने की क्षमता, यानी एम्प्लॉयबिलिटी, ज्ञान, कौशल और सही नजरिए का संतुलन है.

### अपनी ताकत पहचानें और उसी राह पर आगे बढ़ें

प्रो. व्रत ने छात्रों को यह भी सलाह दी कि वे अपने जीवन की दिशा अपने भीतर की ताकत के आधार पर तय करें, चाहे वह स्टार्टअप हो, रिसर्च, टीचिंग या इंडस्ट्री. उन्होंने कहा कि हर किसी के लिए उद्यमिता जरूरी नहीं है. अपने भीतर झांककर जानें कि आपकी ताकत किस दिशा में है .

# धनबाद रेलवे स्टेशन पर चला विशेष स्वच्छता अभियान

शुभम संदेश। धनबाद



आजादी का जश्न, स्वच्छता के संकल्प के साथ धनबाद मंडल में विशेष अभियान चलाया जा रहा है. रेल मंत्रालय द्वारा सम्पूर्ण भारतीय रेल पर 01 से 15 अगस्त तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें "आजादी का जश्न, स्वच्छता के संकल्प के साथ" थीम को केंद्र में रखा गया है.इसी क्रम में रविवार को स्वतंत्रता दिवस उत्सव अभियान के तीसरे दिन , "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" थीम के अंतर्गत धनबाद मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर सेल्फी बूथ लगाए गए, जहां यात्रियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता के प्रति अपने संकल्प को साझा करते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया. साथ ही स्टेशनों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसके तहत स्टेशन परिसर, कैंटीन, फूड स्टॉल एवं आस-पास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की गई तथा यात्रियों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया. धनबाद मंडल द्वारा चलाया गया यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन जन-जागरूकता की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है.

# पंचायत चलो अभियान के तहत टुंडी गांव में कांग्रेसियों की पदयात्रा

## लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए कांग्रेस को मजबूत करें : संतोष

■ धनबाद जिला कांग्रेस ने टुंडी में लगाया जन चौपाल

शुभम संदेश। टुंडी



धनबाद जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी अपने दो दिवसीय पंचायत स्तरीय पदयात्रा कर जन चौपाल लगाया. प्रखण्ड के लक्षुरायडीह, पंचायत से सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ झंडा बैनर के साथ धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह पदयात्रा करते हुए बरवाटांड़,कटनिया, कदैयां, राजा भिठा पंचायत में कांग्रेस जन चौपाल लगाकर ग्राम पंचायत कांग्रेस और बूथ लेबल एजेंट का चयन भी किया गया. कांग्रेस के पंचायत चलो अभियान का उद्देश्य कांग्रेस के नीति और सिध्दांत को प्रचारित कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के घरों पर कांग्रेसी झंडा लहराया गया. लुकैया पंचायत स्थित दलित नेता वकील बाउरी के घर पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह कांग्रेस नेताओ कार्यकर्ताओ के साथ रात्री विश्राम किया. कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह पंचायत जन चौपाल में टुंडी प्रखंड कांग्रेस के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी सरकार पर प्रहार कर कहा कि जब सत्ता की हनक होती है तो सत्ता हमेशा अपने बट्ट और बुटों पर जनता की आवाजों को कुचलने का काम करती है. यह हनक सच सुनने की आदत बेच देती है, हया और शर्म अब सबकुछ सियासत बेच देती है. निकम्मेपन की बेशर्मी अगर आंखों पे चढ़ जाए तो फिर वे औलाद पुरखों की विरासत बेच देती है.

## आसनसोल

# महिलाओं ने सीखे कुकिंग के गुर



शुभम संदेश। रानीगंज

रानीगंज चैंबर ऑफ़ कॉमर्स की महिला विंग की तरफ से एक कुकिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ. कार्यक्रम में महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को बनाने की विधि और तकनीकें प्रस्तुत कीं.मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आसनसोल दुर्गापुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं रेसीडेंसी होटल के मैनेजिंग डायरेक्टर कवि दता ने कहा कि महिलाओं के समूह द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को बनाने की विधि और तकनीकें प्रस्तुत की गई. महिला विंग की तरफ से वाणी खेतान ने कहा कि इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को शामिल किया गया है, जैसे कि भारतीय, चीनी, इतालवी, मेक्सिकन आदि. चेंबर कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष अरुण भारतीया एवं महिला विंग की रूबी गढ़वाल ने कहा कि कार्यक्रम में खाना पकाने की विभिन्न तकनीकें सिखाई गई हैं, जैसे कि बेकिंग, ग्रिलिंग, स्टिर-फ्राईंग आदि विभिन्न प्रकार की सामग्रियों के बारे में जानकारी दी गई. कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का चयन किया गया है. रानीगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रोहित खेतान ने कहा कि महिलाओं ने बोस ए किचन सेशन कार्यक्रम का आनंद लिया, हमें उम्मीद है कि महिलाएं अपने घरों में खाना पकाने के कौशल में सुधार करेंगी.

# राष्ट्रीय राजमार्ग और सर्विस रोड में भू-धंसान से दहशत

शुभम संदेश। कुल्टी



राष्ट्रीय राजमार्ग ओर सर्विस रोड में लगातार हो रहे भू-धसान से स्थानीय लोगों और चालकों में दहशत का माहौल है. राष्ट्रीय राजमार्ग और सर्विस रोड बार-बार भूधंसान की चपेट में आ रहे हैं. राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार दो भू धसान के बाद, इस बार आसनसोल में एथोरा ब्रिज के नीचे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 की सर्विस रोड पर भूधसान हुआ है. जिससे पैदल यात्री भी दहशत में हैं. राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर लगातार कई भूधसान के कारण वाहन चालक दहशत में हैं, घटना की खबर मिलते ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण मौके पर पहुंच भू धसान वाली जगह पहुंच स्थिति का जायजा लिया और गार्ड वाल से घेर दिया गया. स्थानीय निवासी साधन दत्त ने बताया कि बार-बार हो रहे भू धसान से वे लोग डरे हुए हैं, क्योंकि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता था. अगर रात में इस सड़क से आते-जाते ऐसी घटना होती तो बहुत बड़ी अनहोनी हो सकती थी. हालांकि, स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और प्रशासन पर सवाल उठाए हैं कि बार-बार ऐसी घटना क्यों हो रही है. इस संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग (आरपीओ) के सड़क सुरक्षा अधिकारी रंजीत चटर्जी ने बताया कि इस जमीन के नीचे से पीएचपी पाइप लाइन गुजरी है, जिस वजह से जमीन पहले से ही नरम थी, और भारी बारिश ने जमीन को और भी नरम कर दिया है. उनका मानना है कि इसी वजह से यह जमीन धंस जा रही है.

# स्वावलंबन अभियान का हिस्सा बनने का आह्वान

शुभम संदेश। बर्नपुर

स्वदेशी जागरण मंच के स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत समन्वयक शंकर मेहता ने प्रेसवार्ता कर देश के प्रत्येक नागरिक से 'स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान' का हिस्सा बनने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच द्वारा बड़ी संख्या में व्यापारियों और विनिर्माण कंपनियों के संघों और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर 12 जून, 2025 को 'स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान' की शुरुआत के साथ, स्वदेशी आंदोलन को फिर से गति दी गई है, जिसका उद्देश्य देश के कोने-कोने में भारत को पुनः महान बनाने (जिसे प्रधानमंत्री 'मीगा' यानि मेक इंडिया ग्रेट अगेन कहते हैं) के लिए जागरूकता पैदा करना है. कुछ क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में राजनीतिक इच्छाशक्ति, नीतिगत हस्तक्षेप और जनभागीदारी ने सकारात्मक परिणाम दिखाए हैं. उन्होंने कहा कि चीन लंबे समय से भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है, लेकिन यह रिश्ता लगातार एकतरफा और खतरनाक होता जा रहा है. चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा लगातार और वर्तमान में 99.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया है, सस्ते और अक्सर घटिया सामान भारतीय बाजारों में प्रवेश कर रहे हैं, जो हमारे एमएसएमई को नुकसान पहुँचा रहे हैं, नौकरियों को नष्ट कर रहे हैं और घरेलू विनिर्माण क्षमता को कमजोर कर रहे हैं. वहीं स्वदेशी जागरण मंच देश के प्रत्येक नागरिक से 'स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान' का हिस्सा बनने का आह्वान करता है, जिसका एकमात्र उद्देश्य हमारे भारत को फिर से महान बनाना है.

# अशोक स्तंभ के संरक्षण की मांग

शुभम संदेश। पुरुलिया

## पंचकोट राजवंश के काल का बना है काशीपुर का अशोक स्तंभ



राजा के शासनकाल में निर्मित भारत की विरासत और गौरव का प्रतीक प्राचीन अशोक स्तंभ आज भी पुरुलिया में शान से खड़ा है. भारत के इस प्राचीन राष्ट्रीय प्रतीक का निर्माण पुरुलिया जिले के एकमात्र काशीपुर में राजा ज्योतिप्रसाद सिंह देव ने करवाया था. राजा के शासनकाल में निर्मित इस अशोक स्तंभ के बारे में बहुत कुछ अज्ञात है. यह अशोक स्तम्भ काशीपुर में उस समय बनाया गया था जब काशीपुर पंचकोट राजवंश की अंतिम राजधानी थी. काशीपुर बाजार क्षेत्र में स्थित यह 'अशोक स्तंभ' न केवल काशीपुर, बल्कि पूरे पुरुलिया जिला वासियों के लिए एक परंपरा और गौरव है. यह अति प्राचीन 'अशोक स्तंभ' कुछ वर्ष पूर्व रखरखाव के अभाव में नष्ट होने के कगार पर था. इसके बाद काशीपुर पंचायत समिति की पहल पर अशोक स्तंभ पर एक शेड बनाया गया. हालांकि, अब काशीपुर के लोग सरकार से इस प्राचीन अशोक स्तंभ के उचित संरक्षण की माँग कर रहे हैं. काशीपुर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक और प्रमुख शिक्षक नंददुलाल गोस्वामी ने बताया कि काशीपुर के तत्कालीन राजा ने काशीपुर क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए एक बोर्डिंग स्कूल बनाने के लिए सरकार को ज़मीन दान में दी थी और उस स्कूल का निर्माण करते समय, राजा ने उस ज़मीन पर भारत के राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में यह 'अशोक स्तंभ' बनवाया था. हालांकि, वह बोर्डिंग स्कूल समय की गोद में पूरी तरह से ढह गया है. उसके अवशेष आज भी प्राचीन इतिहास के साक्षी बने हैं और स्कूल की ज़मीन पर बना, 'अशोक स्तंभ' आज भी समय से जूझता हुआ खड़ा है.

### सीमा पर लाखों की बांग्लादेशी मुद्रा के साथ एक गिरफ्तार

उत्तर 24 परगना। पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर घोजाडांगा सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने, दक्षिण बंगाल फ्रंटियर, बीएसएफ की 102वीं बटालियन, घोजाडांगा (उत्तर पारा) गांव के एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके घर से छः लाख 58 हजार 430 अवैध बांग्लादेशी टाका बरामद किया। रविवार को बीएसएफ की ओर से जारी बयान के मुताबिक, शनिवार रात लगभग आठ बजे घोजाडांगा सीमा चौकी के बीएसएफ जवानों को एक गोपनीय सूचना मिली कि एक भारतीय नागरिक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करके एक बांग्लादेशी नागरिक को बांग्लादेशी मुद्रा सौंपने वाला है। सूचना मिलते ही, घोजाडांगा सीमा चौकी तुरंत हरकत में आई और सभी ड्यूटी पर तैनात जवानों को सतर्क कर दिया गया।

## सावन की सोमवारी

# डिसरगढ़ घाट में शिवभक्तों की उमड़ी भीड़

शुभम संदेश। सांकतोड़िया



श्रावण महीने की चौथी और आखिरी सोमवारी के पूर्व संध्या पर 3 अगस्त रविवार को डिसरगढ़ नदीघाट दामोदर नदी त्रिवेणी संगम पर कांवड़ियों की भारी भीड़ उमड़ी. श्रावण की अंतिम सोमवार को लेकर कांवड़ियों में काफी उत्साह देखा गया.

रविवार को 4 बजे से ही सोमवारी पर बाबा भोलेनाथ को जल अर्पित करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. यहां नदी किनारे बराकर, शीतलपुर, नियामतपुर, चिरकुंडा, पारबेलिया, सालतोड़, नितुरिया आदि दूर दराज और आसपास से सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने रात भर डेरा जमाए रखा. यहां कुछ उत्साहियों द्वारा उनके लिए हल्के खाने पीने की भी व्यवस्था की गई थी. यहां से लोग सुबह स्नान कर, जल लेकर बराकर सिधेश्वरी मंदिर, चंद्रचूड़, ब्रिंचिनाथ शिव मंदिर सहित अन्य शिवमंदिरों में जल अर्पण करने निकलते हैं. इन कांवड़ियों में महिलाओं की भी अच्छी खासी संख्या रहती है.




# स्किल्स हैं आपके अंदर तो नौकरी के मिलेंगे कई विकल्प

एक बढ़िया नौकरी हासिल करने के लिए डिग्री और एक्सपीरियंस के अलावा स्किल्स की भी जरूरत होती हैं। ऐसे में अगर आपके पास डिग्री या एक्सपीरियंस नहीं हो तब भी आपको अच्छी नौकरी मिल सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ नए स्किल्स को सीखना पड़ेगा। चलिए जानते हैं। इसके बारे में।

## कम्युनिकेशन स्किल

अगर आपका कम्यूनिकेशन स्किल अच्छा है तो आप किसी भी तरह की नौकरी कर सकती हैं। कम्यूनिकेशन स्किल अच्छा करना काफी ज्यादा जरूरी हैं। आज के समय में अगर आपका कम्युनिकेशन स्किल अच्छा है तो आपको कही भी नौकरी मिल जाएंगी।

## प्रॉब्लम सॉल्विंग एटिट्यूड

अगर आप किसी टास्क को पूरा कर रही हैं तो उनमें कई सारे प्रॉब्लम भी आएंगे। आपको उस प्रॉब्लम से भागने नही चाहिए। आपको प्रॉब्लम सॉल्विंग एटीट्यूड बनाना होगा। किसी भी मुसीबत से कैसे निकलना है यह आपको पता होना चाहिए। इन चीजों के जरिए ही आप कुछ नई चीजें सीख पाएंगे।

## अंग्रेजी पर दें विशेष ध्यान

अगर आप भीड़ में सबसे अलग दिखना चाहते हैं तो आपको अंग्रेजी पर विशेष ध्यान देना काफी ज्यादा जरूरी है। इसके जरिए ही आपको एक अच्छी नौकरी मिनटों में मिल सकती हैं। इतना ही नहीं, आप अपनी अंग्रेजी से अपने सीनियर को इंप्रेस भी कर सकती हैं। इसके लिए आपको केवल थोड़ी सी प्रैक्टिस की जरूरत है।






# इटली में इटैलियन बच्चों के लिए ही नहीं, इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के लिए भी है स्कॉलरशिप

**इटली बहुत ही सुंदर देश है और इटैलियन वाइन और पिज्जा के बारे में तो पूरी दुनिया जानती है, लेकिन सुंदरता और फूड से परे, इटली में स्टूडेंट्स के लिए भी काफी कुछ है। इटली एक ऐसा देश है जहां आप कई तरह की स्कॉलरशिप का मजा उठा सकते हैं। ये सिर्फ इटैलियन बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि, इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के लिए भी है। इंटरनेशनल स्टूडेंट्स जिनकी फैमिली में लो इनकम होती है उनके लिए यह स्कॉलरशिप अच्छी साबित हो सकती है।**

इटली में स्कॉलरशिप लेकर पढ़ने की सबसे अच्छी बात यह है कि यहां स्टूडेंट्स को स्टाइपेंड भी मिलती है। यानी आपको ना सिर्फ फीस माफी और रहने की जगह मिलेगी, बल्कि आपको पैसे भी मिलेंगे। स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप और एग्जाम्स की जानकारी देने वाली इंफ्लूएंसर ने इससे जुड़ी जानकारी शेयर की है। उन्होंने एक ऐसी स्कॉलरशिप के बारे में बताया जिसे इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के दिया जा रहा है। शर्त यह है कि उनकी फैमिली इनकम काफी कम होनी चाहिए। मिडिल क्लास फैमिली इनकम के बराबर यानी 20 से 22 लाख सालाना या उससे कम।

## MAECI प्रोग्राम

Ministry of Foreign Affairs and International Cooperation (MAECI) जैसा कि नाम बता रहा है, यह विदेश मंत्रालय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग द्वारा दी जाने वाली स्कॉलरशिप है। ॠक्षष्द्ध द्वारा यहा स्कॉलरशिप विदेशी नागरिकों और विदेश में रहने वाले इतालवी स्टूडेंट्स को दी जाती हैं। इसे एक तरह का इंटरनेशनल फॉरेन एक्सचेंज प्रोग्राम ही समझ लीजिए। यह इसलिए दी जाती है ताकि सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। इटली की सरकार स्थानीय इतालवी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा दे रही है जिससे वैश्विक स्तर पर देश की छवि बेहतर हो और अर्थव्यवस्था को भी थोड़ा फायदा मिल सके।

## किन कोर्सेस के लिए मिलती है स्कॉलरशिप?

- मास्टर डिग्री कोर्स
- पीएचडी डिग्री

शैक्षणिक सुपरविजन के तहत रिसर्च मॉड्यूल इतालवी भाषा का कोर्स (केवल 3 महीने के लिए)
जिसे भी MAECI प्रोग्राम के तहत स्कॉलरशिप मिलती है उसे ना सिर्फ ट्यूशन फीस नहीं देनी होती, बल्कि उसे 900 यूरो (83,223 रुपये) मासिक स्कॉलरशिप भी मिलती है। हां, ये स्कॉलरशिप सिर्फ किसी इटैलियन बैंक में ही ली जा सकती है। इसके अलावा, किसी में नहीं।

## IYT प्रोग्राम

IYT (इंवेस्ट योर टैलेंट इन इटली) प्रोग्राम में भाग लेकर, छात्रों को अकादमिक और तकनीकी स्किल्स को विकसित करने का अवसर मिलता है। इस प्रोग्राम के तहत जितनी भी पढ़ाई होती है उसे इंग्लिश भाषा में सिखाया जाता है, इसलिए अगर आपको इटैलियन या इतालवी भाषा नहीं आती, तो भी दिक्कत नहीं है। इसमें मास्टर डिग्री कोर्स और मास्टर प्रोग्राम (1 साल का पीजी डिप्लोमा कोर्स) करवाया जाता है। हालांकि, इसमें बहुत सारे बेनेफिट्स हैं, लेकिन इसके लिए आपको नीचे बताए गए फील्ड्स में से किसी एक का होना होगा–

- इंजीनियरिंग
- एडवांस टेक्नोलॉजी
- इकोनॉमिक्स और मैनेजमेंट
- वास्तुकला (आर्किटेक्चर) और डिजाइन

यहां सिर्फ स्कॉलरशिप नहीं मिलती बल्कि इटैलियन कंपनियों में ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग देकर स्टूडेंट्स को एक्सपीरियंस भी दिया जाता है। यह स्कॉलरशिप काफी अच्छी मानी जाती है और इसके जरिए आप अपने लिए बहुत अच्छा करियर ऑप्शन चुन सकते हैं। इसके साथ ही, आपको IYT में ट्यूशन फीस नहीं देनी होती और साथ ही हर महीने 1000 यूरो दिए जाते हैं जो लगभग 9 महीने मिलते हैं। तो कुल राशि व 9000 मतलब भारतीय मुद्रा में 8 लाख 32 हजार रुपये के आस-पास है।

## DSU

DSU (Diritto allo Studio Universitario) पूरी तरह से इटैलियन प्रोग्राम है जिसमें इटैलियन सरकार और रीजनल ऑर्गेनाइजेशन उन स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप देती हैं जिनके पास पढ़ने के लिए ठीक तरह से पैसे नहीं हैं। इसके लिए इटैलियन यूनिवर्सिटीज में बैचलर्स या मास्टर्स डिग्री के लिए अप्लाई किया जा सकता है।

## DSU की ग्रांट में ये शामिल है

- इंआय के आधार पर ट्यूशन फीस में कटौती या माफी
- इंनि:शुल्क आवास
- इंनि:शुल्क या रियायती भोजन
- इंअतिरिक्त खर्चों को कवर करने के लिए मासिक भुगतान (खेल, किताबें, आदि)
- इंइस स्कॉलरशिप में लगभग 7000 यूरो सालाना यानी 6.47 लाख रुपये के आस-पास दिए जाते हैं।






# एक क्लिक में कई कंपनी में भेज सकते हैं रिज्यूम, कैसे काम करता है एआई जॉब फीचर

**अगर आप जॉब के लिए रिज्यूम भेजने में काफी समय लगता है, तो आप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा ले सकते हैं।**

जॉब सीकर्स के लिए जॉब ढूंढ़ना काफी मुश्किल होता है। इसके लिए रोज-रोज हर जगह रिज्यूम सेंड करना होता है। फिर भी जरुरी नहीं कि उन्हें सफलता मिल ही जाए। कई बार सीवी रिजेक्ट होते हैं और बार-बार कैंडिडेट को उदासी और डिप्रेशन का शिकार होना पड़ता है। हालांकि एक-एक जगह कंपनी को देखते हुए रिज्यूम भेजने में काफी टाइम भी लगता है और कई अवसर तो छूट भी जाते हैं। लेकिन अब इसके लिए ज्यादा परेशान होने की जरुरत नहीं। मार्केट में कई एआई जॉब टूल आ गए हैं, जो आपके सीवी को मिनटों में कई जगह पर खुद ही सेंड कर देते हैं। खास बात ये है कि आपको जॉब एप्लिकेशन फॉर्म भरने की भी जरुरत नहीं पड़ेगी। बस कुछ डिटेल्स को टूल में फिल करनी है। उसके बाद सारी जिम्मेदारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की होती है। ये एक ही बार में हजारों कंपनियों में आपका सीवी भेज सकते हैं। आइए जानते हैं, यह कैसे काम करता है।

## कैसे काम करता है जॉब जीपीटी

- जॉब जीपीटी का क्रोम एक्सटेंशन एड करके आप सिर्फ एक क्लिक में हजारों जगह जॉब के लिए अप्लाई कर सकते हैं।
- इसमें आपको जॉब से रिलेटेड स्किल्स और जॉब लोकेशन जैसे डिटेल्स भरने होंगे।
- इसके बाद एक सेशन में कितनी जगह जॉब अप्लाई करना है उसको भी सिलेक्ट करना होगा।
- यहां आपको लोकेशन, सैलरी, जॉब पोस्टिंग डेट, इंडस्ट्री, एक्सपीरियंस लेवल, जॉब टाइटल और रिमोट/ऑनसाइट बेस्ड हर ऑप्शन पर अपनी मर्जी का जॉब फिल्टर कर सकते हैं।
- इसके बाद कभी भी जब मन करें बस एक सिंगल क्लिक पर आप लगभग 1,000 जॉब के लिए सीवी भेज सकते हैं।

## जॉब जीपीटी के फायदे

लिंक्डइन जैसे जॉब पोर्टल पर भी जॉब जीपीटी फीचर का फायदा मिल सकता है। इसकी खासियत ये है कि इसमें आपके समय की बचत होगी। कम समय में ज्यादा से ज्यादा जगह जॉब के लिए अप्लाई करेंगे। इससे जॉब मिलने की चांसेस भी काफी हद तक बढ़ जाएगी। किसी भी फ्री टाइम में आप इसका आसानी से इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए कोई टाइम की लिमीटेशन भी नहीं होगी।






# इंटरव्यू क्रैक करने के लिए जरूर करें गूगल के 3 फ्री ऑनलाइन कोर्स

**दुनिया की सबसे बड़ी तकनीकी कंपनियों में से एक, आपको इंटरव्यू क्रैक करने में मदद करने के लिए कई मुफ्त ऑनलाइन कोर्स प्रदान करती है। ये कोर्स आपको न केवल तकनीकी जानकारी बल्कि सॉफ्ट स्किल्स भी डेवलप करने में मदद करते हैं, जो किसी भी इंटरव्यू में सफलता की कुंजी हैं।**

गूगल अपने कई डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिये छात्रों एवं पेशेवरों के लिए समय-समय पर ऑनलाइन वर्कशॉप, सेमिनार, इवेंट और ऑनलाइन फ्री कोर्स की पेशकश करता है। गूगल की पहल से शुरू इन कोर्सेज में अक्सर छात्रों व पेशेवरों को उन क्षेत्रों के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है, जिनकी जॉब मार्केट में मांग बढ़ रही है। हाल ही में गूगल ने नौकरी पर आधारित कई ऑनलाइन कोर्स की शुरुआत की है। ये कोर्स उन युवाओं के लिए अधिक उपयोगी हैं, जो पहली बार किसी इंटरव्यू या नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं। साथ ही उन पेशेवरों के लिए भी लाभकारी है, जो नौकरी के साथ-साथ अतिरिक्त कौशलों को सीखना चाहते हैं।
मार्केटिंग स्ट्रेटजी एंड एआई गूगल के मार्केटिंग विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन एक घंटे के इस कोर्स के जरिये ग्राहकों से जुड़ने के लिए एआई का लाभ कैसे उठाया जाए इससे आपको परिचित करवाया जाएगा। इस कोर्स के माध्यम से यह भी बताया जाएगा कि एआई मार्केटिंग परिदृश्य को कैसे बदल रहा है और मार्केटिंग के लिए क्या अवसर मौजूद हैं।

## टेलिंग स्टोरी विद डाटा विजुअलाइजेशन

45 मिनट का यह ऑनलाइन कोर्स आपको एक आकर्षक डाटा विजुअलाइजेशन बनाने के विभिन्न तरीकों के बारे में सिखाएगा। कोर्स के दौरान आपको सही विजुअलाइजेशन का चयन करना भी सिखाया जाएगा। इसलिए यह कोर्स उन छात्रों एवं पेशेवरों के लिए अधिक महत्वपूर्ण है, जो अक्सर स्कूल, कॉलेज या कार्यस्थल पर प्रेजेंटेशन देते हैं।

## सोशल मीडिया स्ट्रेटजी

इस तकनीकी दौर में विभिन्न प्लेटफॉर्म एवं संगठन को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए सोशल मीडिया टीम की आवश्यकता होती है। यह कोर्स उन पेशेवरों के लिए अधिक लाभकारी है, जिनकी सोशल मीडिया में विशेष रुचि है। इस कोर्स में आपको सबसे पहले ऑनलाइन नए ग्राहकों तक पहुंचने की विभिन्न तकनीकों के बारे में बताया जाएगा। साथ ही एक सरल सोशल मीडिया स्ट्रेटजी और सोशल मीडिया पोस्ट बनाने के लिए ऐसे टूल्स के बारे में भी बताया जाएगा, जो आपका कीमती समय बचा सकते हैं।

## बिल्ड ए सीवी एंड राइट ए कवर लेटर

किसी भी नौकरी में आवेदन के लिए आजकल एक अच्छे रिज्यूमे के साथ-साथ एक कवर लेटर भेजने का ट्रेंड भी खूब चलन में है। यदि आपका रिज्यूमे और कवर लेटर दोनों ही बेहतरीन हैं, तो नौकरी में सफल होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। एक घंटे के इस कोर्स में आपको एक अच्छे रिज्यूमे व कवर लेटर में अधिक महत्वपूर्ण जानकारी को साझा करने के तरीकों के बारे में बताया जाएगा। यह कोर्स नौकरी की तलाश करने वाले युवा पेशेवरों को विभिन्न टूल्स से भी परिचित करवाएगा, जिसकी मदद से आप आसानी से नौकरी पा सकते हैं।

**मंथन**

## आरक्षण पर सिर्फ राजनीति नहीं, समाधान होना चाहिए

झारखंड में आरक्षण वृद्धि विधेयक को लेकर उठे सवाल केवल एक राज्य के अधिकारों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह उस बहस का हिस्सा हैं, जो सामाजिक न्याय, प्रतिनिधित्व और संवैधानिक दायित्वों के इर्द-गिर्द घूमती है. कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव का आरोप कि केंद्र सरकार रणनीति के तहत इस विधेयक को लंबित रखे हुए है, गंभीर है और उस अविश्वास को दर्शाता है जो राज्य और केंद्र के बीच तालमेल की कमी को उजागर करता है. विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित आरक्षण वृद्धि बिल को लंबे समय से केंद्र की मंजूरी का इंतजार है. राज्य की 55% पिछड़ी जातियों की आबादी को देखते हुए सवाल वाजिब है कि जब तमिलनाडु जैसे राज्य में 79% आरक्षण संभव है और जब सवर्णों के लिए 10% ईडब्ल्यूएस आरक्षण देकर 50% की सीमा तोड़ी जा सकती है, तो फिर बहुसंख्यक वंचित वर्ग को उनका न्यायसंगत हिस्सा क्यों नहीं? यह मुद्दा केवल आरक्षण की सीमा का नहीं, बल्कि समानता और प्रतिनिधित्व का है. सामाजिक संरचना को देखते हुए आरक्षण सिर्फ अवसर नहीं, बल्कि असमानताओं को पाटने का माध्यम है. यदि इसे राजनीतिक लाभ-हानि की कसौटी पर तौला जाएगा, तो वह समाज में और अधिक असंतुलन और असंतोष को जन्म देगा. झारखंड कांग्रेस द्वारा घोषित महाधरना और संभावित राष्ट्रीय आंदोलन स्पष्ट संकेत है कि यह मुद्दा सड़कों तक पहुंच चुका है. केंद्र सरकार को चाहिए कि वह इस संवेदनशील विषय पर मौन न रहकर राज्य की आवाज को गंभीरता से सुने और संवैधानिक दायित्व का निर्वहन करे. न्याय में देरी, न्याय से इनकार के बराबर होती है.

**नजरिया**

## कुब्बा गांव की त्रासदी, विकास की असल जमीनी सच्चाई है

चतरा के कुब्बा गांव से आई खबर एक बच्चे की दुखद मौत की नहीं, बल्कि हमारी विकास योजनाओं और प्रशासनिक संवेदनशीलता की असफलता की गूंज है. आठ वर्षीय अजय की मौत एक हादसा थी, लेकिन उसके शव को चार किलोमीटर तक कंधे पर ढोते उसके पिता भोला गंझू की विवशता शर्मनाक सच्चाई को उजागर करती है-कि आज भी कई गांव ऐसे हैं, जहां पक्की सड़क तक नहीं पहुंची है. कुब्बा गांव की यह घटना राज्य और केंद्र सरकार की उन घोषणाओं को कठघरे में खड़ा करती है, जिनमें सड़क हर गांव तक पहुंचाने की बातें की जाती रही हैं. अगर गांव तक एंबुलेंस पहुंचने लायक सड़क होती, तो शायद भोला गंझू को वह पीड़ा नहीं सहनी पड़ती, जो एक पिता के लिए किसी यातना से कम नहीं है. यह घटना बताती है कि आपातकालीन सेवाओं की योजना बनाते समय दूर-दराज के गांवों को अक्सर हाशिए पर छोड़ दिया जाता है. प्रशासन की उदासीनता भी सवालों के घेरे में है. घटना की सूचना मिलने के बावजूद कोई तत्काल मदद न पहुंचना सरकारी तंत्र की संवेदनहीनता को दर्शाता है. यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि मानवीय जिम्मेदारी की भी घोर उपेक्षा है. यह समय आरोप-प्रत्यारोप का नहीं, आत्ममंथन का है. जब तक अंतिम व्यक्ति तक बुनियादी सुविधाएं नहीं पहुंचतीं, तब तक 'विकास' एक खोखला शब्द ही रहेगा. कुब्बा गांव की यह त्रासदी नीति-निर्माताओं को झकझोरने के लिए काफी होनी चाहिए.

# परिवार को टूटने बिखरने से बचाना ही होगा

**निशिकांत ठाकुर**

**तलाक से अच्छे अच्छे लोगों के घर परिवार टूट कर बिखर जाते हैं**



**अमेरिकी विश्वविद्यालय की रिपोर्ट में बताया गया है कि विश्व की आबादी 2100 के आने तक आधी रह जाएगी और भारत की आबादी मात्र सौ करोड़ हो जाएगी. शोधकर्ताओं ने भारत का उल्लेख भी किया है और सच में अब ऐसा देखने को मिल रहा है.**

तलाक( वैवाहिक संबंध विच्छेद ) एक ऐसा शब्द है जिसके दर्द व पीड़ा को वही समझ सकता है, ऐसी की दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति आई होगी. यह किसी भी परिवार को अंदर तक झकझोर देने वाली स्थिति होती है. इस पर विचार करने के बदले पुलिस और अदालती चक्करों में ऐसे दाम्पत्य अपनी सुखपूर्ण जीवन को समाप्त कर लेते हैं. जीवन तो सच में दुरूह रास्तों से भरा हुआ है जिन मार्गों को पार करने में 99% तो सफल हो जाते हैं , लेकिन 1 प्रतिशत वे दंपती होते हैं जो इन कठिन रास्तों पर चलने में सफल नहीं हो पाते. वैसे बुराइयों को दूर करने के लिए कुछ समाजसेवी संस्थाएं भी हैं, पर जब उनसे विवाद नहीं सुलझता तो फिर हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ता है.
आखिर तलाक होते क्यों है? इस विषय को जब खोजा गया तो इसमें मूलतः पाया जाता है कि प्रतिबद्धता की कमी, बेवफाई, संघर्ष और बहस, शारीरिक अंतरंगता का अभाव, वित्तीय परेशानियां,और लत.इसके अलावा आपसी समझ की कमी, संचार की कमी, एक दूसरे के प्रति सम्मान की कमी भी तलाक के कारण बन सकती है.अध्ययन में जो कई और कारण सामने आए उनमें प्रतिबद्धता की कमी, जब दरारें आती हैं जैसे पति पत्नी शादी के बाद एक दूसरे के प्रति बेवफा हो जाते हैं. चाहे शारीरिक हो या भावनात्मक, संबंधों में अविश्वास पैदा करने लगते हैं. ध्यान रखने की बात यह है कि हर तलाक के पीछे अलग अलग कारण भी होते है. ऐसे मुद्दे भी होते जो घर के बाहर नहीं आ पाते और तलाक हो जाते हैं, परिवार टूट जाता है. यदि एक एक मुद्दे की व्याख्या करें तो यह अनुसंधान का विषय हो जाएगा. लेकिन एक बात जो सामान्यतः देखने में आती है वह यह कि कई स्थानों पर पुरुष अपने पुरुष प्रधान होने के कारण अत्याचारी हो जाते हैं तो कई मामलों में महिला कानूनी प्रक्रिया की मानसिकता को अपनाते हुए उसका लाभ उठाने का प्रयास करती है. यह ऐसा नहीं है कि इस प्रकार की दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति समाज के किसी खास वर्ग में हो, आज हर वर्ग इसमें उलझा हुआ है. तलाक से परिवार तो टूटता ही है, उसके साथ ही समाज भी इस मुद्दे पर चर्चा कर उसे और विषाक्त कर देता है. जिन्होंने इस कष्ट को भोगा है वह समाज में अलोकप्रिय और उपहास के पात्र हो जाते हैं और समाज ताने मार मार कर उसे छोड़ने या कुछ अनिष्ट करने के लिए मजबूत कर देता है. आज विश्व की एक बड़ी समस्याओं में एक समस्या यह भी है और इसका हल ढूंढ़ने में विश्व में बड़े बड़े शोध किए जा रहे हैं. कई अनुसंधानकर्ताओं का यह भी कहना है कि समाज के कुछ वर्ग विशेष इस तरह अपने कार्यों में व्यस्त हो जाते है कि उनका पति पत्नी का संबंध नहीं के बराबर रह जाता है, वह अपने कार्यों में इतना व्यस्त हो जाते हैं कि एक दूसरे की जानकारी नहीं होती है,संबंध दिन प्रतिदिन कमजोर होने लगते है. फिर स्थिति तलाक तक पहुंच जाती है.
कुछ शोधकर्ताओं का कहना है कि एक सदस्य के नशे की लत के कारण जीवन दूभर हो जाता है फिर परिवार को संबंध विच्छेद करने के लिए मजबूर हो जाना पड़ता है. कुछ शोधकर्ताओं ने अपने शोध में माना कि किसी तीसरे पक्ष चाहे वह महिला हो या पुरुष के आ जाने से रोज मारपीट की स्थिति बनने लगती है और अन्ततः मामला तलाक तक पहुंच जाता है. कई स्थानों पर यह भी पाया जाता है कि आर्थिक स्थिति भी तलाक के कारण बन जाते हैं. कुल मिलाकर यह परम्परा नहीं बल्कि आधुनिक पढ़े लिखे समाज में अधिक होने लगी है. लेकिन यह भी सच है कि महिला तो आदिकाल से ही अपमानित होतीं रही है. साथ ही तर्क यह भी दिया जाता रहा है कि पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं को पुरुषों की बराबरी करने का अधिकार नहीं है. अब विश्व की महिलाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि वो पुरुष से किसी प्रकार पीछे नहीं, लेकिन पुरुष प्रधान की मानसिकता को बदलने में अभी समय लग रहा है और महिलाओं पर अब भी अत्याचार किए जाते हैं. अमेरिकी विश्वविद्यालय के रिपोर्ट में बताया गया है कि विश्व की आबादी 2100 के आने तक आधी रह जाएगी और भारत की आबादी मात्र सौ करोड़ हो जाएगी . उदाहरण कई देशों का देते हुए शोधकर्ताओं ने भारत का भी उल्लेख किया है और सच में अब ऐसा देखने को मिल भी रहा है.
जहां बच्चों की औसत जनसंख्या एक परिवार में दो मानी जाती थी अब वह एक पर सीमित हो गई है. इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि पहले भारतीय संयुक्त परिवार में रहते थे जिनके कारण बच्चों की जिम्मेदारी पूरी तरह उनके ऊपर होती थी, लेकिन अब बच्चों के पालन पोषण की जिम्मेदारी माता पिता को स्वयं उठाना पड़ता है, लेकिन ऐसी स्थिति में तलाक हो गया हो तो उस बच्चे का पालन- पोषण कौन करेगा?
इन्हीं सब मुद्दों पर विचार करते हुए सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस पीएस नरसिम्हा और अतुल एस चांदूरकर की एक पीठ ने तलाक के मामले में दंपती से कहा कि वे आपसी विवाद को सौहाद्रपूर्ण ढंग से सुलझा लें . पीठ ने कहा कि बदले की जिंदगी मत जिएं क्योंकि आगे भी लंबी जिंदगी है. आपको एक अच्छा जीवन जीना चाहिए. न्यायालय की यह सलाह आज के समाज के दोनों पक्षों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण तथा किसी भी विवाहित जीवन को आगे सुखमय बनाएं रखने के लिए बेहतरीन सीख है ,जो नज़ीर बन सकता है. काश, इसका असर विशेषरूप से युवाओं के लिए आदर्श वाक्य हो उनके जीवन को सुखमय बनाने वाली हो . समाज को यही आशा करनी चाहिए इससे समाज का टूटना , संबंध विच्छेद होना हो सकता है कि रुक जाए.

**(लेखक वरिष्ट पत्रकार और स्तंभकार हैं)**

**आज का इतिहास**

1886 : कोलंबिया ने संविधान अंगीकार किया.
1870 : ब्रिटिश रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना.
1929: अभिनेता, गायक, निर्देशक किशोर कुमार का जन्म.
1954 : पाकिस्तान ने हाफीज जलंधरी द्वारा लिखे गीत को राष्ट्रगान के रूप में अपनाया.
1956: देश का पहला परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा शुरू हुआ.
1967: चिनाई बांध नागार्जुनसागर का निर्माण.
1997 : मो. ख़ातमी ने ईरान के नये राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली.
2004 : नासा ने एल्टिक्स सुपर कम्प्यूटर केसी को कल्पना चावला नाम दिया.
2007 : मंगल ग्रह की खोज के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण.
2008 : सरकार ने भारतीय जहाजरानी निगम को नवरत्न का दर्जा दिया.
2020 : कोरोना हाहाकार के बीच हर रोज 50 हजार लोग वायरस से संक्रमित.

## असल पूजा तो दीन-दुखियों पर किया गया उपकार है

**चिंतन**

एक राजा इतना कर्मठ था कि अपना सुख, ऐशो-आराम सब छोड़ कर सारा समय जन-कल्याण में ही लगा देता था. यहां तक कि भगवत-भजन, के लिए भी वह समय नहीं निकाल पाता था. एक सुबह राजा वन भ्रमण करने जा रहा था कि उसे एक देव के दर्शन हुए. राजा ने देव को प्रणाम किया और देव के हाथों में एक पुस्तक देख कर उनसे पूछा- महाराज, आपके हाथ में यह क्या है? देव बोले-राजन! यह हमारा बहीखाता है, जिसमें सभी भजन करने वालों के नाम हैं. राजा ने कहा-कृपया देखिए तो इसमें कहीं मेरा नाम भी है? देव किताब का एक-एक पृष्ठ उलटने लगे, परन्तु राजा का नाम कहीं भी नजर नहीं आया. राजा ने देव को चिंतित देखकर कहा-महाराज! आप चिंतित ना हों, आपके ढूंढ़ने में कमी नहीं है. वास्तव में ये मेरा दुर्भाग्य है कि मैं भजन-कीर्तन के लिए समय नहीं निकाल पाता, और इसीलिए मेरा नाम नहीं है. उस दिन राजा के मन में ग्लानि-सी उत्पन्न हुई लेकिन उन्होंने इसे नजर-अंदाज कर दिया और पुनः दूसरों की सेवा करने में लग गए. कुछ दिन बाद राजा फिर वन में टहलने निकले, तो उन्हें देव के दर्शन हुए, इस बार भी उनके हाथ में पुस्तक थी. लेकिन पुस्तक के रंग और आकार में भेद था, और यह पहली वाली से छोटी भी थी. राजा ने उन्हें प्रणाम करते हुए पूछा-महाराज! आज कौन सा बहीखाता आपने हाथों में है? देव बोले-राजन! आज के बहीखाते में उनके नाम हैं जो ईश्वर को सबसे अधिक प्रिय हैं. राजा बोले-कितने भाग्यशाली होंगे वे लोग? क्या इस पुस्तक में कोई मेरे राज्य का भी नागरिक है? देव ने बही खाता खोला, और ये क्या, पहले पन्ने पर पहला नाम राजा का ही था. राजा ने आश्चर्यचकित होकर पूछा-महाराज, मेरा नाम इसमें कैसे लिखा हुआ है, मैं तो मंदिर भी कभी-कभार ही जाता हूं? देव ने कहा-राजन! इसमें आश्चर्य क्या? जो लोग निष्काम संसार की सेवा करते हैं, उन महापुरुषों का भजन स्वयं ईश्वर करता है. ऐ राजन! तू मत पछता कि तू पूजा-पाठ नहीं करता, लोगों की सेवा कर तू असल में भगवान की ही पूजा करता है. परोपकार और निःस्वार्थ लोकसेवा किसी भी उपासना से बढ़कर हैं.भगवान दयालु हैं. उन्हें खुशामद नहीं भाती बल्कि आचरण भाता है. सच्ची भक्ति तो यही है कि परोपकार करो. दीन-दुखियों का हित-साधन करो.

**X इंडिया पर ट्रेंडिंग**




1. #FriendshipDay
2. #whybringbackmadhuri
3. #BiharSIR_2025
4. मैथिलीशरण गुप्त
5. #खास_दिन_खास_पल
6. #मित्रता_दिवस
7. Celebration With Welfare
8. Emily
9. सुदामा जैसी
10. सूर्य देव

# बहुरंग

## फिर दिखेगा देसी गर्ल का जादू, प्रियंका चोपड़ा की बॉलीवुड में वापसी के कयास



प्रियंका चोपड़ा अब एक ग्लोबल स्टार बन चुकी हैं। हॉलीवुड की कई फिल्मों और शोज़ में शानदार काम करने के बाद उन्होंने दुनियाभर में अपनी एक खास पहचान बना ली है। लंबे वक्त से उनकी बॉलीवुड वापसी की खबरें चर्चा में थीं और अब ऐसा लग रहा है कि इंतजार खत्म होने वाला है। सूत्रों के मुताबिक प्रियंका जल्द ही संजयलीला भंसाली की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लव एंड वॉर' से हिंदी सिनेमा में वापसी करने जा रही हैं। भंसाली की फिल्में स्टाइल और भव्यता के लिए जानी जाती है और प्रियंका की वापसी के लिए इससे बेहतर प्रोजेक्ट शायद ही कोई हो। अब देखना दिलचस्प होगा कि प्रियंका इस बार किन किरदारों और कहानियों के साथ पर्दे पर लौटती हैं।साल 2013 में संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' में प्रियंका चोपड़ा ने आइकॉनिक सॉन्ग 'राम चाहे लीला' पर धमाकेदार डांस परफॉर्म किया था। हाल ही में प्रियंका ने इस गाने से जुड़ी कुछ यादें साझा करते हुए बताया कि इसे करने का फैसला उनके लिए आसान नहीं था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट में लिखा कि इस गाने की शूटिंग और डांस स्टेप्स की रिहर्सल उनके करियर के सबसे चुनौतीपूर्ण अनुभवों में से एक थे। लेकिन उन्होंने यह भी माना कि भंसाली के विज़न और उनके साथ काम करने का अनुभव बेहद खास और प्रेरणादायक रहा। 13 साल बाद भी यह गाना आज भी फैंस के दिलों में ताजा है। प्रियंका चोपड़ा के इंस्टाग्राम पर इस पोस्ट के बाद से ही चर्चा तेज हो गई थी कि वो संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म में एक बार फिर नजर आ सकती हैं। एक करीबी सूत्र के हवाले से बताया गया है कि प्रियंका के बॉलीवुड में वापसी की यह बड़ी शुरुआत हो सकती है। सूत्र का कहना है, प्रियंका चोपड़ा भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में एक स्पेशल डांस नंबर कर सकती हैं। भले ही ये कैमियो हो, लेकिन इसका इमोशनल और विज़ुअल इम्पैक्ट काफी दमदार होगा। इससे उनकी वापसी का संकेत भी मिलता है। अगर ऐसा होता है, तो यह प्रियंका और भंसाली की दूसरी बड़ी क्रिएटिव कोलैबोरेशन होगी, और फैंस के लिए एक ट्रीट से कम नहीं। संजय लीला भंसाली की अगली मेगा प्रोजेक्ट 'लव एंड वॉर' में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की दमदार तिकड़ी नजर आएगी। यह फिल्म एक इमोशनल लव स्टोरी है.

# राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने के बाद सिद्धि विनायक मंदिर पहुंचीं रानी मुखर्जी

**एजेंसी।मुंबई**



मनोरंजन जगत के लिए खास दिन रहा जब 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की घोषणा 01 अगस्त, शुक्रवार को की गई. इस मौके पर बॉलीवुड की दिग्गज अदाकारा रानी मुखर्जी को उनके 30 साल के लंबे करियर में पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया. उन्हें यह सम्मान फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' में दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की श्रेणी में मिला. पुरस्कार प्राप्त करने के बाद रानी मुखर्जी शनिवार को मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने बप्पा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया. यह पल उनके लिए भावनात्मक और खास रहा, और उनके प्रशंसकों के लिए गर्व का क्षणसिद्धिविनायक मंदिर के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर आज रानी मुखर्जी की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की गई हैं, जिनमें वो मंदिर दर्शन के दौरान नीले रंग की पारंपरिक पोशाक में नजर आ रही हैं. रानी का यह सादगी भरा और ट्रेडिशनल लुक उनके फैन्स को बेहद पसंद आया. सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरों पर ढेरों शुभकामनाएं और तारीफों की बौछार हो रही है. रानी मुखर्जी ने साल 2023 में रिलीज़ हुई फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' में देविका चटर्जी की भूमिका निभाई थी. यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है और एक मां के अपने बच्चों की कस्टडी के लिए लड़े गए संघर्ष को दिखाती है. फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों दोनों ने खूब सराहा था. यह फिल्म फिलहाल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है.रानी मुखर्जी के आने वाले प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वह जल्द ही 'मर्दानी 3' में दमदार अवतार में नजर आएंगी. यशराज फिल्म्स ने इस मोस्ट अवेटेड फिल्म की रिलीज़ डेट का एलान कर दिया है. 'मर्दानी 3' 27 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी. रानी मुखर्जी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत फिल्म 'राजा की आएगी बारात' से की थी. इसके बाद उन्होंने 'गुलाम', 'कुछ कुछ होता है', 'साथिया', 'ब्लैक' और 'कभी अलविदा ना कहना' जैसी कई यादगार फिल्में दीं. उन्होंने हर किरदार में खुद को साबित किया है और आज भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाए हुए हैं.

## रजनीकांत की 'कुली' का ट्रेलर रिलीज



जल्द ही कई बड़ी फिल्में रिलीज होने जा रही हैं, जिनमें से एक है रजनीकांत की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कुली'. इस फिल्म का इंतजार सिर्फ साउथ के नहीं बल्कि हिंदी भाषी दर्शक भी बड़ी बेसब्री से कर रहे हैं. यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जो तमिल के साथ-साथ हिंदी और अन्य कई भाषाओं में रिलीज की जाएगी. भारी बजट में बनी इस फिल्म के ट्रेलर का दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे थे और अब आखिरकार उनका ये इंतजार खत्म हो गया है.'कुली' में रजनीकांत का स्वैग देखने लायक है और 3 मिनट लंबे ट्रेलर से यह साफ हो जाता है कि दर्शकों को एक जबरदस्त एक्शन थ्रिलर फिल्म देखने को मिलने वाली है. घड़ियों और सोने की तस्करी की पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म में रजनीकांत एक तस्कर के रूप में नजर आ रहे हैं. वहीं नागार्जुन अक्किनेनी भी जबरदस्त एक्शन मूड में दिखाई दे रहे हैं. 'कुली' लोकेश कनगराज के एलसीयू यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसके तहत वह पहले 'लियो', 'कैथी' और 'विक्रम' जैसी सफल फिल्में बना चुके हैं.कुली' में दर्शकों को कई दमदार एक्शन सीन देखने को मिलेंगे, जिनमें से एक खास सीन रजनीकांत और आमिर खान के बीच होगा. इस सीन में दोनों दिग्गजों के बीच जबरदस्त टकराव देखने लायक होगा. फिल्म 'कुली' के साथ हमसिनी एंटरटेनमेंट अपनी सबसे बड़ी रिलीज की तैयारी कर रहा है.

## विराट कोहली और अब्दुल रज्जाक से रिश्ते पर तमन्ना भाटिया ने तोड़ी चुप्पी



किसी के साथ डेट तो किसी से शादी विराट कोहली और अब्दुल रज्जाक से रिश्ते पर तमन्ना भाटिया ने तोड़ी चुप्पीतमन्ना भाटिया काफी सारी लोगों की पसंदीदा एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल हैं. हालांकि, उनकी एक्टिंग वाकई में तारीफ के काबिल भी होती है, उन्होंने हिंदी फिल्मों के साथ ही साउथ की फिल्मों में भी काम किया है. प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही एक्ट्रेस की पर्सनल लाइफ भी लोगों के बीच चर्चा में होती है, कुछ वक्त पहले तक तमन्ना एक्टर विजय वर्मा को डेट कर रही थीं, लेकिन बाद में दोनों अलग हो गए. हालांकि, एक्ट्रेस का नाम पहले भी कई सितारों के साथ जुड़ चुका है, जिसके बारे में हाल ही में एक्ट्रेस ने बात की है.तमन्ना भाटिया का नाम एक वक्त पर इंडियन क्रिकेटर विराट कोहली और पाकिस्तानी क्रिकेटर अब्दुल रज्जाक के साथ भी जुड़ा था. हाल ही में एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में इन अफवाहों के बारे में खुलासा करते हुए बताया है कि उन्होंने दोनों ही क्रिकेटर को डेट नहीं किया है. एक्ट्रेस ने ये तक बताया कि अब्दुल रज्जाक के साथ केवल उनकी डेटिंग की खबर ही नहीं बल्कि शादी तक की खबर सामने आई थी, जिसको देखकर उन्हें काफी हैरानी भी हुई थी.लल्लनटॉप के साथ बातचीत में तमन्ना से उनकी डेटिंग को लेकर सवाल किया गया




**आचार्य प्रणव मिश्रा**
मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है. नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. शुभांक-2-6-7

**वृष :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे. सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी. मनोरथ सिद्घि का योग है. सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा. प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. शुभांक-2-5-8

**मिथुन :** कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा. आय के अच्छे योग बनेंगे. व्यावसायिक प्रगति भी होगी. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. शुभांक-5-6-7

**कर्क :** अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे ब$ढने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं. शुभांक-6-7-8

**सिंह :** कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. सुख-आनंद कारक समय है. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. आत्मङ्क्षचतन करें. सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. योग्यताएं सम्मान दिलायेगी. शुभांक-3-6-9

**कन्या :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा. वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे. संयमित भाषा का इस्तेमाल करें. कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे. आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा. शत्रुपक्ष से सावधान रहें. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. शुभांक-5-7-8

**तुला :** लाभ में आशातीत वृद्घि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं. किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं. 'आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी. निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. यात्रा परिणाम सुखद रहेगा. शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक :** कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेगी. शुभांक-5-8-9

**धनु :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे. विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे. मन उदास रहेगा. कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं. निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा. नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा. शुभांक-3-5-9

**मकर :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी. अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. शुभांक-1-2-3

**कुंभ :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा. भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी. जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है. आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी. बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. शुभांक-2-6-9

**मीन :** कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गवाएं. विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें. राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें. मान-सम्मान को ठेस लग सकती है. जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें. नये आगंतुकों से लाभ होगा. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी. शुभांक-4-7-8

# सड़क हादसे में दो महिला कांवरियों की मौत

**संवाददाता। बांका**

सावन के पवित्र महीने में गंगाजल लेने जा रहीं महिला कांवरियों के लिए रविवार का दिन कयामत बनकर आया. भागलपुर-हंसडीहा मुख्य मार्ग पर कन्या मध्य विद्यालय पुनसिया बाजार के पास हुए भीषण सड़क हादसे में दो महिला कांवरियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसा मिर्जापुर मोड़ के समीप उस समय हुआ, जब तीनों लोग बाइक से गोड्डा (झारखंड) से भागलपुर गंगाजल लेने जा रहे थे.तेज



रफ्तार से आ रहे ट्रक ने सामने से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी.टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चालक बुरी तरह जख्मी हो गया.दोनों मृतक महिलाएं गोड्डा जिले के मोतिया ओपी क्षेत्र के मांझी टोला की रहने वाली थीं.वे रिश्ते में नंद-भौजाई थीं.सावन के मौके पर गंगाजल लेकर बासुकीनाथ मंदिर जलार्पण करने जा रही थीं.घायल बाइक चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रजौन में भर्ती कराया गया है.स्थानीय पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है.हादसे के बाद इलाके में गम और आक्रोश का माहौल है.ग्रामीणों का कहना है कि जिला प्रशासन ने पहले ही शनिवार रात 10 बजे से मंगलवार सुबह 8 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई थी.इसके बावजूद रविवार को ट्रक कैसे इस मार्ग पर आया, यह सवाल बना हुआ है. स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि क्या प्रशासन की सख्ती सिर्फ कागजों तक सीमित है? भारी वाहनों की नो-एंट्री के बावजूद, ट्रकों का इस मार्ग से गुजरना कानून व्यवस्था पर सीधा सवाल है. ट्रैफिक नियंत्रण और कांवरियों की सुरक्षा के लिए प्रशासन को कठोर कदम उठाने की मांग की जा रही है.कांवड़ यात्रा के दौरान भारी वाहनों पर पूर्ण पाबंदी सुनिश्चित की जाए. जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती हो, ताकि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके.

## ब्रीफ न्यूज

### बाढ़ में डूबकर 15 वर्षीय किशोर की मौत, मातम

**भागलपुर।** जिले के सनोखर थाना क्षेत्र के कुशाहा गांव में रविवार की सुबह एक 15 वर्षीय किशोर मोहम्मद शमीम की मौत बाढ़ के पानी में डूबकर हो गई. ग्रामीणों ने बताया कि शमीम अपने चार पांच दोस्तों के साथ गांव के पश्चिमी बहियार में नहाने गया था, जहांबारिश के कारण बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी. नहाने के दौरान वह पानी के तेज रेत में बह गया और गहरे पानी में चला गया और डूब गया. नहाने गये दोस्तों ने शोर मचाया जिसके बाद ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे. ग्रामीण गोताखोरों की मदद से शमीम को पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी.घटना की जानकारी मिलते ही धुआवै पंचायत के मुखिया आशिष कुमार मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजन से मुलाकात की. मुखिया आशिष ने पीड़ित परिवार को 3,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की.

### पूर्णिया एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूरा, पीएम करेंगे उद्घाटन

**पूर्णिया।** वि्मानपत्तन प्राधिकरण की निगरानी में बन रहे इस हवाई अड्डे के 33.99 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अंतरिम टर्मिनल भवन का कार्य अगस्त 2025 के मध्य तक पूरा होने की संभावना है. निर्माण एजेंसी ने अपने स्तर से 15 अगस्त की डेडलाइन तय की है. इस परियोजना की शुरुआत वर्ष 2015 में 'उड़ान योजना' के तहत हुई थी, लेकिन भूमि अधिग्रहण और तकनीकी अड़चनों के चलते यह प्रोजेक्ट लंबे समय तक ठप रहा. आज जब 69 एकड़ जमीन पर आधुनिक एयरपोर्ट की संरचना तैयार हो रही है, तो यह केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि सीमांचल के भविष्य का आधार बन रहा है. सांसद पप्पू यादव, जो खुद इस परियोजना के प्रबल समर्थक रहे हैं, ने जुलाई में एए आई के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और निर्माण को रफ़्तार देने के निर्देश दिए. वहीं जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने एयरपोर्ट तक चार प्रमुख मार्गों की योजना साझा की हरदा, सतकोदरिया, चूनापुर डीएवी और एक नव प्रस्तावित नया रास्ता.

# त्रृटिपूर्ण मतदाता सूची के आधार पर पैक्स चुनाव कराने की तैयारी

- जांच कराकर चुनाव स्थगित कराने की मांग

**शुभम संदेश। पूर्वी चंपारण**

पूर्वी चंपारण जिले में सहकारिता को जेबकारिता बनाकर सहकारिता आंदोलन को पलीता लगाने की एकबार फिर तैयारी की जा रही है. इसका बड़ा उदाहरण अगामी 26 अगस्त को होने वाले जिले के उन आठ पैक्सो के चुनाव में उभर कर सामने आया है. जहां बताया जा रहा है,कि सहकारिता के पदाधिकारी गण त्रृटिपूर्ण मतदाता सूची के आधार पर पैक्स चुनाव कराने की तैयारी में जुटे है. इसको लेकर बंजरिया प्रखंड के अजगरी पंचायत निवासी चंद्रभूषण पांडेय ने जिलाधिकारी और जिला सहकारिता पदाधिकारी को आवेदन पत्र देकर बताया है,कि अजगरी पैक्स का चुनाव जिस मतदाता सूची के आधार पर होना है,उसमें बड़ी संख्या में नाबालिग व मृत लोगों का नाम दर्ज है.

पत्र में बताया है कि 26 अगस्त को बंजरिया के अजगरी पैक्स का चुनाव होना है. जिस मतदाता सूची के आधार पर चुनाव होना है उसमें क्रम संख्या 1, 21, 27, 28, 30, 35, 36, 40, 43, 46 पर मृत लोगों का नाम दर्ज है. ऐसे करीब तीन सौ लोग है,जो मृत हो चुके है. लिहाजा ऐसे




मृत लोगो के नाम पर बोकस वोटिग होने की संभावना है. इसके साथ ही अजगरी पैक्स के मतदाता सूची में करीब पचास से साठ नाबालिग बच्चो का नाम शामिल किया गया हैं.वही सूची में कुछ ऐसे वोटर के भी नाम शामिल है,जो हालिया परिसीमन में नगर निगम क्षेत्र में चले गये हैं.

श्री पांडेय ने कहा है,कि सूची में कई ऐसे भी नाम है,जिनकी दोहरी प्रवष्टि है.सबसे बड़ी बात तो यह है,कि निष्पक्ष और पारदर्शी पैक्स चुनाव कराने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों को है उन्होने इस त्रृटिपूर्ण मतदाता सूची को वैध बताकर वेरीफाई करते हुए स्वच्छ चुनाव होने दावा किया है,लिहाजा लोगो ने चुनाव में धांधली और पक्षपात होने की आशंका जताते हुए डीएम से वोटर लिस्ट की जांच कराते हुए पैक्स चुनाव स्थगित करने की मांग की है.

# तेजस्वी का फर्जी वोटर आईडी कार्ड मामले में भारी अनियमितता का आरोप

**शुभम संदेश। पटना**

फर्जी वोटर आईडी कार्ड मामले को लेकर बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर चुनाव आयोग (ईसी पर तीखा हमला बोला है. तेजस्वी ने रविवार को कहा कि राज्य में चल रहे गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर भारी अनियमितताएं हुई हैं और आयोग की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि गड़बड़ में भी गड़बड़ी की गई है और जबसे उन्होंने यह मामला उठाया है, तब से आयोग एक भी सवाल का जवाब देने से बच रहा है. तेजस्वी यादव ने कहा, हम बार-बार चुनाव आयोग से सवाल कर रहे हैं, लेकिन आयोग चुप्पी साधे हुए है. आम वोटरों की बात छोड़िए, इस लिस्ट में कई वरिष्ठ आइई एएस अधिकारियों का नाम तक गायब है. यह केवल गलती नहीं, बल्कि एक



सुनियोजित साजिश की ओर इशारा करता है. उन्होंने कहा कि उनके दो मतदाता पहचान पत्र को लेकर चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए कि यह कैसे हुआ. उन्होंने चुनाव आयोग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है. तेजस्वी ने यह भी दावा किया कि मतदाता सूची से जानबूझकर नाम हटाए गए हैं ताकि लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर किया जा सके.

**एफआईआर दर्ज करने की मांग :** दरअसल, बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के खिलाफ चुनाव आयोग से संज्ञान लेने और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है. लालू यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव को लेकर एक दिन पहले ही यह खुलासा हुआ था कि उनके पास दो मतदाता पहचान पत्र है. इसे सबसे बड़ा अपराध बताते हुए एनडीए की ओर से रविवार को साझा प्रेस कांफ्रेस में चुनाव आयोग से दी मांग की गई. जेडीयू मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि जिसे अपनी पहचान पर भरोसा नहीं है वह जनता का नेतृत्व क्या करेंगे. उन्होंने कहा कि तेजस्वी के खिलाफ 7 घोटाला दर्ज है. इसमें अब एपिक घोटाला भी जुड़ गया है. इसे लोकतांत्रिक मूल्यों की अवहेलना बताते हुए नीरज कुमार ने इसे गंभीर अपराध बताया. उन्होंने चुनाव आयोग से मामले में गम्भीरता से संज्ञान लेने और अविलंब एफआईआर दर्ज करने की मांग की. उन्होंने कहा कि यह रिप्रेजेंटेशन ऑफ़ पीपल एक्ट की धारा का उल्लंघन है.

# सीतामढ़ी से चला सियासी तीर, गिरिराज का गरजता बयान

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी की पावन भूमि, जहां माता जानकी का आशीर्वाद समाया हुआ है, वहाँ इस बार राजनीति की आग भी उतनी ही तेज़ भड़की। दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने न केवल सीता मंदिर निर्माण के शिलान्यास हेतु आमंत्रण दिया, बल्कि मंच से विपक्ष पर तीखे और तल्ख़ तीर भी छोड़े। सनातन की 8 अगस्त को प्रस्तावित मंदिर निर्माण कार्यक्रम के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में न्योता देते हुए गिरिराज सिंह ने राजनीतिक मैदान को भी गरमा दिया. उन्होंने कहा, जिस भूमि ने माता सीता को जन्म दिया, वहाँ अब भव्य मंदिर का निर्माण होगा, जो वर्षों से उपेक्षित रहा. गिरिराज सिंह का भाषण महज़ आमंत्रण नहीं, बल्कि विपक्ष के लिए सियासी आगाह था. उन्होंने तेजस्वी यादव पर निजी प्रहार करते हुए कहा कि कल उनकी झूठ की बुनियाद सबके सामने बेनक़ाब हो गई. अपनी पत्नी के नाम और पहचान को छिपाने की क्या जरूरत थी? अगर वो ईसाई थीं, तो इसमें क्या बुराई थी? भारत तो सबको स्वीकार करता है. यहां तक कि उन्होंने सोनिया गांधी का भी ज़िक्र करते हुए कहा कि जब देश ने सोनिया जी को स्वीकार किया, तो तेजस्वी की पत्नी भी इस देश की बेटी हैं.

## न्यूज अपडेट

### पटना के मेट्रो स्टेशन पर महिलाओं को मिलेगी विशेष सुविधा

**पटना।** मेट्रो से यात्रा करने के बाद अब महिलाओं को सीधे पिंक बस की सुविधा मिलेगी. इसके लिए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (आईएस बीटी डीसी) ने विशेष योजना तैयार की है. जिसके तहत हर मेट्रो स्टेशन को पिंक बस सेवा से जोड़ा जाएगा. माना जा रहा है कि अगस्त के तीसरे सप्ताह से पटना मेट्रो का संचालन शुरू हो जाएगा. पहले चरण में मेट्रो का परिचालन अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएस बीटी) से भूतनाथ तक किया जाएगा. इस मार्ग में कुल पांच स्टेशन होंगे आईएस बीटी, जीरोमाइल, भूतनाथ और खेमनीचक. इन स्टेशनों को पिंक बसों से जोड़ा जाएगा ताकि महिला यात्री आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें. हालांकि अगस्त में तीन स्टेशनों को शुरु किया जाएगा. जिसे सितंबर तक बढ़ा कर पांचों स्टेशन पर परिचालन शुरु हो जाएगा. राज्य परिवहन निगम ने शुरुआत में 10 पिंक बसों को मेट्रो स्टेशनों से चलाने की योजना बनाई है. पिंक बसों का संचालन मेट्रो स्टेशनों से राजधानी के विभिन्न इलाकों जैसे गांधी मैदान, पटना जंक्शन, बोरिंग रोड, बेली रोड, सगुना मोड़, दानापुर, पाटलिपुत्र स्टेशन, कुर्जी और पटना सिटी तक किया जाएगा. इन रूटों से महिलाओं को मेट्रो स्टेशन से उतरने के बाद सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का विकल्प मिलेगा.

### बारिश से खेमचंद बीघा रोड की स्थिति काफी खराब

**नवादा।** जिले के खेमचंद बीघा रोड की स्थिति काफी खराब हो गई है. बारिश के बाद सड़क कई स्थानों पर धंस गई है. इससे आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की गुणवत्ता अच्छी नहीं होने के कारण यह समस्या पैदा हुई है. सड़क मात्र 4-5 साल ही चलती है और फिर खराब हो जाती है. इस मार्ग से चार-पांच गांव जुड़े हुए हैं, लेकिन बारिश के कारण 4-5 जगहों पर सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है.बड़े वाहनों के आवागमन में विशेष रूप से दिक्कत हो रही है. स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्हें बाजार जाने में काफी परेशानी होती है. स्कूली बच्चों को भी आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है. स्कूल बसों को भी इन गड्ढों से गुजरने में समस्या होती है.स्थिति और भी चिंताजनक इसलिए है क्योंकि गड्ढों के बगल में ही नदी बहती है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है. स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा दिया है. उनकी मांग है कि जल्द ही इस सड़क की मरम्मत की जाए ताकि आम लोगों को परेशानी न हो. लोग गड्ढों को देखकर सड़क के किनारे से चलने की कोशिश करते हैं, लेकिन यह भी सुरक्षित नहीं है. स्थानीय निवासियों का कहना है कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है.

### जहानाबाद में बढ़ता ही जा रहा डायरिया का प्रकोप जिलाधिकारी ने अधिकारियों की लगायी क्लास

**जहानाबाद।** डायरिया प्रकोप से परेशान जहानाबाद जिले में जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने लापरवाही को लेकर अधिकारियों की क्लास लगा दी. बिहार के जहानाबाद जिले में डायरिया का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है. काको नगर पंचायत क्षेत्र के कई मोहल्लों में डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था पर दबाव बढ़ा है. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने डायरिया प्रभावित इलाकों का दौरा कर हालात का जायजा लिया और स्थानीय प्रशासन को फौरन एक्शन लेने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान डीएम ने नल-जल योजना के खराब क्रियान्वयन, क्षतिग्रस्त पाइपलाइन और मोहल्लों में फैली गंदगी पर कड़ी नाराजगी जताई. उन्होंने पीएचईडी के अभियंता, जूनियर इंजीनियर और नगर पंचायत के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाते हुए चेतावनी दी. अगर स्थिति नहीं सुधरी तो सबको अस्पताल में भर्ती करा दूंगी, एक मिनट में अकल ठिकाने आ जाएगी. डायरिया प्रभावित क्षेत्रों में क्लोरीन मिश्रण, साफ पानी की आपूर्ति और नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं. नगर पंचायत को विशेष सफाई अभियान चलाने और स्वास्थ्य विभाग को हर मरीज पर निगरानी सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं. निरीक्षण के बाद डीएम ने पीएचईडी के कनिष्ठ अभियंता और नगर पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक से स्पष्टीकरण भी तलब किया है.

## कारोबार

### सोना 1 लाख से नी चांदी अब भी रिकॉर्ड पर!

**नयी दिल्ली।** 3 अगस्त को सोने की कीमतें 1 लाख से नीचे बनी रहीं, जबकि चांदी अब भी 1.10 लाख प्रति किलो के पार है. 24 कैरेट सोना 99,810 प्रति 10 ग्राम पर बिक रहा है. बीते 20 सालों में सोना-चांदी ने जबरदस्त रिटर्न दिए हैं, जिससे ये सुरक्षित निवेश विकल्प बने हुए हैं.पिछले कुछ महीनों से सोना और चांदी की कीमतों में लगातार उछाल देखा जा रहा है. जहां एक ओर वैश्विक बाजार में डॉलर मजबूत हुआ है, वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ और ट्रेड वॉर नीतियों के चलते सोना-चांदी निवेशकों के लिए एक बार फिर सुरक्षित ठिकाना बनते जा रहे हैं. ऐसे में भारतीय बाजारों में भी इन दोनों धातुओं के भाव रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए हैं.अगर पिछले दो दशकों की बात करें, तो सोना निवेशकों के लिए सबसे भरोसेमंद संपत्ति बनकर उभरा है. 2005 में जहां सोने की कीमत 7,638 प्रति 10 ग्राम थी, वहीं जून 2025 तक यह आंकड़ा 1,00,000 के पार पहुंच चुका है. यानी करीब 1,200% का जबरदस्त रिटर्न. सिर्फ 2025 के इस साल की बात करें, तो सोना अब तक 31% की बढ़त के साथ बाजार में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाले एसेट्स में शामिल हो चुका है.आज 3 अगस्त 2025 को सोने और चांदी की कीमतों में फिर तेजी देखने को मिली. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एम सी एक्स) के मुताबिक, आज सुबह 10 ग्राम सोने का भाव 99,049 पहुंच गया.

### बेहतर मानसून से खरीफ बुवाई में तेजी

**नई दिल्ली।** इस सीजन खरीफ फसलों की बुवाई पिछले साल की तुलना में अधिक होने की उम्मीद है. अनुसंधान फर्म आईसीआरए की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है. रिपोर्ट के अनुसार अच्छे मानसून की बदौलत खरीफ की बुवाई 76 प्रतिशत पूरी हो चुकी है. जुलाई 2025 तक इसमें चार प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई. जून और जुलाई में बोई जाने वाली खरीफ फसलें मुख्य रूप से मूंग, चावल और मक्का हैं. रिपोर्ट में कहा गया कि अगस्त और सितंबर के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा का आईएमडी का पूर्वानुमान खरीफ फसलों की निरंतर बुवाई के लिए अच्छा संकेत है.

### मुर्तजा अमीन ने सिर्फ 3 लाख के लोन से खड़ी कर दी 8 करोड़ के टर्नओवर वाली कंपनी

इंटर्नशिप में डेटा जुटाने, विश्लेषण और उसका व्यावसायिक इस्तेमाल करने का सिखाया गया तरीका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मध्य प्रदेश के छोटे से शहर बुरहानपुर के साधारण परिवार से आने वाले मुर्तजा अमीन ने बड़ा मुकाम हासिल किया है. उनके पिता इलेक्ट्रीशियन थे. आज मुर्तजा बिजप्रॉस्पेक्स के संस्थापक और सीईओ हैं. यह डेटा बेचने वाली कंपनी है. इसका टर्नओवर 8 करोड़ रुपये है. कंपनी में 100 से ज्यादा कर्मचारी हैं. इसके ऑफिस बुरहानपुर और नागपुर में हैं. मुर्तजा ने 3 लाख रुपये के लोन से इसकी शुरुआत की थी. उनकी कहानी छोटे शहर से सफलता की बुलंदियों को छू लेने की प्रेरणादायक गाथा है.

मुर्तजा अमीन का जन्म मध्य प्रदेश के छोटे से शहर बुरहानपुर में हुआ था. लेकिन, उनके सपने बड़े थे. 19 साल की उम्र में



इंजीनियरिंग कॉलेज छोड़कर वह मुंबई चले गए. मायानगरी में उन्होंने प्राइसबाबा में इंटर्नशिप करते हुए डेटा की दुनिया को समझा. इस इंटर्नशिप ने उन्हें डेटा जुटाने, विश्लेषण और उसका व्यावसायिक इस्तेमाल करने का तरीका सिखाया. यहीं से उन्हें डेटा की ताकत का एहसास हुआ. इसी जुनून के साथ मुर्तजा अमीन ने 2013 में सिर्फ 3 लाख रुपये का लोन लेकर अपनी खुद की डेटा कंपनी बिजप्रॉस्पेक्स की नींव रखी.

# मस्क को 2 हजार करोड़ का झटका टेस्ला को भरना होगा हर्जाना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क को हजारों करोड़ रुपये का झटका लगा है. अमेरिका में एक जूरी ने टेस्ला कंपनी को साल 2019 के एक हादसे के पीड़ितों को 243 मिलियन डॉलर (2000 करोड़ रुपये से ज्यादा) का भुगतान करने का आदेश दिया है. आरोप है कि यह हादसा टेस्ला की 'ऑटोपायलट' ड्राइवर असिस्टेंट टेक्नोलॉजी में खराबी के कारण हुआ था.

पीड़ितों का कहना है कि टेस्ला का सिस्टम हादसे के लिए आंशिक रूप से जिम्मेदार है. 22 साल की नैबेल बेनाविड्स लियोन की मौत हो गई थी. उनके बॉयफ्रेंड, डिलन एंगुलो, गंभीर रूप से घायल हो गए थे. उनकी कार से टक्कर तब हुई जब वे देर रात सड़क किनारे तारे देख रहे थे.



टेस्ला के ड्राइवर ने माना कि उसका ध्यान उसके सेलफोन से भटक गया था. लेकिन जूरी ने यह भी माना कि टेस्ला की ऑटोपायलट टेक्नोलॉजी भी फेल हो गई थी. इसलिए कंपनी अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती.

**अमीरों की लिस्ट में दूर होगा एलन मस्क का अकेलापन!**

**गौतम अडानी टॉप 20 से बाहर**

**किसे कितना हर्जाना?**

कोर्ट के रिकॉर्ड के अनुसार, जूरी ने लियोन के परिवार को 200 मिलियन डॉलर का दंडात्मक हर्जाना और 59 मिलियन डॉलर का मुआवजा दिया. एंगुलो को 70 मिलियन डॉलर का हर्जाना दिया गया.

### एचसीएलटेक: सीईओसी विजय कुमार का बढ़ा कार्यकाल

**नयी दिल्ली**, एचसीएलटेक के बोर्ड ने 1 अप्रैल 2025 से सीईओ सी विजयकुमार का नया वेतन 8.6 मिलियन डॉलर लागू करने की मंजूरी दे दी है. यह मौजूदा वेतन से 71 फीसदी अधिक है. इसमें स्थिर वेतन और बोनस दोनों में बढ़ोतरी की गई है. एससीएलटेक ने सीईओ सी विजयकुमार पर मेहरबानी दिखाते हुए उनका कार्यकाल फिर से बढ़ा दिया है. विजयकुमार ने वित्त वर्ष 2024-25 में 10.85 मिलियन डॉलर (करीब 94.6 करोड़ रुपये) कमाए. यह वेतन उन्हें भारत की आईटी कंपनियों के सबसे ज्यादा कमाने वाले सीईओ में शामिल करता है. उन्होंने टीसीएस और इंफोसिस के सीईओ से भी ज्यादा वेतन पाया.कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, एचसीएलटेक के बोर्ड ने अगले वित्तीय वर्ष के लिए उनका वेतन 18.6 मिलियन डॉलर (करीब 154 करोड़ रुपये) करने की मंजूरी दे दी है. यह मौजूदा वेतन से 71 फीसदी अधिक है.

### रूसी तेल से दूरी भारत को पड़ सकती है भारी

**नयी दिल्ली।** अमेरिका ने रूस से तेल खरीदना जारी रखने पर भारत को जुर्माना भुगतने की धमकी दी है. जुर्माने की धमकी के चलते अगर भारत रूसी तेल को खरीदना बंद करता है तो उसे भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है. विशेषज्ञों का कहना है कि रूस से तेल आयात बंद करने के बाद भारत का वार्षिक तेल आयात बिल 9-11 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है. हालांकि भारत अमेरिका के दबाव के आगे झुकता नहीं दिख रहा है. रूस, कच्चे तेल का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है, जिसका रोजाना का तेल उत्पादन करीब 9.5 मिलियन बैरल/प्रतिदिन है. यह वैश्विक मांग का करीब 10 प्रतिशत है. रूस, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक देश भी है, जो लगभग 4.5 मिलियन बैरल प्रति दिन कच्चा तेल और 2.3 मिलियन बैरल प्रति दिन परिष्कृत उत्पादों का निर्यात करता है. साल 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूसी तेल के बाजार से बाहर होने की आशंका थी, जिससे वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें बढ़ने की आशंका पैदा हो गई. भारत ने इसे अच्छा मौका समझा और इसे लपक लिया.

**वादों का क्या?**

आर्थिक आंकड़े ट्रंप के 'स्वर्ण युग' वादे की पोल खोलते आ रहे नजर

# आर्थिक आंकड़े हैं काफी कमजोर ट्रंप की नीतियों का दिखने लगा असर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पिछले साल जब अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव हो रहा था, तो डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में 'स्वर्ण युग' लाने की बात कही थी. उन्होंने कहा था कि वह चुनाव जीतने के बाद न केवल अमेरिका को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएंगे, बल्कि इस देश को फिर से महान भी बनाएंगे. वह चुनाव जीत गए और व्हाइट हाउस में दूसरी बार एंट्री ली. लेकिन अब उनके वादे कुछ खोखले नजर आ रहे हैं.हाल ही में आए अमेरिका के आर्थिक आंकड़े ट्रंप के 'स्वर्ण युग' लाने के वादे की पोल खोलते नजर आ रहे हैं. एपी की खबर के मुताबिक ये आंकड़े काफी कमजोर



हैं और बताते हैं कि ट्रंप की नीतियों का असर अब दिखने लगा है. यह आने वाले समय में अमेरिका के लिए यह चिंताजनक हो सकता है. आंकड़ों के मुताबिक अमेरिका में नौकरियां कम हो रही हैं. महंगाई बढ़ रही है. पिछले साल की तुलना में आर्थिक विकास धीमा हो गया है.

ट्रंप को राष्ट्रपति बने छह महीने से ज्यादा हो गए हैं. इस दौरान उन्होंने टैरिफ में बढ़ोतरी की है. टैक्स और खर्च से जुड़े नए बिल लाए हैं. उन्होंने अमेरिका के व्यापार, मैन्युफैक्चरिंग, ऊर्जा और टैक्स सिस्टम को अपनी पसंद के अनुसार बदल दिया है. अगर उन्हें कोई फायदा होता है, तो वे तुरंत उसका श्रेय लेते हैं. लेकिन, अगर आर्थिक स्थिति खराब होती है, तो वे किसी और को दोष देने के लिए तैयार रहते हैं. अभी तक तो यह वह तेजी नहीं है जिसका वादा ट्रंप ने किया था. अब वे अपने डेमोक्रेटिक पूर्ववर्ती, जो बाइडेन को दोष नहीं दे सकते. क्योंकि, दुनिया की अर्थव्यवस्था उनकी हर बात और सोशल मीडिया पोस्ट पर टिकी हुई है. जबकि नौकरियों की रिपोर्ट निराशाजनक है.

### पूर्वी भारत में खाद्य क्षेत्र के विस्तार की बड़ी संभावना, आइसक्रीम बाजार पर टिकी निगाहें

**नई दिल्ली** , उद्योग जगत का कहना है कि पूर्वी भारत में खाद्य उद्योग में विकास की अपार संभावनाएं हैं. उन्होंने विनिर्माण केंद्र की जरूरत के ऊपर जोर दिया. साथ ही कहा कि इस क्षेत्र में आइसक्रीम बाजार में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है. द्योग जगत के लीडर्स का मानना है कि पूर्वी भारत में खाद्य उद्योग क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं. यह टिप्पणी शनिवार को इंटरनेशनल कोलकाता फूडटेक 2025 के उद्घाटन सत्र में की गई. साथ ही उन्होंने इस क्षेत्र में मौजूदा चुनौतियों का भी जिक्र कियालीडर्स के अनुसार बेकरी क्षेत्र में पूर्वी भारत अग्रणी है, लेकिन आइसक्रीम की श्रेणी में यह अभी भी पीछे है. ड्रीम बेक की सीईओ नेमिशा घिया ने टिकाऊ पैकेजिंग को अपनाने का आह्वान किया. साथ ही हितधारकों से अपील किया कि वे इस बात का पता लगाएं कि यह क्षेत्र किस प्रकार उद्योग में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सकता है.

# भारतीय वाहन-टायर उद्योग को एशियाई देशों से ज्यादा नुकसान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने शनिवार को कहा कि भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ घरेलू वाहन कलपुर्जा उद्योग और टायर विनिर्माताओं को जापान, वियतनाम और इंडोनेशिया जैसे एशियाई समकक्षों की तुलना में अधिक नुकसान पहुंचाने वाला है.इक्रा ने कहा कि भारत के वाहन कलपुर्जा निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 27 प्रतिशत और टायर निर्यात में 17 प्रतिशत है. इसलिए टैरिफ में बढ़ोतरी से भारतीय विनिर्माताओं को जापान, वियतनाम और इंडोनेशिया जैसे एशियाई समकक्षों की तुलना में नुकसान होगा, जहां कम या तरजीही शुल्क लागू हैं. इसमें कहा गया है कि खासकर ऑफ-हाइवे और सिर्फ टायर खंड में, और विभिन्न वाहन कलपुर्जा में शुल्क में बढ़ोतरी से भारतीय आपूर्तिकर्ताओं की



प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो सकती है. हालांकि, पहले भारतीय टायर निर्यातकों को चीनी प्रतिस्पर्धियों पर मामूली बढ़त हासिल थी लेकिन अब अन्य दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों को दी जाने वाली कम शुल्क दरों से यह बढ़त कम हो सकती है. वाहन कलपुर्जा उद्योग ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) के लिए 80.2 अरब डॉलर (6.73 लाख करोड़ रुपये) का कारोबार दर्ज किया, जो वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है.

# जडेजा छठे स्थान पर विदेशी सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले तीसरे, गारफील्ड-वसीम के क्लब में शामिल

एजेंसियां। लंदन

भारतीय टीम के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज रवींद्र जडेजा ने शनिवार को अर्धशतकीय पारी के साथ धमाल मचा दिया है. वह छठे या उससे निचले स्थान पर विदेशी टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए. बता दें कि, भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला लंदन के द ओवल पर खेला जा रहा है. भारत ने इंग्लैंड के सामने 374 रन का लक्ष्य रखा है. इंग्लैंड ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 50 रन बना लिए हैं। दिन का खेल समाप्त होने तक बेन डकेट 48 गेंदों में 34 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं. इससे पहले भारत की दूसरी 396 रन पर समाप्त हुई थी. वहीं, इंग्लैंड की पहली पारी 247 पर समाप्त हुई थी जबकि भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए. इस आधार पर मेजबानों को भारत पर 23 रनों की बढ़त हासिल हुई. अब इंग्लैंड को जीत के लिए 324 रन बनाने होंगे.

**सिराज ने किया क्राउली को बोल्ड:** 374 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम को दिन का खेल समाप्त होने से ठीक पहले मोहम्मद सिराज ने करारा झटका दिया. उन्होंने आखिरी गेंद पर जैक क्राउली को बोल्ड किया. वह 36 गेंदों में 14 रन बनाकर आउट हुए. क्राउली और बेन डकेट के बीच पहले विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी हुई. दिन का खेल समाप्त होने तक डकेट 48 गेंदों में चार चौके की मदद से 34 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं.

**जडेजा ने हासिल की बड़ी उपलब्धि:** ओवल टेस्ट की दूसरी पारी में जडेजा ने शानदार प्रदर्शन किया और 53 रन बनाकर आउट हुए. इसी के साथ वह छठे या उससे निचले स्थान पर विदेशी टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए. जडेजा ने इस दौरे पर 516 रन बनाए. इस मामले में शीर्ष पर सर गारफील्ड सोबर्स हैं, जिन्होंने 1966 में इंग्लैंड के खिलाफ 722 रन बनाए. दूसरे स्थान पर पाकिस्तान के वसीम राजा हैं, जिन्होंने 1976/77 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 517 रन बनाए थे. जडेजा ने छठे या उससे निचले स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए विदेशी टेस्ट में सर्वाधिक 50+ स्कोर बनाने के मामले में वेस्टइंडीज के गैरी एलेक्जेंडर और पाकिस्तान के वसीम राजा की बराबरी कर ली. तीनों के नाम छह-छह अर्धशतकीय पारियां दर्ज हो गई हैं. इसके अलावा जडेजा इंग्लैंड में किसी सीरीज में सर्वाधिक 50+ स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए. इस मामले में उन्होंने सुनील गावस्कर, विराट कोहली और ऋषभ पंत को पीछे छोड़ दिया. तीनों के नाम पांच-पांच अर्धशतकीय पारियां दर्ज हैं.





### विदेशी टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे निचले स्थान पर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज

| बल्लेबाज | रन | विपक्षी टीम | साल |
|---|---|---|---|
| सर गारफील्ड सोबर्स (वेस्टइंडीज) | 722 | इंग्लैंड | 1966 |
| वसीम राजा (पाकिस्तान) | 517 | वेस्टइंडीज | 1976/77 |
| रवींद्र जडेजा (भारत) | 516 | इंग्लैंड | 2025 |
| स्टीव वॉ (ऑस्ट्रेलिया) | 506 | इंग्लैंड | 1989 |

### विदेशी टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे निचले स्थान पर सर्वाधिक 50+ स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज

| बल्लेबाज | 50+ स्कोर | विपक्षी टीम | साल |
|---|---|---|---|
| गैरी अलेक्जेंडर (वेस्टइंडीज) | 6 | ऑस्ट्रेलिया | 1960/61 |
| वसीम राजा (पाकिस्तान) | 6 | वेस्टइंडीज़ | 1976/77 |
| रवींद्र जडेजा (भारत) | 6 | इंग्लैंड | 2025 |

### भारत की दूसरी पारी

यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने भारतीय टीम को मुकाबले के दूसरे दिन (शुक्रवार) दूसरी पारी में अच्छी शुरुआत दिलाई. दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी हुई, जिसे जोश टंग ने तोड़ा। उन्होंने राहुल को रूट के हाथों कैच कराया. वह 28 गेंदों में सात रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए साई सुदर्शन 11 रन बनाकर आउट हुए. उन्हें गस एटकिंसन ने एलबीडब्ल्यू आउट किया. इस दौरान यशस्वी जायसवाल ने 44 गेंदों में अपना 13वां अर्धशतक पूरा किया। मौजूदा सीरीज में यह उनका तीसरा पचासा है. दिन का खेल समाप्त होने तक बाएं हाथ के बल्लेबाज 51 और आकाश दीप चार रन बनाकर डटे थे. दूसरी पारी में भले ही केएल राहुल सात रन बनाकर आउट हो गए. हालांकि, उन्होंने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली. वह सेना (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे भारतीय सलामी बल्लेबाज बन गए. मौजूदा सीरीज में केएल राहुल ने 532 रन बनाए हैं. वहीं, इस मामले में शीर्ष पर सुनील गावस्कर हैं. पूर्व बल्लेबाज ने 1979 में इंग्लैंड दौरे पर एक टेस्ट सीरीज में 542 रन बनाए थे. तीसरे स्थान पर मुरली विजय हैं, जिन्होंने 2014-15 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 482 रन बनाए थे. केएल ने पहली पारी में 14 रन बनाए थे.

### इंग्लैंड में किसी एक सीरीज में सर्वाधिक 50+ स्कोर बनाने वाले भारतीय

| बल्लेबाज | 50+ स्कोर | साल |
|---|---|---|
| रवींद्र जडेजा | 6 | 2025 |
| सुनील गावस्कर | 5 | 1979 |
| विराट कोहली | 5 | 2018 |
| ऋषभ पंत | 5 | 2025 |

तीसरे दिन के खेल की शुरुआत दो विकेट पर 75 रन के स्कोर से हुई. यशस्वी 51 और आकाश दीप चार रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे. दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 107 रनों की साझेदारी हुई. नाइटवॉचमैन के तौर पर बल्लेबाजी के लिए आए आकाश दीप बल्लेबाजी में चमक गए। उन्होंने 70 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का पहला अर्धशतक लगाया. आकाश दीप 66 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें ओवरटन ने एटकिंसन के हाथों कैच कराया.

लंच के बाद भारत को चौथा झटका लगा. कप्तान शुभमन गिल 11 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें गस एटकिंसन ने एलबीडब्ल्यू आउट किया. इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए करुण नायर कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए. वह 32 गेंदों में 17 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें भी एटकिंसन ने ही पवेलियन की राह दिखाई. इस दौरान यशस्वी जायसवाल ने 127 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का छठा शतक पूरा किया. वह शानदार फॉर्म में नजर आए. इंग्लैंड के खिलाफ यह उनका चौथा शतक है जबकि मौजूदा सीरीज में दूसरा सैकड़ा है. वह 118 रन बनाकर आउट हो गए.

तीसरे सत्र में रवींद्र जडेजा ने मोर्चा संभाला. उन्होंने ध्रुव जुरेल के साथ 50 रनों की साझेदारी निभाई और अपना अर्धशतक पूरा किया. जडेजा 77 गेंदों में 53 रन बनाकर आउट हुए जबकि जुरेल ने 34 रन बनाए. वहीं, वाशिंगटन सुंदर ने भी अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया और 46 गेंदों में 53 रन बनाकर पवेलियन लौटे. मोहम्मद सिराज अपना खाता भी नहीं खोल पाए. वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा खाता खोले बिना क्रीज पर मौजूद रहे. इंग्लैंड के लिए जोश टंग ने पांच, गस एटकिंसन ने तीन और जेमी ओवरटन ने दो विकेट झटके.

## कमेंट्री बॉक्स में भिड़ गए पार्थिव और बांगर

**नयी दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच ओवल टेस्ट मैच में कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। टीम इंडिया ने दूसरी पारी में 396 रन बनाकर इंग्लैंड के सामने एक पहाड़ जैसा टारगेट रखा है. इस तरह दूसरी पारी में टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार खेल दिखाया. खास तौर से लोअर ऑर्डर में बल्लेबाजी करने उतरे वाशिंगटन ने तूफानी अंदाज में 53 रन बनाए. इस मैच से पहले वाशिंगटन ने टीम इंडिया के बेहतरीन शतकीय पारी खेली थी, जिसके कारण मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ हुआ था. इसी को लेकर कमेंट्री बॉक्स में पार्थिव पटेल और संजय बांगर के बीच एक रोचक बहस देखने को मिली, जिसका कारण बना टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर का एक फैसला. संजय बांगर का मानना था कि वॉशिंगटन सुंदर को ओवल टेस्ट की दूसरी पारी में 9वें नंबर बैटिंग के लिए भेजना सही नहीं था. उन्हें 5वें नंबर पर खेलना चाहिए था. इसी पोजीशन पर मैनचेस्टर में उन्होंने शतक जड़ा था. वहीं ध्रुव जुरेल जिन्हें ऊपर मौका दिया गया वह अच्छा नहीं खेल पाए.

# ओवल टेस्ट रोमांचक मोड़ पर, भारत ने इंग्लैंड को दिया 374 रनों का लक्ष्य

एजेंसियां। केनिंग्टन ओवल (लंदन)

भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे पांचवें टेस्ट मैच ने तीसरे दिन के खेल के बाद रोमांचक मोड़ ले लिया है. भारत ने इंग्लैंड के सामने 374 रनों का विशाल लक्ष्य रखा है, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने स्टम्प्स तक 01 विकेट पर 50 रन बना लिए हैं.

अब इंग्लैंड को जीत के लिए 324 रन और चाहिए जबकि भारत को 9 विकेट की दरकार है. तीसरे दिन इंग्लैंड की दूसरी पारी में 13.5 ओवर का ही खेल हो सका. मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड को पहला झटका देते हुए जैक क्रॉली (14 रन) को चलता किया. बेन डकेट तेजी से रन बना रहे हैं और 48 गेंदों में 34 रन बनाकर नाबाद हैं.

भारतीय टीम की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही. केएल राहुल (7 रन) और साई सुदर्शन (11 रन) जल्दी पवेलियन लौट गए. लेकिन इसके बाद यशस्वी जायसवाल और नाइटवॉचमैन के रूप में आए आकाशदीप ने मोर्चा संभाला. जायसवाल ने 164 गेंदों में 118 रन बनाए जिसमें 14 चौके और 2 छक्के शामिल थे. आकाशदीप ने शानदार 66 रन (94 गेंद, 12 चौके) की पारी खेली और अपने टेस्ट करियर का पहला अर्धशतक जड़ा.



इसके बाद शुभमन गिल (11) और करुण नायर (17) सस्ते में आउट हो गए. टीम का स्कोर 229/5 था. यहीं से रवींद्र जडेजा ने 77 गेंदों में 53 रन (5 चौके) की अर्धशतकीय पारी खेली. ध्रुव जुरेल ने भी 34 रन बनाए. आखिर में वाशिंगटन सुंदर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 46 गेंदों में 53 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 4 छक्के शामिल रहे. उनकी इस पारी ने भारत को सम्मानजनक बढ़त दिलाई. इंग्लैंड के लिए जोश टंग ने 125 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि गस एकटिंसन को 3 और जेमी ओवरटन को 2 विकेट मिले. क्रिस वोक्स इस मैच में चोट के कारण गेंदबाजी नहीं कर सके, जिससे इंग्लैंड की गेंदबाजी कमजोर दिखी.

### इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट खेलने के बाद बोले सिराज

# मैं आराम नहीं, बस मैच के बारे में सोचता हूं

एजेंसियां। लंदन

भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां और आखिरी टेस्ट रोमांचक स्थिति में पहुंच चुका है. भारत के 374 रन के लक्ष्य के जवाब में तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने एक विकेट गंवाकर 50 रन बना लिए हैं. इंग्लिश टीम को जीत के लिए और 324 रन बनाने हैं. हालांकि, इस सीरीज में मोहम्मद सिराज की गेंदबाजी चर्चा का विषय रही है. बिना रुके, बिना थके इस तेज गेंदबाज ने पांचों टेस्ट में हिस्सा लिया और जरूरत पड़ने पर विकेट भी निकाले हैं. सिराज के नाम फिलहाल सीरीज में सबसे ज्यादा 19 विकेट हैं.

उन्होंने 10 पारियों में अब तक 160 ओवर के करीब गेंदबाजी की है और ज्यादातर प्रभावशाली रहे हैं. इस मैराथन सीरीज के दौरान क्या एक बार भी उनके मन में शारीरिक तौर पर ब्रेकडाउन का ख्याल नहीं आया? यह पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वह आराम के बारे में नहीं, बल्कि हमेशा मैच के बारे में सोचते हैं। इस वक्त वर्कलोड मैनेजमेंट शब्द काफी ज्यादा चलन में है, क्योंकि जसप्रीत बुमराह को इसके तहत तीन टेस्ट में ही खिलाया गया. वहीं, सिराज का पांच टेस्ट मैचों में खेलते रहना और 19 विकेट लेना उनकी विश्वस्तरीय फिटनेस और बेहतरीन स्टैमिना का प्रमाण है.




पूर्व भारतीय खिलाड़ी दिनेश कार्तिक के साथ स्काई स्पोर्ट्स को दिए एक इंटरव्यू में सिराज ने कहा, 'मैं ब्रेकडाउन के बारे में नहीं सोचता. मैं सिर्फ मैच के बारे में सोचता हूं. मुझे देश के लिए खेलना पसंद है और मैं देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं. मैं अपनी योजनाओं को सरल रखता हूं और अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता हूं और इससे नतीजे भी मिलते हैं.'

जसप्रीत बुमराह कार्यभार प्रबंधन के कारण सिर्फ तीन टेस्ट ही खेल पाए. उनकी अनुपस्थिति में सिराज ने अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाली। सिराज ने कहा कि उन्हें जिम्मेदारी उठाना अच्छा लगता है. सिराज ने कहा, 'मुझे जिम्मेदारी पसंद है. लेकिन मुझे जस्सी भाई की भी कमी खलती है क्योंकि वह सीनियर गेंदबाज हैं. वह उदाहरण पेश करते हैं कि हमें अलग-अलग बल्लेबाजों को कैसी गेंदबाजी करनी है. मुझे यह पसंद है. जब जस्सी भाई नहीं होते तो आपको पता है कि आपको अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी होगी और मुझे इसमें मजा आता है. मैं अतिरिक्त दबाव नहीं लेता और चीजों को सरल रखने की कोशिश करता हूं.'

# दुबई में भारत-पाकिस्तान के बीच महामुकाबला

**एशिया कप**

एजेंसियां। नयी दिल्ली

एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने एशिया कप के मुकाबलों के लिए स्थानों का एलान कर दिया है. पुरुष क्रिकेट टीम के बीच होने वाला एशिया कप 9 से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाएगा. टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप मुकाबला रविवार (14 सितंबर) को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा. टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की टीमें एक ही ग्रुप में हैं. ऐसे में रविवार (21 सितंबर) को सुपर 4 मैच में फिर से उनके आमने-सामने होने की उम्मीद है.

### टूर्नामेंट का आयोजन 9 से 28 सितंबर तक: नकवी

इससे पहले नकवी ने 'एक्स' पर टूर्नामेंट की औपचारिक घोषणा की. नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष भी हैं. नकवी ने पोस्ट किया, 'मुझे यूएई में एसीसी पुरुष एशिया कप 2025 की तारीखों का एलान करते हुए खुशी हो रही है. यह टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक आयोजित होगा.

**भारत के अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ:** टीम इंडिया एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ करेगा. भारत के सभी मैच दुबई में खेले जाने की संभावना है. भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान को ग्रुप-ए में रखा गया है. ऐसे ही श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हांगकांग ग्रुप-बी में हैं. एसीसी 19 मैचों के इस टूर्नामेंट के लिए 17 सदस्यीय टीमों को अनुमति देगा। मैच दुबई और अबू धाबी में खेले जाएंगे.

**आयोजन स्थल का फैसला 24 जुलाई को हुआ:** एशिया कप के लिए आयोजन स्थल का फैसला 24 जुलाई को एसीसी की बैठक में किया गया था. बैठक में सभी 25 सदस्य देशों ने भाग लिया था.

# डिविलियर्स ने पाकिस्तान को धोया, साउथ अफ्रीका ने जीता खिताब

एजेंसियां। लंदन

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ़ लीजेंड्स के फाइनल में पाकिस्तान चैंपियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 195 रन बनाए. ये बड़ा लक्ष्य भी एबी डिविलियर्स की तूफानी पारी के आगे बौना सा लगा, साउथ अफ्रीका ने 16.5 ओवरों में इसे हासिल कर 9 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की. डिविलियर्स को फाइनल और डब्ल्यूसीएल 2025 टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ प्लेयर चुना गया.

**पाकिस्तान ने दिया था 196 का लक्ष्य:** मोहम्मद हफीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था. सलामी बल्लेबाज शरजील खान ने 44 गेंदों में 76 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली थी, इसमें उन्होंने 4 छक्के और 9 चौके लगाए थे. उम्र अमीन ने अंत में 19 गेंदों में 3 छक्के और इतने ही चौके लगाकर नाबाद 36 रन बनाए. आसिफ अली ने 15 गेंदों में 28 रन बनाए. पाकिस्तान चैंपियंस ने 20 ओवरों में 195 रन बनाए.



लक्ष्य का पीछा करते हुए हाशिम आमला और एबी डिविलियर्स ने पहले विकेट के लिए 6 ओवरों में 72 रन बनाए. आमला 14 गेंदों में 18 रन बनाकर साइड अजमल की गेंद पर कैच आउट हुए. डिविलियर्स ने विस्फोटक अंदाज में पारी का आगाज किया और इसे पहले विकेट गिर जाने के बाद भी जारी रखा.

**डिविलियर्स ने शतकीय पारी खेली :** न्होंने 60 गेंदों में 200 की स्ट्राइक रेट से नाबाद 120 रन बनाए, इस पारी में उन्होंने 7 छक्के और 12 चौके जड़े. सोहैल तनवीर ने 2 ओवर डाले, जिसमें उन्होंने 16 की इकॉनमी से 32 रन दिए. इमाद वसीम ने 2 ओवरों में 38 रन खर्चे. इम्पैक्ट प्लेयर बनकर आए वहाब रियाज ने 3 ओवरों में 33 रन दिए. कुल मिलाकर डिविलियर्स ने पाकिस्तान के हर मुख्य गेंदबाज की पिटाई की. जीन पॉल डुमनी ने भी 28 गेंदों में 50 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, इसमें उन्होंने 2 छक्के और 4 चौके जड़े.

### डिविलियर्स ने लगाया तीसरा शतक

डिविलियर्स को मैच और वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ़ लीजेंड्स 2025 का सर्वश्रेष्ठ प्लेयर चुना गया. ये डिविलियर्स का इस संस्करण का तीसरा शतक था, इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड (116) और ऑस्ट्रेलिया (123) के खिलाफ सेंचुरी लगाई थी. इंडिया चैंपियंस के खिलाफ भी उन्होंने नाबाद 61 रन बनाए थे. इस टूर्नामेंट के दौरान उनका एक बयान काफी वायरल हुआ था, जिसमें वह बोल रहे थे कि कौन कहता है कि मैं इंडियन नहीं हूं. वह भारत में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले विदेशी प्लेयर्स में से एक हैं.

### महेंद्र सिंह धौनी का बयान : सीएसके की बल्लेबाजी में अब समस्या नहीं है

# ऋतुराज की वापसी और अगले सीजन को लेकर भी की बात

शुभम संदेश डेस्क

भारत के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धौनी का मानना है कि ऋतुराज गायकवाड़ की वापसी आईपीएल के अगले सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स की बल्लेबाजी को मजबूत करेगी. गायकवाड़ पिछले सत्र में कोहनी की चोट के कारण आईपीएल के शुरुआती मैचों से बाद ही बाहर हो गए थे. गायकवाड़ की जगह धौनी ने चेन्नई सुपरकिंग्स की कप्तानी संभाली थी, लेकिन पांच बार की चैंपियन टीम की बल्लेबाजी लगातार संघर्ष करते रही. टीम 14 मैचों में से सिर्फ चार जीत के साथ तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर रही थी. धौनी ने चेन्नई में एक निजी समारोह के दौरान इस बात का संकेत दिया कि चेन्नई की टीम गायकवाड़ को टीम में बनाए रखेगी. उन्होंने कहा, 'हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित थे, लेकिन मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी क्रम काफी व्यवस्थित है. ऋतुराज वापसी करेंगे. उन्हें चोट लगी थी। वह वापसी करेंगे तो अब हम काफी व्यवस्थित हो जाएंगे.'




धौनी गायकवाड़ की सीएसके में वापसी से खुश हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि फ्रेंचाइजी इस साल के अंत में होने वाली छोटी नीलामी के जरिए टीम को और मजबूत करने की कोशिश करेगी. उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कहूंगा कि हमने (आईपीएल 2025 में) ढिलाई बरती. कुछ कमियां थीं जिन्हें हमें दूर करने की जरूरत थी. दिसंबर में एक छोटी नीलामी होने वाली है. हम उन कमियों को दूर करने की कोशिश करेंगे.' गायकवाड़ ने अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच सीएसके के लिए आठ अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच है. धौनी ने स्वीकार किया कि पिछले दो सत्र में सुपर किंग्स का प्रदर्शन उम्मीद से काफी कमजोर रहा है. उन्होंने कहा कि टीम के लिए उन कमियों को पहचानना जरूरी है. इस 44 साल के खिलाड़ी ने कहा, 'हां, पिछले कुछ साल हमारे लिए अच्छे नहीं रहे हैं. हम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं. लेकिन जरूरी यह है कि आप सीख लें. हां, आपका सत्र खराब रहा. लेकिन क्या गलती हुई? और यही सवाल पिछले साल भी हमारे सामने था.'

# 1 गेंद पर चाहिए थे 4 रन, जेसन ने चौका मारकर जिताया रोमांचक मैच

- दूसरे टी20 में पाकिस्तान हारा

एजेंसियां। बारबडोस

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को दूसरे टी20 में 2 विकेट से हराया. ये रोमांचक मुकाबला आखिरी गेंद तक चला. शाहीन शाह अफरीदी ने आखिरी ओवर डाला, जिसकी आखिरी गेंद पर जेसन होल्डर ने चौका मारकर अपनी टीम को जीत दिलाई. होल्डर ने गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन किया, 4 विकेट लेकर उन्होंने ड्वेन ब्रावो का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा. 3 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है, अब तीसरा मुकाबला निर्णायक होगा. वेस्टइंडीज को जीत के लिए 134 रनों का लक्ष्य मिला था. लेकिन टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही. मोहम्मद नवाज ने दोनों सलामी बल्लेबाज एलिक एथनाज (2) और ज्वेल एंड्रू (12) को सस्ते में आउट किया, इसके बाद उन्होंने कप्तान शाई होप (21) का भी विकेट लिया. गुडाकेश मोती (28) के बाद अंत में जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड ने महत्वपूर्ण पारी खेलकर अपनी टीम को रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से जीत दिलाई.





शाहीन शाह अफरीदी को आखिरी ओवर में 8 रन डिफेंड करने थे, जो एक मुश्किल काम था लेकिन दूसरी ही गेंद पर उन्होंने रोमारियो शेफर्ड (15) को आउट कर मैच का रुख पलट दिया. मैच आखिरी गेंद तक पहुंच गया और वेस्टइंडीज को आखिरी गेंद पर 4 रन चाहिए थे. अफरीदी ने वाइड गेंद फेंक दी, जिसके बाद अब 3 रन चाहिए थे. अगली गेंद पर जेसन होल्डर ने चौका मारकर अपनी टीम को 2 विकेट से जीत दिलाई.

## ब्रीफ न्यूज

### सर्पदंश से सात वर्षीय बच्ची की हुई मौत

**चरही (हजारीबाग)।** चुरचू प्रखंड के बोदरा पंचायत अंतर्गत टोला बागजोबरा गांव में सर्पदंश की एक दर्दनाक घटना सामने आई है. शनिवार देर रात एक विषैले सांप के काटने से सात वर्षीय बच्ची अनुष्का किस्कु की मौत हो गई. मृतका गांव के रंजीत किस्कु की पुत्री थी. परिजनों के अनुसार, अनुष्का रात को घर में कंबल ओढ़कर सो रही थी, इसी दौरान एक जहरीला सांप कंबल पर चढ़ आया और उसे मुंह में डस लिया. बच्ची की चीख सुनकर घरवालों को घटना का पता चला. उन्होंने तुरंत प्राथमिक उपचार के बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल, हजारीबाग ले जाने का प्रयास किया.

### हरिनारायण सिंह के निधन पर जेजेए ने जताया शोक

**चतरा।** रांची के वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन से झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन (जेजेए) चतरा कमिटी और जिले के सभी पत्रकारों में गहरा शोक व्याप्त है. जेजेए ने कहा कि हरिनारायण सिंह का जाना पत्रकारिता जगत के लिए एक मजबूत स्तंभ के अचानक छूट जाने के समान है, जो अत्यंत दुखद और अपूरणीय क्षति है. उन्होंने पत्रकारिता में निष्ठा, संवेदनशीलता और समाज सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया. हरिनारायण सिंह को पत्रकारों में सच के निर्भीक सिपाही और जनभावनाओं के प्रखर प्रवक्ता के रूप में याद किया जाता है. चतरा के पत्रकारों ने सोशल मीडिया के माध्यम से शोक व्यक्त करते हुए परिवार के प्रति संवेदनाएं जताई हैं और ईश्वर से उन्हें इस कठिन समय में धैर्य और शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है.

### बोलेरो और बाइक में टक्कर, युवक घायल

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के बेलकतरी मोड़ के पास रविवार को बोलेरो और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई. जानकारी के अनुसार बोलेरो (संख्या जेएच12सी 3454) कोडरमा की ओर से आ रही थी, तभी कटहाडीह रोड से अचानक बाइक (संख्या जेएच12पी 3816) आ गई. बाइक को देख बोलेरो चालक ने ब्रेक मारकर टक्कर टालने की कोशिश की, लेकिन दूरी कम होने के कारण दोनों वाहनों की टक्कर हो गई. इस घटना में बाइक सवार गोपालडीह निवासी राहुल सिंह को मामूली चोटें आईं. स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया. गनीमत रही कि हादसा ज्यादा गंभीर नहीं हुआ, अन्यथा एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी.

### चौपारण में लंपी का प्रकोप टीकाकरण की मांग

**चौपारण।** प्रखंड में लंपी स्किन डिज़ीज़ ने मवेशियों को अपनी चपेट में ले लिया है, जिससे पशुपालकों में गहरी चिंता फैल गई है. दुर्गा मंडप क्षेत्र समेत आसपास के गांवों में मवेशियों में गांठें, बुखार और दूध उत्पादन में गिरावट जैसे लक्षण देखे जा रहे हैं. बरसात के मौसम में मच्छरों के जरिए फैलने वाली इस वायरल बीमारी ने 269 गांवों में फैले पशुधन को खतरे में डाल दिया है. पशु चिकित्सक डॉ. अमन कुमार ने बताया कि टीकाकरण ही इसका प्रभावी बचाव है, लेकिन फिलहाल सीमित वैक्सीन उपलब्ध है. प्राथमिकता के आधार पर कुछ क्षेत्रों में टीकाकरण चल रहा है. पशुपालकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रत्येक पंचायत में मोबाइल टीमें भेजी जाएं, मच्छर नियंत्रण हेतु फॉगिंग हो और बीमार मवेशियों को अलग रखने की ग्राम स्तर पर सलाह दी जाए.

# संस्कारशील बचपन से बनती है संस्कारित पीढ़ी : सन्नी अग्रवाल

शुभम संदेश। झरिया





सावन के पवित्र अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा ने एक भव्य 'बाल कांवड़ यात्रा' का आयोजन किया. यात्रा का शुभारंभ बालिका विद्या मंदिर से हुआ और इसका समापन श्री सत्यनारायण मंदिर, लाल बाजार में जलाभिषेक के साथ हुआ. इस दौरान पूरा वातावरण 'हर हर महादेव' के जयघोष से गूंजता रहा.

**नन्हे कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक :** इस यात्रा में 4 से 10 वर्ष की आयु के कुल 23 नन्हे कांवड़ियों ने भाग लिया. उन्होंने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक किया. वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रथम रीत जलान, द्वितीय वेदिका शाह, तृतीय यतिका अग्रवाल, कांवड़ सजावट प्रतियोगिता में प्रथम आदविक अग्रवाल, द्वितीय प्रियांशी चौधरी, तृतीय लेकिशा शर्मा बनें. सभी प्रतिभागियों को मंच की ओर से प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया. मंच के अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि बचपन में दिए गए धार्मिक और सांस्कृतिक संस्कार व्यक्ति के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण होते हैं. उन्होंने इस यात्रा को परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का माध्यम बताया.

कार्यक्रम के सह-संयोजक सन्नी अग्रवाल ने कहा कि इन नन्हे शिवभक्तों के समर्पण को देखकर गर्व होता है. उन्होंने कहा कि यह यात्रा बच्चों में भक्ति, अनुशासन और सामूहिकता की भावना पैदा करती है. पुरस्कार वितरण श्री सत्यनारायण मंदिर के सभागार में हुआ, जिसमें मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल और उनकी टीम ने निर्णायक की भूमिका निभाई. श्री श्रवण अग्रवाल ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजनों को आवश्यक बताया.

आयोजन में शिल्पा झुनझुनवाला, बीरेंद्र अग्रवाल, जया शर्मा, सुनीता शर्मा सहित मंच के अनेक पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष विवेक लिल्हा और आभार ज्ञापन सचिव दीपक अग्रवाल ने दिया. यह आयोजन बच्चों के मन में भक्ति और परंपराओं का बीजारोपण करने का एक सफल प्रयास रहा.

## बदुलिया में बछड़े का चमड़ा और अंग मिलने से मचा हड़कंप

# ग्रामीणों में आक्रोश पुलिस जांच में जुटी

शुभम संदेश। जयनगर (कोडरमा)



थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरौन के बदुलिया गांव के समीप बहने वाली सोती नदी में रविवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब स्थानीय ग्रामीणों ने एक बछड़े का छीला हुआ चमड़ा, कटा हुआ सिर, खून और अन्य अंग झाड़ी में पड़े हुए देखे. घटना की जानकारी पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई, जिसके बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए.

इस घटना को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह नदी की ओर मवेशी चराने गए कुछ ग्रामीणों ने सबसे पहले यह दृश्य देख दंग रह गए. इसकी सूचना ग्रामीण को जैसे ही मिली उन्होंने देखा कि नदी किनारे खून फैला हुआ है और एक बछड़े का चमड़ा व आंतरिक अंग जमीन पर बिखरे पड़े हैं. कुछ दूरी पर जानवर का सिर भी बरामद हुआ है जिसे लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया.

घटना को लेकर ग्रामीणों में कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं. ग्रामीणों ने कहा कि यह पशु तस्करी से जुड़ा मामला हो सकता है, जिसमें चमड़े और मांस का अवैध कारोबार किया जाता है. क्योंकि इस तरह खुले में चमड़ा निकाल कर अंग छोड़ देना सामान्य मामला नहीं लगता. ग्रामीणों ने आगे बताया कि हमारे गांव से बछड़ा एवं गाय सप्ताह महीना मे गायब होता है. हाल ही में चार पशु गायब हुए हैं. आशंका है कि अज्ञात लोगों के द्वारा गायब हुए पशु को भी क्रूरता के साथ वध कर तस्करी कर दिया जाता है.

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह एसआई संजय सिंह, एएसआई आशीष हांसदा दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली. इस दौरान मौके से जानवर के अंग और अन्य सबूतों को जब्त कर लिया है. ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों की पहचान कर जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए. उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे. मौके पर मनोज शास्त्री, अनुज पांडेय,आदित्य कुमार यादव, सुमित राय, प्रकाश पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, बसंत राय, मुन्ना राय, राहुल पांडेय,सुरेंद्र यादव, किशोर यादव, विवेक साव, रंजीत राय, आनंद पाण्डेय सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे. वहीं थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह से बात करने पर उन्होंने कहा कि अफवाह में ना पड़े, पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# हाथियों का आतंक, फसलों को पहुंचा रहे हैं नुकसान



शुभम संदेश। डोमचांच (कोडरमा)

डोमचांच प्रखंड के नावाडीह पंचायत स्थित जेरुआडीह गांव में शनिवार की रात दो जंगली हाथियों के आतंक से ग्रामीणों में दहशत फैल गई. हाथियों ने स्थानीय निवासी मिथिलेश मेहता के घर की चारदीवारी तोड़ दी और खेतों के रास्ते नवाडीह गांव की ओर निकल गए. गृहस्वामी को घटना की जानकारी तब हुई जब उन्होंने सीसीटीवी फुटेज देखा, जिसमें दो हाथी घर के सामने से आते हुए चारदीवारी को गिराते दिखे. हाथियों के पदचिन्ह खेतों में भी पाए गए हैं. सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने देर रात मौके पर पहुंच कर हाथियों की तलाश की. वन विभाग के अनुसार, हाथी चरकीपहरी के रास्ते जंगल की ओर निकल गए. माना जा रहा है कि ये दोनों हाथी अपने झुंड से बिछड़ कर गांवों की ओर भटक रहे हैं और इस दौरान कई जगह नुकसान पहुंचा रहे हैं. इससे पहले भी फुलवरिया गांव में हाथियों के हमले में छह मवेशियों की जान जा चुकी है. हाथियों के लगातार गांवों में घुसने से लोग भयभीत हैं और रात में घरों से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है, जब हाथियों ने गांव में तबाही मचाई हो. वे प्रशासन से हाथियों को गांव से दूर रखने के लिए तत्काल ठोस उपाय करने और सुरक्षा मुहैया कराने की मांग कर रहे हैं. साथ ही जिन लोगों के घर व फसलें क्षतिग्रस्त हुई हैं, उन्हें मुआवजा देने की भी मांग की जा रही है

### एससी-एसटी मंच ने किया सावन मिलन समारोह

**हजारीबाग।** हुरहूरू स्थित नियंत्रण पैलेस में सावन के पावन अवसर पर अखिल भारतीय एससी-एसटी एकता मंच द्वारा सावन मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मंच के सभी कामरेड और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की उपस्थिति में की गई. उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया. अध्यक्ष ने भी अपने जिला के पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी. समारोह में महिलाओं को चूड़ी, सिंदूर, बिंदी और मेहंदी देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया.

# प्रदीप सिंह बने विहिप कोडरमा के जिला मंत्री

शुभम संदेश। चंदवाहा (कोडरमा)



विश्व हिंदू परिषद (विहिप) झारखंड प्रांत की प्रांत कार्यसमिति बैठक रविवार को रामगढ़ के सिद्धि विनायक बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने की, जबकि केंद्रीय सह मंत्री एवं विशेष संपर्क प्रमुख अंबरीश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. अंबरीश सिंह ने कहा कि हिंदू समाज की रक्षा के लिए सभी कार्यकर्ताओं को गांव-गांव, घर-घर जाकर जनजागरण करना होगा.

उन्होंने संगठन की मजबूती पर जोर दिया. इस दौरान प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्रा द्वारा संगठन के नए दायित्वों की घोषणा की गई. कोडरमा जिला के जिला मंत्री पद की जिम्मेदारी प्रदीप सिंह को सौंपी गई, जबकि पंकज दुबे को जिला उपाध्यक्ष और विनय कुमार सिन्हा को जिला धर्म प्रसार प्रमुख बनाया गया. बैठक में कोडरमा से कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे जिनमें अरविंद सिंह, मनोज चंद्रवंशी, सुषमा सुमन, अजय वर्मा, राजू यादव, रंजन राज, विनोद वर्णवाल, कृष्णा प्रसाद राणा समेत अनेक कार्यकर्ता शामिल थे. साथ ही झारखंड प्रांत और अन्य जिलों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे.

# दुर्गा पूजा को लेकर ओरिया में भव्य बैठक

शुभम संदेश। हजारीबाग



सदर प्रखंड के ओरिया स्थित दुर्गा मंडप मुख्य मंच पर रविवार को ग्रामीणों की ओर से दुर्गा पूजा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया दिलीप पासवान ने की जबकि संचालन सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद कुमार पासवान ने संभाला. बैठक की शुरुआत माता रानी के भगवत उद्घोष और जयकारे के साथ हुई. पिछले वर्ष के आय-व्यय प्रस्तुत किए गए और सभी सदस्यों ने पूजा को और अधिक भव्य और पारंपरिक बनाये रखने पर सहमति जताई. बैठक में सार्वजनिक दुर्गा पूजा महासमिति, ओरिया के लिए नई कमिटी का गठन किया गया. अध्यक्ष पद पर पंकज कुमार गुप्ता, सचिव पद पर उमेश पासवान, संयुक्त सचिव रितेश कुमार सिन्हा और कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार पासवान चुने गए. इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों को भी नियुक्त किया गया.

इस वर्ष ओरिया में दुर्गा पूजा के 50 वर्ष पूर्ण होने पर 'गोल्डन जुबली' वर्ष मनाने का ऐतिहासिक और भव्य संकल्प लिया गया. सभी सदस्यों ने परंपरा और आधुनिकता के संगम से पूजा को विशेष बनाने की प्रतिबद्धता जताई.

बैठक में पूजा से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई और धूमधाम से आयोजन करने का निर्णय लिया गया. बैठक के अंतिम चरण में पूर्व विधायक प्रतिनिधि बिजय कुमार के असामयिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई. इस अवसर पर समाजसेवी शंभु गोप, पूर्व मुखिया दिलीप पासवान, पूर्व अध्यक्ष उदय शंकर पासवान, कौलेश्वर साव, बालेश्वर साव, बबलू यादव, गिरजा राम पासवान, सतीश सिन्हा, अजय यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे. यह बैठक ओरिया के ग्रामीणों के लिए दुर्गा पूजा को विशेष और यादगार बनाने का संकल्प साबित हुई

**परेशानी** हंटरगंज के कोबना में कच्चा मकान ढहा, भतीजी घायल, बोले मुकेश

# अबुआ आवास मिलता तो नहीं होता हादसा

विनोद यादव। चतरा



हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत कोबना गांव में शनिवार को दोपहर करीब दो बजे तेज बारिश के कारण एक कच्चा मकान भरभराकर गिर गया. इस हादसे में घर के अंदर मौजूद चाचा मुकेश पासवान (28) और उनकी तीन वर्षीय भतीजी नंदनी कुमारी मलबे में दब गईं. हालांकि, गांववालों की तत्परता से दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है. परिवार के सदस्यों ने बताया कि हादसे से ठीक पांच मिनट पहले सभी लोग किसी काम से घर से बाहर निकल चुके थे, सिर्फ मुकेश और नंदनी घर के अंदर चौकी पर बैठे थे. अचानक मकान गिर पड़ा और दोनों मलबे में दब गए. शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर घायलों को बाहर निकाला.

घटना के बाद पीड़ित मुकेश पासवान ने बताया कि अगर समय पर अबुआ आवास की सुविधा मिल गई होती तो आज यह हादसा नहीं होता. उन्होंने कहा कि कई बार आवेदन देने के बावजूद आज तक उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिला. मुकेश के पिता शिवकुमार पासवान ने बताया कि हर बार कहा जाता है कि आवेदन प्रोसेस में है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ.

घटना की जानकारी मिलते ही हंटरगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप ने कहा कि यह बेहद दुखद घटना है और प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. उन्होंने बताया कि फिलहाल बेघर हुए परिवार को नजदीकी पंचायत भवन में अस्थायी रूप से शिफ्ट किया जाएगा. जब उनसे पूछा गया कि आखिर इस गरीब परिवार को अबुआ आवास का लाभ क्यों नहीं मिला, तो उन्होंने बताया कि लाभार्थियों की सूची लंबी है और इस परिवार का नाम सूची में पीछे है. हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मुकेश की मां को पहले ही अबुआ आवास का लाभ मिल चुका है. घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है, खासकर उन परिवारों में जो अभी भी कच्चे मकानों में रह रहे हैं. ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत तत्काल मुआवजा देने और बाकी जरूरतमंदों को जल्द आवास योजना का लाभ देने की मांग की है.

### मांडू में ज्योति क्लब बना नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता

हजारीबाग। सांसद खेल महोत्सव-2025 के अंतर्गत आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन 3 अगस्त को मांडू प्रखंड के लईयो स्थित लुगू बाबा मैदान में हुआ. टूर्नामेंट का उद्घाटन 27 जुलाई को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने किया था. इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला ज्योति क्लब तापिन और एएसएफसी लईयो टीम के बीच खेला गया, जिसमें ज्योति क्लब तापिन ने 1-0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया. बारिश से भीगे मैदान में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमें पहले हाफ तक बराबरी पर रहीं. मध्यांतर के बाद तापिन टीम ने निर्णायक गोल दागा. टूर्नामेंट में घाटो क्षेत्र की कुल 48 टीमों ने भाग लिया. मुख्य अतिथि मांडू विधायक निर्मल महतो, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, द्वारिका सिंह, रंजन चौधरी थे.

## एक नजर

### गार्ड बहाली के दो आयोजक हिरासत में

**टुंडी।** अग्रिम रक्षक सर्विस प्राईवेट लिमिटेड के तहत गार्ड बहाली प्रक्रिया में एसएसपी के पत्र में थाने के बाहर लिखे शब्द को छेड़छाड़ कर थाने के अंदर बहाली प्रक्रिया किए जाने पर मनियाडीह पुलिस ने संज्ञान में लेते हुए दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. बता दें कि इन दिनों सभी थाना क्षेत्र में गार्ड बहाली की प्रक्रिया अग्रिम रक्षक सर्विस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की जा रही है. इस कंपनी को एसएसपी के लेटर पैड में सारी प्रक्रिया थाना के बाहर करने का जिक्र निर्देशित है. जबकि कंपनी के लोगों द्वारा युवाओं की बहाली प्रक्रिया थाना के अंदर की जा रही थी व उक्त लेटर पैड पर छेड़छाड़ की गई है. मनियाडीह पुलिस ने जब दोनों लेटर को मिलान किया तो सच्चाई उजागर हुई. तत्काल इसकी सूचना वरीय पुलिस अधिकारियों दी गई. तब इन पर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया. तब मनियाडीह थाना की पुलिस ने गार्ड बहाली करा रहे संतोष कुमार सिंह पतरातु रामगढ़ और विजय मुंडा रांची को हिरासत में ले लिया. दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है. इस कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही जा रही है.

### कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी को लेकर ग्रामीणों की बैठक

**चुरचू (हजारीबाग)।** चुरचू प्रखंड के जरबा गांव में इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी को धूमधाम से मनाने की तैयारी शुरू हो गई है. इसी सिलसिले में रविवार को देवी मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने की, जबकि संचालन समाजसेवी रामचंद्र रवि ने किया. बैठक में पिछले वर्ष हुए आयोजन की लेखा-जोखा प्रस्तुत की गई और इस वर्ष को और अधिक भव्य तरीके से मनाने का संकल्प लिया गया. निर्णय लिया गया कि मंदिर परिसर में अखंड कीर्तन, भजन-कीर्तन और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. आयोजन को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं. बैठक में मुख्य रूप से राजेश राम, महेश राम, सोमर साव, राम दुलार राम, दिलीप कुमार, संतोष कुमार, बिनोद साव, गणेश ठाकुर, नितेश माली, नंदलाल, सरजु रविदास, वीरेंद्र कुमार, कौशलेश कुमार, महेंद्र कुमार माली, डोली साव, प्रकाश ठाकुर, उदय कुमार वर्मा और उदित कुमार सहित कई ग्रामीण एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे. सभी ने आयोजन में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया.

### पत्रकारिता जगत ने खोया एक निर्भीक योद्धाः निसार

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कमेटी हजारीबाग के मीडिया विभाग के अध्यक्ष निसार खान ने वरिष्ठ पत्रकार और दैनिक अखबार के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि हरिनारायण सिंह लम्बे समय से पत्रकारिता से जुड़े रहे और कई प्रतिष्ठित दैनिक पत्रों में अपनी सेवाएं दीं. उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है. निसार खान ने कहा कि हरिनारायण सिंह मृदुभाषी, मिलनसार, कुशल संपादक और निर्भीक पत्रकार होने के साथ-साथ एक समर्पित समाजसेवी भी थे. उन्होंने निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता की मिसाल पेश की. ऐसे व्यक्तित्व का जाना पत्रकारिता जगत के लिए एक बड़ा धक्का है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है. उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकसंतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य व सहन शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की.

### कमल राम मेहता की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई

**इचाक।** आरएम प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय चंदा में संस्थापक स्व. कमल राम मेहता की चौथी पुण्यतिथि विचार सह चिंतन दिवस के रूप में मनाई गई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान प्राप्त सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक देवचरण दांगी थे. विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद सदस्य रामलखन दांगी तथा सम्मानित अतिथि जदयू प्रदेश महामंत्री अर्जुन कुमार मेहता, मुखिया बसंत मेहता और समाजसेवी राजू लाल वर्मा मौजूद रहे. समारोह की शुरुआत स्व. कमल राम मेहता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई. मुख्य अतिथि देवचरण दांगी ने उनके योगदान को याद करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके प्रयासों को अनुकरणीय बताया और सरकार से मरणोपरांत उन्हें शिक्षाविद् के रूप में सम्मान देने की मांग की. कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बटेश्वर मेहता ने की और संचालन शिक्षक आनंद कुमार राणा ने किया. वक्ताओं ने छात्रों से मेहनत और समर्पण से पढ़ाई करने की अपील की. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र और स्थानीय लोग उपस्थित रहे.

### सेवानिवृत्त चौकीदारों को थाने में दी गई भावभीनी विदाई

**चतरा।** जिले के हंटरगंज थाना में वर्षों तक सेवा देने वाले दो वरिष्ठ चौकीदारों, कमलेश पासवान और हरिंदन गोप को रविवार को उनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावभीनी विदाई दी गई. इस अवसर पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू शर्मा ने की जबकि संचालन थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने किया. थाना प्रभारी ने अपने संबोधन में दोनों चौकीदारों के अनुशासित कार्य व्यवहार और निष्ठापूर्ण सेवा की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि कमलेश पासवान और हरिंदन गोप की कार्यशैली से अन्य कर्मियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि इनकी कमी हमेशा खलेगी. सेवानिवृत्त कर्मियों ने पुलिस विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्य करने का अवसर मिला, जिसके लिए वे कृतज्ञ हैं. उन्हें अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया. समारोह में एसआई दिलीप कुमार, पुरषोत्तम अग्निहोत्री, नितेश प्रसाद, राजदेव पांडे, वीरबहादुर सिंह सहित कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे.

### ध्वजाधारी धाम तक कांवर पदयात्रा की तैयारी पूरी

**कोडरमा।** श्रावण मास की अंतिम सोमवारी पर तिलैया स्थित झरनाकुंड से ध्वजाधारी धाम तक होने वाली पारंपरिक कांवर पदयात्रा की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं. इस ऐतिहासिक पदयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है. रविवार को एसडीएम रिया सिंह ने स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. एसडीएम ने नगर प्रशासक को साफ-सफाई, पेयजल, बिजली और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा. यात्रा मार्ग में गड्ढे भरने, बैरिकेडिंग, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन सेवाओं की समीक्षा की गई. महिला श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थल और शौचालय की अलग व्यवस्था के निर्देश भी दिए गए. श्रद्धालु सोमवार तड़के 3 बजे से 777 सीढ़ियाँ चढ़कर ध्वजाधारी पहाड़ी स्थित शिवलिंग पर जल अर्पित करेंगे. 'बोल बम' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय रहेगा.

### झारखंड कैबिनेट ने वर्कर्स कल्याण विधेयक को दी मंजूरी

**हजारीबाग।** झारखंड सरकार ने हाल ही में ₹झारखंड प्लेटफॉर्म-आधारित गिग वर्कर्स (पंजीकरण एवं कल्याण) विधेयक, 2025₹ को राज्य मंत्रिमंडल की मंजूरी दे दी है. इस विधेयक का उद्देश्य राज्य में कार्यरत गिग वर्कर्स को पंजीकरण और कल्याणकारी लाभ प्रदान करना है. हालांकि, इस पर डिजिटल प्लेटफॉर्म आधारित कंपनियों और उद्योग संगठनों की ओर से आपत्ति जताई गई है. नैसकॉम ने सरकार से विधेयक के कुछ प्रावधानों पर पुनर्विचार करने की मांग की है. संगठन का कहना है कि विधेयक के कई प्रावधान, जैसे कि सकल राजस्व के आधार पर कल्याण योगदान की गणना, कल्याण बोर्ड को अत्यधिक शक्तियां देना, और उद्योग प्रतिनिधित्व की अनुपस्थिति, राज्य में प्लेटफॉर्म आधारित कारोबार की स्थिरता और 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' को प्रभावित कर सकते हैं.

## पेज-3 का शेष

### अब आस्ट्रेलिया में करेंगे भारत....

इसमें खिलाड़ी छह लाल या नीले चमड़े के गेंद को एक सफेद लक्ष्य गेंद (जैक) के पास फेंकते हैं। खेल का उद्देश्य अपने गेंद को जैक के सबसे करीब लाना है। यह व्यक्तिगत, जोड़ी या तीन की टीम में खेला जाता है, जिसमें चार (व्यक्तिगत/जोड़ी) या छह (टीम) एंड होते हैं। प्रत्येक एंड में निकटतम बॉल्स के आधार पर अंक दिए जाते हैं। खेल 12.5x6 मीटर के चिकने कोर्ट पर खेला जाता है।

**हिंडाल्को ने बढ़ाया मदद का हाथ :** उन्हें अपने मित्र अजय से बोसिया बॉल के बारे में जानकारी मिली। लेकिन झारखंड में इस खेल का कोई फेडरेशन और सुविधा नहीं होने कारण इसमें भाग लेना एक बड़ी चुनौती थी। ऐसे में प्रतिष्ठित आदित्य बिड़ला समूह की मेटस फ्लैगशिप कंपनी हिंडाल्को ने उनसे संपर्क कर कारपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत उन्हें मदद करने का फैसला किया और पहली उन्हे दक्षिण कोरिया से मंगा कर बोसिया बॉल प्रैक्टिस करने के लिए दी गई, जिसकी कीमत 1.30 लाख रुपये थी।

## न्यूज अपडेट

### रूस के कामचटका के बाद कुरील द्वीप पर भी आया शक्तिशाली भूकंप

**नयी दिल्ली ।** रूस के कामचटका में 8.8 तीव्रता के आए भूकंप के बाद अब कुरील द्वीप समूह पर 7.0 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया. इस भूकंप के बाद रूस के सुदूर पूर्वी क्षेत्र कामचटका के तीन हिस्सों में सुनामी की आशंका जताई गई है. रूस के आपात सेवा मंत्रालय ने इसे लेकर रविवार को चेतावनी जारी की. मंत्रालय ने टेलीग्राम पर जारी संदेश में कहा, उम्मीद है कि लहरों की ऊंचाई कम रहेगी, लेकिन इसके बावजूद आपको तट से दूर जाना चाहिए. अधिकारियों ने लोगों से समुद्री किनारों और निचले क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों की ओर जाने की अपील की है. प्रशांत सुनामी चेतावनी प्रणाली और अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने भी भूकंप की पुष्टि की.

### पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ आईसीटी में मुकदमा शुरू

**ढाका ।** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने रविवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ मानवता के खिलाफ मुकदमा शुरू कर दिया है. यह मुकदमा उनकी गैरमौजूदगी में चल रहा है. मामला 2024 में छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को हिंसक तरीके से दबाने से जुड़ा है. अंतरिम सरकार ने उन पर मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप लगाया है. अंतरिम सरकार की ओर से नियुक्त मुख्य अभियोजक तजुल इस्लाम ने अपनी शुरुआती दलील में शेख हसीना को 'सभी अपराधों की जड़' बताया और उनके लिए अधिकतम सजा की मांग की. अभियोजन पक्ष ने इस मामले में हसीना के दो मुख्य सहयोगियों के नाम भी शामिल किए हैं.

### रेल मंत्री ने भावनगर-अयोध्या ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**गांधीनगर।** गुजरात के भावनगर रेलवे स्टेशन से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को भावनगर से अयोध्या के लिए नई साप्ताहिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री मनसुखभाई मांडविया, केंद्रीय राज्य मंत्री निमुबेन बंबनिया सहित कई विधायकगण और स्थानीय पदाधिकारी उपस्थित रहे. इस अवसर पर रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि देश के पवित्र तीर्थधाम अयोध्या के लिए भावनगर से सीधी ट्रेन सेवा के शुभारंभ से हजारों श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा. रेल मंत्री ने कहा कि भावनगर और आस-पास के क्षेत्रों के लोगों की मांग को पूरा करते हुए भारतीय रेलवे ने भावनगर और अयोध्या के बीच एक नई ट्रेन सेवा शुरू की है.

### समुद्री मछली के उत्पादन में गुजरात देश में दूसरे स्थान पर

**गांधीनगर।** मत्स्य उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने तथा मछुआरों की आजीविका में सुधार के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने देश भर में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना लागू की है. इसके अंतर्गत मत्स्योद्योग के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को केंद्र में रखा गया है. पीएमएमएसवाई के अंतर्गत गुजरात में वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक विभिन्न घटक परियोजनाओं के लिए भारत सरकार की ओर से कुल 897.54 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है. वर्ष 2025-26 के लिए पीएमएमएसवाई के अंतर्गत गुजरात को 50 करोड़ रुपए की ग्रांट आवंटित की गई है. इससे भी राज्य में मत्स्य पालन की गतिविधियों को गति मिल रही है.

### तमिल फिल्मों के लोकप्रिय हास्य अभिनेता माधवन बॉब का निधन

**नई दिल्ली ।** तमिल फिल्मों के लोकप्रिय हास्य कलाकार माधवन बॉब का 71 साल की उम्र में शनिवार देर शाम चेन्नई के अड्यार स्थित आवास पर निधन हो गया. वे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे. माधवन बॉब ने कमल हासन, रजनीकांत, अजित, सूर्या और विजय जैसे सुपरस्टारों के साथ काम किया था और वे अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते थे. उन्होंने करीब 600 फिल्मों में काम किया. तमिल के साथ-साथ कई हिंदी, तेलुगु और मलयालम फिल्मों में भी काम किया. वे सन टीवी के लोकप्रिय कॉमेडी शो असाथा पोवथु यारु में जज की भूमिका में दिखाई दिए थे. उनके निधन पर साथी कलाकार और फैंस सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं.

### कुलगाम में मुठभेड़ के तीसरे दिन भी विस्फोट और गोलीबारी जारी

**कुलगाम ।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के अखल वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और छिपे हुए आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ रविवार को तीसरे दिन भी जारी है. अखल के घने जंगल में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया था. अधिकारियों के मुताबिक मुठभेड़ में अभीतक दो आतंकवादी मारे गए हैं जबकि एक अन्य घायल बताया जा रहा है. एक सैनिक भी घायल हुआ है और उसका इलाज चल रहा है. डीजीपी और 15 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग कड़ी नज़र रख रहे हैं.



**इजराइली सेना का कहर : भूख से संघर्ष के बीच मौत का तांडव**

# आईडीएफ के हमले में मारे गए 20 से अधिक फलस्तीनी

**एजेंसी । दीर अल-बलाह**

गाजा पट्टी में खाने की तलाश में निकले लोगों पर इस्राइली सेना ने कथित तौर पर गोलियां चला दीं. इसमें 23 फलस्तीनियों की मौत हो गई. भीड़ में शामिल लोग भूख से परेशान थे और जैसे ही वे राहत केंद्रों के पास पहुंचे, गोलीबारी शुरू हो गई. अस्पताल के अधिकारियों और चश्मदीदों ने यह जानकारी दी. गाजा में 20 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं और यहां भुखमरी जैसी स्थिति है. विशेषज्ञ पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि इस्राइल की नाकाबंदी और लंबे समय से जारी हमलों के कारण यह इलाका अकाल की कगार पर है.

यूसुफ आबेद भी खाना लेने गए थे, उन्होंने कहा कि वहां अचानक गोलियां चलने लगीं. उन्होंने देखा कि कम से कम तीन लोग जमीन पर खून में लथपथ पड़े हैं. उन्होंने कहा, मैं मदद भी नहीं कर सका, क्योंकि लगातार गोलियां चल रही थीं. दक्षिण गाजा के नासिर अस्पताल ने बताया कि कई राहत केंद्रों के पास से शव लाए गए. इनमें से आठ शव तेइना नाम की जगह से आए, जो खान यूनुस के पास है. खान यूनुस में गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (गाजी ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन) का राहत केंद्र है. यह फाउंडेशन अमेरिका और इस्राइल द्वारा समर्थित है और दो महीने से गाजा में राहत बांट रहा है. अस्पताल ने यह भी बताया कि उसे शाकूश नाम की जगह से एक और शव मिला है. यह रफाह के पास स्थित एक अलग राहत केंद्र से कुछ दूरी पर है. इसके अलावा मोराग नाम की जगह पर भी इस्राइली सैनिकों ने राहत के इंतजार में बैठे लोगों पर गोलियां चलाईं, जिससे नौ और लोगों की मौत हो गई.

तीन चश्मदीदों ने एपी को बताया कि गोलियां राहत केंद्रों की ओर जाते समय चलीं. ये केंद्र ऐसे इलाकों में हैं, जो इस्राइली सैनिकों के नियंत्रण में हैं. उन्होंने कहा कि जब लोग राहत पाने के लिए आगे बढ़े, तो सैनिकों ने गोलीबारी शुरू कर दी. गाजा के उत्तरी हिस्से में भी यही हालात हैं. अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि जीएचएफ के एक और राहत केंद्र के पास भीड़ पर रविवार सुबह गोलीबारी की गई.

एक व्यक्ति हमजा ने बताया, सैनिक लोगों को आगे बढ़ने से रोकना चाह रहे थे. जैसे ही हम बढ़े, उन्होंने गोली चला दी. हम भाग गए, लेकिन कुछ लोग घायल हो गए. औदा अस्पताल ने बताया कि नेटजारिम कॉरिडोर के पास जीएचएफ राहत केंद्र पर 5 लोग मारे गए और 27 घायल हुए. कई चश्मदीदों ने बताया कि हाल के दिनों में भी राहत के लिए गए लोगों पर गोलियां चलाई गई हैं और दर्जनों लोग मारे गए हैं. संयुक्त राष्ट्र ने बताया है कि 27 मई से 31 जुलाई तक जीएचएफ राहत केंद्रों के पास 859 लोग मारे गए और सैकड़ों लोग यूएन राहत ट्रकों के रास्तों पर मारे गए. सात अक्तूबर 2023 को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 60 हजार से ज्यादा फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है. हमास के हमले में 1200 से अधिक इस्राइली और इस्राइली-अमेरिकी मारे गए थे और ढाई से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया गया था. इन बंधकों में से कई लोगों की मौत हो चुकी है.

## ड्रोन खरीद घोटाले पर बिफरे राष्ट्रपति जेलेंस्की

**रूस के साथ युद्ध के बीच भ्रष्टाचार से खफा**

**एजेंसी ।कीव**





यूक्रेन की भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसियों ने एक बड़ा घोटाला पकड़ा है जिसमें सेना के लिए खरीदे जा रहे ड्रोन और अन्य सैन्य उपकरणों की कीमतों को जानबूझकर बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया था. यह खुलासा ऐसे समय हुआ है जब दो दिन पहले ही यूक्रेनी संसद ने इन एजेंसियों की स्वतंत्रता बहाल करने के लिए वोट किया था.

**कैसे पकड़ा गया घोटाला :** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एनएबीयू) और विशेष भ्रष्टाचार निरोधक अभियोजक कार्यालय (एसएपीओ) ने शनिवार को एक साझा बयान में बताया कि सरकारी पैसों से की जा रही सैन्य खरीद में कुछ अधिकारियों ने जानबूझकर महंगे सौदे किए और बदले में मोटा कमीशन लिया. बयान के अनुसार,'इस योजना के तहत सरकार ने कुछ सप्लायर कंपनियों से जानबूझकर महंगे दामों पर डील की और उसमें शामिल लोगों ने कुल सौदे की राशि का लगभग 30% तक रिश्वत के रूप में लिया.'

**कौन-कौन है घोटाले में शामिल :** हालांकि एजेंसियों ने अभी तक नाम नहीं बताए हैं, लेकिन बताया गया है कि इसमें एक सांसद, स्थानीय जिले और शहर के अधिकारी, और नेशनल गार्ड के कुछ जवान शामिल हैं. फिलहाल 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. गृह मंत्रालय ने बताया कि इस मामले में शामिल नेशनल गार्ड कर्मियों को उनके पदों से हटा दिया गया है.

**खैबर पख्तूनख्वा का मामला**

## गोले से खेल रहे थे बच्चे फटने से 5 मरे, 12 घायल

**एजेंसी ।कराची**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मरवात जिले में मोर्टार के गोले के फटने से 5 बच्चों की मौत हो गई. 12 घायल हो गए. बच्चों को यह गोला खेत में मिला था. इसे गेंद समझकर वह सोरबंद स्थित अपने गांव ले आए और खेलने लगे, तभी गोला फट गया. बन्नू क्षेत्र के पुलिस प्रवक्ता आमिर खान ने शनिवार को बताया कि घायलों को बन्नू के खलीफा गुल नवाज अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है. बन्नू क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी (आरपीओ) सज्जाद खान ने कहा कि प्रभावित परिवारों को पूरी सहायता मिलेगी और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी. आरपीओ ने कहा, बम निरोधक दस्ता विस्फोट स्थल पर पहुंचा था. फोरेंसिक साक्ष्य एकत्र किए गए हैं.

**केंद्रीय कृषि मंत्री ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया दौरा, बोले-**

## आंखों में आंसू मत लाना, सरकार बाढ़ के संकट से बाहर निकालेगी

**एजेंसी ।रायसेन**

केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री और क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में सिलवानी तहसील में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बम्होरी, पड़रिया जोड़, बरदहा बम्होरी जोड़, सांईखेड़ा और सिलवानी का भ्रमण किया गया. इस दौरान उन्होंने बाढ़ से फसलों, मकानों आदि को हुई क्षति का जायजा लिया. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने आज सांईखेड़ा में बाढ़ प्रभावित खेतों में पहुंचकर फसलों को हुई क्षति का भी जायजा लिया. उन्होंने सांईखेड़ा और सिलवानी के वार्ड क्रमांक-01 में घरों में जाकर बाढ़ से हुए नुकसान को देखा. उन्होंने बाढ़ प्रभावितों से कहा कि यह दुख, तकलीफ की घड़ी है. माताएं-बहनें, किसान आँखों में आंसू मत लाना, मुसीबत की इस घड़ी से सरकार बाहर निकालेगी. केन्द्र और प्रदेश सरकार बाढ़ प्रभावितों के साथ है उनकी हर संभव मदद करेगी. केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि वह किसान हैं और किसानों के दर्द को भली-भांति जानते हैं. किसानों की सेवा उनके लिए भगवान की पूजा है. बाढ़ से हुई क्षति का सर्वे कर आकलन किया जाएगा और सर्वे पूरा होने पर सूची पंचायत में लगाई जाएगी. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वे कार्य ईमानदारी से किया जाए. मकान गिर गए हैं, क्षतिग्रस्त हो गए हैं, सामान बह गया है या फसल खराब हुई है, जो नुकसान हुआ है वह पूरा लिखें. इसके अलावा आरबीसी 6/4 के तहत भी राहत दिलवाई जाए. साथ ही जिन किसानों ने फसल बीमा कराया है उन्हें फसल बीमा योजना के तहत भी राशि दिलवाई जाएगी.

**पाकिस्तान ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम का किया समर्थन**

## दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर

- ईरान और इस्राइल के बीच बढ़ते तनाव की जड़ हाल ही में यही मुद्दा बना हुआ है.

**एजेंसी ।इस्लामाबाद**



पाकिस्तान ने रविवार को कहा कि वह शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु क्षमता विकसित करने के ईरान के अधिकार का समर्थन करता है. यह बयान ऐसे समय आया है, जब दोनों देशों ने आपसी सहयोग को बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं. ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन शनिवार को इस्लामाबाद पहुंचे. उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से उनके आधिकारिक निवास पर मुलाकात की.

दोनों नेताओं की बैठक के बाद एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा कि ईरान को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा के इस्तेमाल का अधिकार है. यही मुद्दा हाल ही में ईरान और इस्राइल के बीच बढ़ते तनाव की जड़ बना हुआ है. प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा, पाकिस्तान शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा हासिल करने के ईरान के अधिकार के साथ खड़ा है.

शरीफ का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ा हुआ है. अमेरिका ने पाकिस्तान को प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा दे रखा है और वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर आपत्ति जता रहा है. जून महीने में इस्राइल और अमेरिका ने मिलकर ईरान के कुछ अहम परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले किए थे. इसके बाद ईरान ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ अपना सहयोग रोक दिया था.

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रधानमंत्री शरीफ ने ईरान के खिलाफ इस्राइली हमलों की निंदा की और कहा कि ईरान को आत्मरक्षा का पूरा अधिकार है. उन्होंने गाजा में इस्राइल की कार्रवाइयों की भी आलोचना की और अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से मुस्लिम देशों से अपील की कि वे वहां हो रहे मानवाधिकार उल्लंघनों पर ध्यान दें.

### तूफान फ्लोरिस को लेकर ब्रिटेन में मौसम विभाग की चेतावनी जारी

**लंदन ।** यूनाइटेड किंगडम में सोमवार को आने वाले तूफान फ्लोरिस (स्टॉर्म फ्लोरिस) को लेकर मौसम विभाग ने गंभीर चेतावनी जारी की है. स्कॉटलैंड के लिए 'येलो' चेतावनी को बढ़ाकर 'एम्बर' अलर्ट में बदल दिया गया है. मौसम विभाग ने चेताया है कि यह तूफान जान और माल के लिए खतरा पैदा कर सकता है. तूफान फ्लोरिस के सोमवार सुबह यूके के तटीय इलाकों से टकराने की आशंका है. मौसम विभाग के अनुसार, समुद्री लहरों और समुद्र तटों से उड़ते मलबे के कारण चोटें लगने और जान को खतरा होने की आशंका है.

### मिजोरम में 350 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त, ट्रक से हेरोइन का जखीरा बरामद

**एजेंसी । आइजोल**

मिजोरम की राजधानी आइजोल में ड्रग्स की अब तक की सबसे बड़ी जब्ती में से एक को अंजाम दिया गया है. पुलिस ने 350 करोड़ रुपये मूल्य की क्रिस्टल मेथामफेटामाइन और हेरोइन बरामद की है. इस ऑपरेशन में एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया गया है. यह कार्रवाई राज्य में चल रहे ड्रग्स नेटवर्क के खिलाफ बड़ा झटका मानी जा रही है. जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आइजोल के नजदीक एक सटीक अभियान चलाया. इस ऑपरेशन को आपराधिक जांच विभाग और आइजोल स्थित विशेष नारकोटिक पुलिस थाने की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया. अभियान के दौरान जेमाबाक और सेलिंग इलाकों के बीच से गुजर रहे एक पिकअप ट्रक को रोका गया. उस ट्रक में मिथुन नामक शख्स सवार था. ट्रक की तलाशी के दौरान एक छिपे हुए डिब्बे से पुलिस को 20.304 किलो क्रिस्टल मेथामफेटामाइन मिली.

### एनसीबी ने 20 करोड़ की ट्रामाडोल टैबलेट्स पकड़ी

**देहरादून ।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) देहरादून ने एक बड़े अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में फैली अवैध दवा तस्करी के नेटवर्क का खुलासा किया है. कार्रवाई में 5 लाख से अधिक ट्रामाडोल टैबलेट्स और 24 हजार अल्प्राजोलम टैबलेट्स बरामद की गईं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 20 करोड़ बताई गई है. जांच में खुलासा हुआ कि मुज़फ्फरनगर और बरेली में बनाई गईं दो फर्जी होलसेल फर्मों में अवैध सप्लाई के मकसद से खोली गई थीं. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

**भगवान से मिलने की चाह में 5वीं मंजिल से कूदी महिला**

## सुसाइड नोट में लिखी 'आत्मबलिदान' की बात

**एजेंसी ।हैदराबाद**



हैदराबाद के हिमायतनगर क्षेत्र से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है. यहां 43 वर्षीय महिला पूजा जैन ने इमारत की पांचवीं मंज़िल से कूदकर आत्महत्या कर ली. यह घटना उस समय हुई जब उनके पति अरुण कुमार जैन अपने ऑफिस गए हुए थे. बताया जा रहा है कि पूजा जैन पिछले कुछ दिनों से अत्यधिक धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति में लिप्त थीं. घटना के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो उन्हें एक सुसाइड नोट बरामद हुआ जिसमें पूजा ने लिखा कि वह ईश्वर से मिलने के लिए आत्मबलिदान कर रही हैं. सुसाइड नोट में उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कदम उन्होंने पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ उठाया है ताकि वे प्रभु के समीप पहुंच सकें.

पड़ोसियों के अनुसार, पूजा हाल के दिनों में ध्यान, पूजा-पाठ और धार्मिक ग्रंथों में अत्यधिक रुचि लेने लगी थीं. वह अक्सर कहती थीं कि उन्हें अब सांसारिक जीवन से मुक्ति चाहिए और प्रभु की शरण में जाना है. वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है. फिलहाल किसी तरह की साजिश या मानसिक बीमारी की आशंका नहीं जताई गई है, लेकिन पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है.

**आफत : हिमाचल प्रदेश के ऊना, बिलासपुर और हमीरपुर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट**

## 296 सड़कें और एक नेशनल हाईवे बंद, 1649 घरों को नुकसान

**एजेंसी ।शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मॉनसून का असर बना हुआ है और अगले दो दिन प्रदेश के कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है. मौसम विभाग ने 4 अगस्त को ऊना, बिलासपुर और हमीरपुर जिलों के लिए विशेष रूप से ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जहां बहुत भारी बारिश हो सकती है. वहीं कांगड़ा, मंडी, सोलन और सिरमौर जिलों में 4 अगस्त को भारी बारिश का येलो अलर्ट रहेगा. 5 अगस्त को ऊना, बिलासपुर, कांगड़ा और सिरमौर जिलों में फिर से भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट रहेगा, जबकि हमीरपुर, मंडी, शिमला और सोलन जिलों में येलो अलर्ट रहेगा. 6 अगस्त को कांगड़ा और मंडी में येलो अलर्ट रहेगा और 7 से 9 अगस्त तक मौसम खराब रहने की संभावना है, लेकिन कोई विशेष चेतावनी जारी नहीं की गई है.

**भारी बारिश से 296 सड़कें और एक नेशनल हाईवे बंद :** लगातार हो रही बारिश और भूस्खलन से प्रदेश में अब तक एक नेशनल हाईवे और 296 सड़कें यातायात के लिए बंद हो गई हैं. लाहौल-स्पीति में ग्रामफू–बताल जाने वाला एनएच-505 चातरु के पास बंद है. मंडी में सबसे ज्यादा 164 सड़कें, कुल्लू में 67, कांगड़ा में 25 और चम्बा में 21 सड़कें बंद पड़ी हैं.



### अब तक मानसून में 184 मौतें और 36 लापता

20 जून से शुरू हुए मानसून सीजन में अब तक 184 लोगों की मौत हो चुकी है, 292 लोग घायल और 36 लोग लापता हैं. मंडी में सबसे ज्यादा 37, कांगड़ा में 30, कुल्लू में 18, चम्बा और शिमला में 17–17, सोलन में 12, हमीरपुर, किन्नौर व ऊना में 11–11, बिलासपुर में 8, लाहौल–स्पीति में 6 और सिरमौर में 5 मौतें हुई हैं. प्रदेश में अब तक 28 बादल फटने, 53 फ्लैश फ्लड और 47 भूस्खलन की घटनाएं हो चुकी हैं. मंडी में सबसे ज्यादा 16 बादल फटने, 12 भूस्खलन और 11 फ्लैश फ्लड के मामले सामने आए हैं.

**1649 घरों को नुकसान, 1714 करोड़ की चपत :** अब तक प्रदेश में 1649 घरों को नुकसान पहुंचा है, जिनमें 457 घर पूरी तरह ढह गए हैं. मंडी में सबसे ज्यादा 1089 घर प्रभावित हुए और 391 घर पूरी तरह तबाह हो चुके हैं. इसके अलावा 296 दुकानें और 1483 पशुशालाएं भी प्रभावित हुई हैं. भारी बारिश में 1536 पशुओं और 21520 पोल्ट्री पक्षियों की मौत हुई है. प्रदेश को अब तक 1714 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है. इसमें सबसे ज्यादा नुकसान लोक निर्माण विभाग को 888 करोड़ और जल शक्ति विभाग को 580 करोड़ रुपये का हुआ है.

**शिमला में भूस्खलन से कार खाई में गिरी, एक की मौत :** जिला शिमला के सुन्नी थाना क्षेत्र में रविवार को भूस्खलन के चलते एक कार खाई में गिर गई. हादसा गलू दाड़गी नामक जगह पर हुआ, जिसमें सुन्नी निवासी लेखराज नामक व्यक्ति की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए. कार मांदरी से चनावग की ओर जा रही थी तभी भूस्खलन के कारण चट्टानें कार पर गिर गईं.

**वाराणसी : खतरे के निशान से ऊपर गंगा**

## तटवर्ती क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त

- मणिकर्णिका घाट पर गंगा में सतुआ बाबा आश्रम के गेट के पास तक चल रही नाव, शवों के अंतिम संस्कार के लिए घंटों इंतजार

**एजेंसी ।वाराणसी**



उत्तर प्रदेश के वाराणसी में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है और शनिवार देर शाम से यह खतरे के निशान 71.262 मीटर को पार कर चुका है. रविवार सुबह 08 बजे गंगा का जलस्तर 71.56 मीटर रिकॉर्ड किया गया, जो खतरे के निशान से काफी ऊपर है. केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, जलस्तर में औसतन तीन सेंटीमीटर प्रति घंटे की दर से वृद्धि हो रही है. बीते 24 घंटे में जलस्तर में 69 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है. गंगा के उफान के चलते सहायक नदी वरुणा भी रौद्र रूप में आ गई है, जिससे वाराणसी के तटवर्ती इलाकों में भारी जलभराव हो गया है. कई मोहल्लों और गांवों में कमर तक पानी भर गया है, जिससे जनजीवन ठहर-सा गया है. प्रभावित इलाकों के लोग अपना घर छोड़ने को मजबूर हैं और पलायन कर रहे हैं.


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.